सूर्योदय 7:07 सूर्यास्त 5:27

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 10.9 न्यू | 21.0 अधि |
| धर्मशाला | 4.0 न्यू | 24.6 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81748.57 |
| निफ्टी | 24668.25 |
| सोना 77,890 | चांदी 94,018 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in



ईशा गुहा ने जसप्रीत बुमराह से माफी मांगी

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | मंगलवार, 17 दिसंबर 2024 | 3 पौष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 361, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### सत्येंद्र की याचिका पर बांसुरी स्वराज को नोटिस



**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की याचिका पर दिल्ली कोर्ट ने भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज को नोटिस जारी किया है। सत्येंद्र के खिलाफ आपराधिक मानहानि की शिकायत का मामला दर्ज है। राउज ऐवन्यू कोर्ट ने बांसुरी स्वराज को नोटिस भेजा है। अब कोर्ट में मामले की अगली सुनवाई 20 दिसंबर को होगी।

### सुरक्षा वाहनों के पंजीकरण की अवधि बढ़ाने की अनुमति

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को विशेष सुरक्षा समूह (एसपीजी) से संबंधित तीन विशेष बख्तरबंद डीजल वाहनों की पंजीकरण अवधि पांच वर्ष के लिए बढ़ा दी। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति मनमोहन की पीठ एसपीजी की याचिका पर की। इसमें एनजीटी के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें एक दशक से अधिक पुराने उसके वाहनों के पंजीकरण की अवधि बढ़ाने से इनकार कर दिया गया था।

### डिजिटल अरेस्ट ठगी मामले में राजस्थान से तीन काबू

**सोलन।** सोलन पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट कर 18.65 लाख ठगने के तीन आरोपियों को राजस्थान से गिरफ्तार किया है। एसपी गौरव सिंह ने बताया कि इन आरोपियों के बैंक खातों के विश्लेषण पर पाया गया है कि इनके खातों में ठगी के करीब 40 लाख रुपए ट्रांसफर हुए, जो यह पैसे निकाल कर इस्तेमाल कर लेते थे। मुंबई हाल रिहायश सेक्टर-3 परवाणू तहसील, कसौली ने पुलिस थाना परवाणू में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 7 अक्तूबर को उन्हें अजीत राव नामक व्यक्ति ने फोन कर बताया था कि उनके आधार कार्ड का उपयोग चीन को पार्सल भेजने के लिए किया गया है, जिसमें अवैध ड्रग्स व कुछ अन्य संदिग्ध सामान शामिल है और उपरोक्त पार्सल अब कस्टम विभाग की कस्टडी में है। शिकायतकर्ता की विनय कुमार नामक फर्जी सीबीआई अधिकारी से काल ट्रांसफर करके बात करवाई। इसके बाद शिकायतकर्ता घबरा गया और उसने उक्त राशि ट्रांसफर कर दी।

### लोकसभा के बाद राज्यसभा में संविधान पर जोरदार बहस, आरोपों की लगी बौछार

# नेहरू ने स्वार्थ के लिए किया संविधान संशोधन : सीतारमण

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राज्यसभा में सोमवार को संविधान पर चर्चा के दौरान केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि नेहरू ने अपने स्वार्थ के लिए संविधान संशोधन किया। ये सत्ता में बैठे लोगों की रक्षा के लिए किया गया था। अभिव्यक्ति की आजादी से लेकर शाह बानो प्रकरण और आपातकाल से जुड़े विभिन्न संविधान संशोधनों का उल्लेख करते हुए कांग्रेस पर 'एक परिवार के हित' में संविधान में संशोधन करते रहने का आरोप लगाया।

कांग्रेस पार्टी परिवार और वंशवाद की मदद करने के लिए बेशर्मी से संविधान में संशोधन करती रही। कांग्रेस की तत्कालीन सरकारों ने न तो प्रक्रिया का पालन किया और न ही संविधान की भावना का कोई सम्मान किया। उन्होंने सहयोगी दलों के दबाव में महिला आरक्षण विधेयक पारित नहीं करने के लिए कांग्रेस को 'महिला विरोधी' भी करार दिया। 50 साल तक पिछली कांग्रेस सरकारों की आर्थिक नीतियों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत नहीं किया।



**भाषण की 3 बातें**

- कांग्रेस जीएसटी को 'गब्बर सिंह टैक्स' कहती है। धनखड़ ने कहा कि 'क्या होगा अगर कोई गब्बर सिंह आकर कहे कि मुझे बदनाम किया गया है।'
- कांग्रेस ने दशकों तक पुराने संसद भवन के मध्य में बाबा साहेब अंबेडकर की तस्वीर नहीं लगने दी, उन्हें भारत रत्न से वंचित रखा गया।
- मजरूह सुल्तानपुरी और बलराज साहनी दोनों को 1949 में जेल भेजा गया था, क्योंकि इन लोगों ने नेहरू के खिलाफ कविता सुनाई थी।

## नेहरू के पत्र को तोड़-मरोड़ कर किया पेश, माफी मांगें : खड़गे



**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की ओर से राज्यों को लिखे गए पत्र को तोड़-मरोड़ कर पेश करके देश की जनता को गुमराह करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी माफी मांगें। पीएम मोदी वर्तमान में नहीं, अतीत में जीते हैं।

बेहतर होता कि वह लोकतंत्र को मजबूत करने वाली वर्तमान उपलब्धियों को सूचीबद्ध करते। उनकी सरकार ने पिछले 11 साल में ऐसा कौन सा काम किया है जिससे हमारा लोकतंत्र और संविधान मजबूत हुआ है। जो लोग तिरंगे, अशोक चक्र और संविधान से नफरत करते थे, वे आज शिक्षा दे रहे हैं। जब संविधान बना, तो इन लोगों ने इसे जला दिया था। जिस दिन संविधान अपनाया गया था, इन्होंने रामलीला मैदान दिल्ली में बाबासाहेब अंबेडकर, जवाहरलाल नेहरू, महात्मा गांधी के पुतले जलाए थे। आरएसएस के नेता संविधान का विरोध इसलिए करते हैं, क्योंकि यह मनुस्मृति पर आधारित नहीं है। खड़गे ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जेएनयू से ग्रेजुएट हैं। मैंने म्यूनिसिपल स्कूल से पढ़ाई की है, लेकिन संविधान हमने भी थोड़ा-बहुत पढ़ा है। निर्मला की अंग्रेजी और हिंदी अच्छी होगी, लेकिन उनके कर्म अच्छे नहीं हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने पूछा, मस्जिद के अंदर 'जय श्रीराम' का नारा लगाना अपराध कैसे?

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर की थी याचिका**

**सुप्रीम** कोर्ट ने सोमवार को एक मामले की सुनवाई करते हुए याचिकाकर्ता से पूछा कि 'जय श्रीराम' का नारा लगाना कैसे अपराध है। सुप्रीम कोर्ट में कर्नाटक हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती देते हुए याचिका दाखिल की गई थी, जिसमें मस्जिद के अंदर कथित तौर पर 'जय श्रीराम' का नारा लगाने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ कार्यवाही 13 सितंबर को रद्द करने का आदेश दिया गया था।

शिकायतकर्ता हैदर अली सीएम की ओर से दायर याचिका पर पीठ ने पूछा कि वह एक विशेष धार्मिक नारा लगा रहे थे या नाम ले रहे थे। यह अपराध कैसे है? शीर्ष न्यायालय ने शिकायतकर्ता से यह भी पूछा कि मस्जिद के अंदर आकर कथित तौर पर नारे लगाने वाले व्यक्तियों की पहचान कैसे की गई। पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता देवदत्त कामत से पूछा कि आप इन प्रतिवादियों की पहचान कैसे करते हैं? आप कहते हैं कि वे सभी सीसीटीवी की निगरानी में हैं। अंदर आने वाले व्यक्तियों की पहचान किसने की? कामत ने कहा कि हाईकोर्ट ने कार्यवाही रद्द कर दी, जबकि मामले में जांच पूरी नहीं हुई थी। कामत ने कहा कि राज्य पुलिस को इसका स्पष्टीकरण देना होगा।

### जनवरी में होगी अगली सुनवाई

**सुप्रीम** कोर्ट ने याचिकाकर्ता से राज्य को याचिका की एक प्रति देने को कहा और मामले को जनवरी 2025 में सूचीबद्ध किया। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा था कि यह समझ से परे है कि अगर कोई जय श्रीराम चिल्लाता है तो इससे किसी वर्ग की धार्मिक भावना कैसे आहत होगी। इससे पहले, इस तथ्य पर गौर करते हुए कि कथित घटना से सार्वजनिक उपद्रव या किसी तरह की दरार पैदा होने का कोई आरोप नहीं है।

### मादक द्रव्यों के सेवन से पीड़ित युवाओं को पुनर्वास की जरूरत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को देश में अवैध मादक पदार्थ व्यापार पर चिंता व्यक्त की और कहा कि इससे प्रभावित युवाओं को बुरा-भला कहने की बजाए उनके पुनर्वास की जरूरत है। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि नशीली दवाओं के इस्तेमाल को लांछन के तौर पर नहीं देखना चाहिए, बल्कि इस मुद्दे से निपटने के लिए खुली चर्चा की आवश्यकता है। पीठ ने कहा कि भारत में मादक द्रव्यों के सेवन के बारे में हमारी चिंताएं हैं। इससे होने वाले मुनाफे का इस्तेमाल आतंकवाद को समर्थन देने और हिंसा को बढ़ावा देने के लिए किया जा रहा है। शैक्षणिक दबाव और पारिवारिक अशांति भी इसे बढ़ावा दे रही है, जिससे दीर्घकालिक सामाजिक और आर्थिक अस्थिरता पैदा हो रही है। साथियों का दबाव, पढ़ाई का तनाव और नशीली दवाओं की आसान उपलब्धता इसके इस्तेमाल के लिए प्रेरक बनती है। किशोर भी इसका इस्तेमाल मानसिक, भावनात्मक सुकून पाने के लिए करते हैं। पीठ ने कहा कि युवाओं को उन लोगों का अनुसरण नहीं करना चाहिए, जो नशीली दवाओं का सेवन करते हैं। नशीली दवाओं के सेवन के शिकार केवल वंचित वर्ग तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि आर्थिक रूप से पिछड़े लोग भी इसके शिकार हैं। हमें उन लोगों को बुरा-भला नहीं कहना चाहिए, जिन्होंने इसका सेवन किया है, बल्कि ऐसे लोगों का पुनर्वास करवाना चाहिए और उन्हें रचनाशील नागरिक बनाना चाहिए।

## जवाली के बनोली में व्यक्ति की तेजधार हथियार से हत्या

**अनिल छांगू, जवाली**

- नुआले में भजन गा रहे रशपाल पर किया हमला
- पुलिस ने आरोपी करनैल को किया गिरफ्तार

**पुलिस** थाना जवाली के अधीन पंचायत बनोली में नुआले में भजन गा रहे एक व्यक्ति की तेजधार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी करनैल सिंह उर्फ शुनका को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक की पहचान रछपाल सिंह (44) पुत्र मुंशी राम के रूप में हुई है। वहीं, मृतक के परिजनों ने पंचायत प्रधान शोभा देवी के साथ पुलिस थाना जवाली में पहुंचकर रोष प्रकट किया।

मृतक की पत्नी आशा देवी, बहन निर्मला देवी, भाई अमर सिंह ने कहा कि रशपाल सिंह अपने गांव में ही नुआले में गया था और वहां उसकी हत्या कर दी गई। आरोप लगाया कि पुलिस ने पंचायत प्रधान सहित परिजनों को इसकी सूचना नहीं दी। परिजनों ने कहा कि जब तक हमें इंसाफ नहीं मिलता है, तब तक हम थाना में ही धरने पर बैठे रहेंगे। एसपी नूरपुर अशोक रतन ने बताया कि पुलिस ने आरोपी करनैल सिंह के खिलाफ केस दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया है। आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। (अनंत ज्ञान)

## रजिस्ट्रार के इस्तीफे का ड्रामा खत्म

### एनआईटी के बीओजी का यू-टर्न, इस्तीफा किया अस्वीकार

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



**राष्ट्रीय** प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) में रजिस्ट्रार के इस्तीफे का 'ड्रामा' खत्म हो गया। बोर्ड ऑफ गवर्नर्स (बीओजी) ने एनआईटी की रजिस्ट्रार डॉ. अर्चना ननोती के इस्तीफे पर यू-टर्न लेते हुए इस्तीफे को अस्वीकार कर दिया है। बीओजी आम सहमति से यह फैसला लिया गया।

डॉ. ननोती के नेतृत्व में एनआईटी ने कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। जुलाई-अगस्त 2023 में 129 फैकल्टी सदस्यों और 55 गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों की सफल भर्ती की गई। यह ड्रामा कई सवाल छोड़ गया है। तीन दिन के भीतर ही ऐसा क्या हो गया कि बोर्ड ऑफ गवर्नर्स ने इस्तीफे को नामंजूर कर दिया। संस्थान के डायरेक्टर व बीओजी के अध्यक्ष का कहना है कि आर्किटेक्चर विभाग के लिए सीओए स्वीकृति, जो 2018 से लंबित थी, प्राप्त की गई। संस्थान की एनआईआरएफ रैकिंग में सुधार हुआ, जो 128 से बढ़कर 101-110 श्रेणी में आ गई और छात्रों का प्लेसमेंट 80 फीसदी से ज्यादा हुआ। डॉ. ननोती की प्रशासनिक दक्षता के कारण सीएजी ऑडिट टिप्पणियों को हटाया गया है। आयकर संबंधित मुद्दों को सुलझाया गया। अदालत एवं मध्यस्थता के मामलों का कुशल प्रबंधन किया गया। जीईएम के माध्यम से खरीद प्रक्रियाओं को सुधारा गया और ओएच 35 और ओएच 36 के तहत निधियों का सर्वोत्तम उपयोग सुनिश्चित किया गया। डायरेक्टर डॉक्टर हीरालाल सूर्यवंशी का कहना है कि इस्तीफा अस्वीकार कर दिया है। उनका बेहतर योगदान संस्थान के लिए रहा है, इसलिए उनकी सेवाएं अभी जारी रहेंगी। (अनंत ज्ञान)

## शंभू बॉर्डर पर आंदोलन, हरियाणा में किसानों ने निकाला ट्रैक्टर मार्च



**एजेंसी, चंडीगढ़**

**शंभू**-खनौरी बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसानों के समर्थन में सोमवार को हरियाणा में ट्रैक्टर मार्च निकाला गया। हिसार, सोनीपत, चरखी दादरी, सिरसा, फतेहाबाद, कैथल और अंबाला में किसानों ने ट्रैक्टर मार्च निकाल प्रदर्शन किया। हांसी में किसान ट्रैक्टर पर रामायण टोल से मिनी सचिवालय तक गए। वहीं, सोनीपत के खरखौदा में रोहणा बाइपास चौक से मार्च निकाला गया। पंजाब में मार्च निकालने का ऐलान नहीं हुआ था। यहां 18 दिसंबर को रेल रोको आंदोलन किया जाएगा। रेल रोको आंदोलन पर परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि किसानों को ट्रेनें नहीं रोकनी चाहिएं। इससे आम लोगों को ही परेशानी होती है।

**अनंत ज्ञान**

**अनुभवी स्टाफ चाहिए**

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

**संपादकीय विभाग**

उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। डेस्क पर अनुभवी सब एडिटर चाहिए।

**मार्केटिंग विभाग**

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- बिजली बोर्ड मुख्यालय के बाहर धरने पर बैठे कर्मचारी -पेज 2
- हिमाचल भवन नीलामी मामला : सरकार को नहीं मिली हाईकोर्ट से राहत -पेज 3
- पौंटा पंचायत में उपप्रधान सहित वार्ड मेंबर्स ने दिया सामूहिक इस्तीफा -पेज 9
- अडानी को मिले बिजली ठेके के खिलाफ याचिका खारिज -पेज 13
- वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज जीतने उतरेगी भारतीय महिला टीम -पेज 14

## तबला वादक जाकिर हुसैन का निधन

### अमेरिका के अस्पताल में ली अंतिम सांस, दो सप्ताह से थे भर्ती

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**प्रसिद्ध** तबला वादक जाकिर हुसैन का अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को के एक अस्पताल में रविवार देर रात को निधन हो गया। हुसैन के परिवार ने सोमवार सुबह यह जानकारी दी। हुसैन की मृत्यु फेफड़े संबंधी समस्या 'इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस' से उत्पन्न जटिलताओं के कारण हुई। वह 73 वर्ष के थे।

हुसैन पिछले दो सप्ताह से अस्पताल में भर्ती थे। उनकी हालत बिगड़ने के बाद उन्हें आईसीयू में रखा गया था। हुसैन की बहन खुर्शीद औलिया ने कहा कि वेंटिलेशन मशीन बंद किए जाने के बाद उन्होंने सुकून के साथ अंतिम सांस ली। सैन फ्रांसिस्को के समय के अनुसार, तब शाम के चार बजे थे। तबला वादक उस्ताद अल्ला रक्खा के पुत्र जाकिर हुसैन का जन्म 9 मार्च 1951 को हुआ था। उन्हें उनकी पीढ़ी के सबसे महान तबला वादकों में से एक माना जाता है। परिवार ने कहा कि वह दुनियाभर के अनगिनत संगीत प्रेमियों की ओर से संजोई गई एक असाधारण विरासत छोड़ गए हैं, जिसका प्रभाव आने वाली पीढ़ियों तक बना रहेगा।

### पीएम मोदी ने हुसैन के निधन पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने प्रसिद्ध तबला वादक जाकिर हुसैन के निधन पर शोक जताया और कहा कि उन्हें एक ऐसे सच्चे उस्ताद के रूप में याद किया जाएगा, जिन्होंने भारतीय शास्त्रीय संगीत की दुनिया में क्रांति ला दी। पीएम ने 'एक्स' पर कहा कि 'महान तबला वादक उस्ताद जाकिर हुसैन जी के निधन से गहरा दुख हुआ।

## जिला स्तर पर बनेंगे मॉडर्न कोल्ड स्टोर : सुक्खू

### समीक्षा बैठक में बागवानी उत्पादों के लिए बेहतर भंडारण व विपणन की व्यवस्था पर दिया बल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में सोमवार को बागवानी विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक की। बागवानी उत्पादों के लिए बेहतर भंडारण व विपणन की व्यवस्था विकसित करने पर बल दिया।

सीएम ने कहा कि किसानों और बागवानों को उत्पादों के उचित दाम सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा जिला स्तर पर आधुनिक कोल्ड स्टोर विकसित करने व ऊना जिले में आलू की प्रसंस्करण यूनिट स्थापित करने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। इससे किसानों की आर्थिकी सशक्त होगी और स्वरोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे।



बागवानी विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते सीएम सुक्खू।

सुक्खू ने निर्देश दिए कि मंडी मध्यस्थता के तहत किसानों-बागवानों को लाभान्वित करने के लिए डीबीटी को सशक्त करने पर विशेष अधिमान दिया जाए। प्रदेश सरकार सेब बागवानी के कायाकल्प के लिए लगभग 500 करोड़ रुपए की समर्पित परियोजना तैयार करने पर विचार कर रही है। इसकी अवधि पांच वर्ष होगी।

### पौधरोपण को दिया जाएगा बढ़ावा

**सीएम** ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि उच्च घनत्व पौधरोपण को बढ़ावा देकर बागवानों की आय में बढ़ोतरी की जा सके। इससे प्रदेश में ग्रामीण आर्थिकी सशक्त होगी। वित्त वर्ष के दौरान बागवानी विकास योजना के तहत पावर टिल्लर और पावर स्प्रेयर पर 12.84 करोड़ खर्च किए गए, जिससे 4244 बागवान लाभान्वित हुए हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में अब तक 9 करोड़ रुपए व्यय कर 3156 बागवानों को लाभान्वित किया गया है।

**भारत दौरा** श्रीलंका राष्ट्रपति दिसानायके ने की पीएम मोदी से मुलाकात, अहम मुद्दों पर हुई बातचीत

# भारत-श्रीलंका के बीच रक्षा, ऊर्जा संबंध होंगे मजबूत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** और श्रीलंका ने अपनी साझेदारी को विस्तार देने के लिए सोमवार को भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण अपनाते हुए रक्षा सहयोग समझौता को जल्द अंतिम रूप देने का संकल्प लिया और बिजली ग्रिड कनेक्टिविटी एवं बहु-उत्पाद पेट्रोलियम पाइपलाइन स्थापित करके ऊर्जा संबंधों को मजबूत करने का निर्णय लिया।

यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके के बीच हुई व्यापक वार्ता के दौरान लिए गए। श्रीलंका के राष्ट्रपति भारत दौर पर आए हैं।



### हम अपनी भूमि का उपयोग भारत के खिलाफ नहीं होने देंगे : दिसानायके

**श्रीलंका** के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने पीएम मोदी प्रधानमंत्री को आश्वासन दिया है कि हम अपनी भूमि का उपयोग किसी भी तरह से भारत के हित के लिए हानिकारक नहीं होने देंगे। भारत के साथ सहयोग निश्चित रूप से फलेगा-फूलेगा और मैं आश्वस्त करना चाहता हूं भारत के लिए हमारा समर्थन जारी रहेगा।

### मछुआरों के विवादित मुद्दे पर चर्चा

**मोदी** ने कहा कि हमने मछुआरों की आजीविका से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की। हम इस बात पर सहमत हैं कि हमें इस मामले में मानवीय दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। उन्होंने तमिल मुद्दे का जिक्र करते हुए कहा कि भारत को उम्मीद है कि श्रीलंका सरकार समुदाय की आकांक्षाओं को पूरा करेगी। भारत ने श्रीलंका को अब तक पांच अरब अमेरिकी डॉलर की ऋण सुविधा एवं सहायता प्रदान की है।

### हाइड्रोग्राफी पर सहयोग के लिए हुआ समझौता

**प्रधानमंत्री** मोदी ने कहा कि दोनों पक्षों ने आर्थिक साझेदारी के लिए निवेश आधारित विकास और संपर्क सुविधा पर जोर देने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि हमने तय किया है कि भौतिक, डिजिटल, ऊर्जा संपर्क हमारे सहयोग के प्रमुख स्तंभ होंगे। दोनों देशों के बीच बिजली ग्रिड कनेक्टिविटी एवं बहु-उत्पाद पेट्रोलियम पाइपलाइन स्थापित करने के लिए काम किया जाएगा और श्रीलंका के बिजली संयंत्रों के लिए द्रवीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति की जाएगी। मोदी ने घोषणा की कि दोनों देशों के बीच संपर्क सुविधा बेहतर करने के लिए रामेश्वरम और तलाईमनार के बीच नौका सेवा शुरू की जाएगी। वहीं, 'हाइड्रोग्राफी' (जल विज्ञान) पर सहयोग के लिए भी समझौता हुआ है।

# टाइमिंग को लेकर भिड़े निजी व सरकारी बस के ड्राइवर-कंडक्टर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**एचआरटीसी चालक ने बनाया वीडियो, कार्रवाई की उठाई मांग**

**राजधानी** शिमला में एक निजी बस के चालक और परिचालक की ओर से टाइमिंग को लेकर एचआरटीसी चालक व परिचालक के साथ गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है।

यह घटना सोमवार सुबह 10:35 बजे लक्कड़ बाजार में हुई, जब दोनों प्राइवेट बस ऑपरेटरों ने एचआरटीसी चालक को अपशब्द कहे और जान से मारने की धमकी दी। इस घटना का वीडियो बनाते हुए एचआरटीसी चालक ने प्रशासन और सरकार से मांग की है कि वीडियो में दिख रहे प्राइवेट बस चालक और परिचालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और उन्हें गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए।

### मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का लगाया आरोप

**परिवहन** विभाग के कर्मचारियों का आरोप है कि प्राइवेट बस ऑपरेटरों की ओर से उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है, जबकि विभाग के उच्च अधिकारी और सरकार इस पर चुप्पी साधे हुए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### पुजारली के प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री से की मुलाकात



**दशमी रावत, रोहड़ू।** नावर क्षेत्र की ग्राम पंचायत पुजारली नम्बर-4 के पंचायत वासियों ने सचिवालय में हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से मुलाक़ात की। पंचायत वासियों ने हाल ही में टिलूधार से बान मंदिर सड़क सम्पर्क मार्ग की सफल पासिंग करवाने के लिए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का आभार व्यक्त किया है।

### आपदा से निपटने के बताए जाएंगे गुर

**भरत ठाकुर, कोटखाई।** कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आपदा के समय ग्रामीण स्तर पर मिलने वाली सहायता का प्रशिक्षण देना रहा विभिन्न विभागों के द्वारा टास्क फोर्स को विभिन्न विभागों के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पहले दिन अग्निशमन विभाग और होमगार्ड विभाग द्वारा आपदा से निपटने के प्रयासों के विषय में जानकारी दी जाएगी। इस दौरान 16 दिसंबर से यह तीन दिवसीय कार्यक्रम कोटखाई खंड के अंतर्गत बाग डोमेहर, पांदली, दरकोटी, ग्रावग,महासू, प्रेमनगर पंचायत के लिए रखा गया है



### रक्तदान शिविर में 25 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित



**अनंत ज्ञान, शिमला।** रिज मैदान पर चौपाल युवा छात्र संगठन द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 25 यूनिट ब्लड एकत्रित हुआ। इस दौरान आईजीएमसी ब्लड बैंक से डॉक्टरों की टीम ने लोगों की चैकअप किया। ब्लड डोनेशन कैंप में बतौर मुख्यातिथि नगर निगम के मेयर सुरेंद्र चौहान और एपीएमसी के अध्यक्ष देवानंद मौजूद रहे। चीफ गेस्ट ने छात्र संगठन द्वारा आयोजित किए गए इस शिविर की प्रशंसा की। मेयर सुरेंद्र चौहान ने कहा कि जो पहल किसी के चेहरे पर मुस्कान लाए और किसी की जिंदगी को बचा पाए उससे अच्छा काम नहीं हो सकता। इससे बढ़कर ओर कोई समाज सेवा नहीं हो सकती है।

### जिला परिषद की साधारण बैठक 21 को

**अनंत ज्ञान, शिमला।** जिला परिषद शिमला की साधारण बैठक 21 दिसंबर 2024 को प्रातः 11 बजे बचत भवन उपायुक्त कार्यालय शिमला में आयोजित की जाएगी। जिला परिषद शिमला सचिव ने कहा कि इस बैठक में गत बैठक की कार्यवाही की अभिपुष्टि और गत बैठक के लंबित विषयों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही जिला की ग्राम पंचायतों की मनरेगा की शैल्फों को पारित करना तथा अन्य विषयों पर भी बैठक में विचार विमर्श किया जाना है। इस बैठक में समस्त जिला परिषद सदस्य एवं जिला भर से विभिन्न अधिकारी और कर्मचारी भाग लेंगे।

### ठेकेदार एसो. जुब्बल के अध्यक्ष बने देव खिमटा



**अनंत ज्ञान, जुब्बल।** जुब्बल में सभी विभागों के ठेकेदारों द्वारा एक एसोसिएशन का गठन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य ठेकेदारों को आ रही समस्याओं को सरकार के समक्ष उठाना व समस्याओं का समाधान करवाना रहेगा। ठेकेदार एसोसिएशन जुब्बल द्वारा बनाई गई कार्यकारिणी में देव खिमटा को अध्यक्ष, विकास सागर को प्रधान, गोपाल उमटा को उप प्रधान, इंद्रदेव ठाकुर को सचिव, रमेश चौहान को संयुक्त सचिव, मुनीष भारती को कोषाध्यक्ष, राकेश नेगी को प्रेस सचिव एवं सलाहकार और अश्विनी बरामटा को आयोजक सचिव मन्नोनित किया गया।

**फैसले** : शहर में नववर्ष पर उमड़ेंगे लाखों पर्यटक और हिल्स क्वीन पर बढ़ेगा वाहनों का दबाव

# शिमला में नियंत्रित रहेगी ट्रैफिक व्यवस्था

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**





उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में सोमवार को सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सर्दियों में यातायात व्यवस्था और तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण फैसले लिए गए।

बैठक में उपायुक्त अनुपम कश्यप ने बताया कि 20 दिसंबर से 20 जनवरी 2025 तक यातायात व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई । शहर में आगामी एक महीने में करीब पांच लाख से अधिक वाहनों की आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि चौपाल, रामपुर और शिमला शहर व साथ सटे जिन स्थानों पर सबसे अधिक सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, वहां पर क्रैश बेरियर व अन्य सुरक्षात्मक उपाय किए जाएंगे। तीनों क्षेत्रों में 40 लाख रूपए प्रति क्षेत्र से प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए गए है। एक सप्ताह के भीतर ये तीनों प्रस्ताव सरकार को प्रेषित किए जाएंगे। 80 गृह रक्षक की तैनाती यातायात व्यवस्था के संचालन के लिए की जाएगी। शहर में पर्यटकों के लिए आगामी एक महीने में विभिन्न स्थानों पर पार्किंग की सुविधा मुहैया करवाई जाएगी। शोघी से आगे बड़े ट्रक आगामी एक महीने के लिए निर्धारित समय पर जा सकेंगे। इनमें सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक बड़े ट्रक का प्रवेश शहर में निषेध रहेगा जबकि वाया आंनदपुर ट्रकों को जाने की अनुमति होगी । शहर में पेट्रोल डीजल आदि के आवश्यक वस्तुओं के ट्रकों को प्रवेश की अनुमति होगी। वहीं शाम चार बजे से रात आठ बजे तक प्रवेश निषेध रहेगा।

### किसान भवन ढली में तैनात होगी क्यूआरटी

**गृह** रक्षकों की क्यूआरटी ( त्वरित प्रतिक्रिया दल ) किसान भवन ढली में तैनात की जाएगी। बैठक में फैसला लिया गया कि क्यूआरटी यहीं से मौके के लिए रवाना होगी। क्यूआरटी से ड्रिल भी करवाई जाएगी।

### वाहनों पर लगेगा पीए सिस्टम

**सभी** एसओ, डीएसपी, एसएचओ के वाहनों व अन्य तैनात मशीनरी के ऊपर पीए सिस्टम लगाया जाएगा ताकि आपातकालीन स्थिति में लोगों तक जरूरी सूचनाएं पहुंचाने में आसानी हो सके।

### लगेंगे 100 साइन बोर्ड

**शहर** में 100 स्थानों पर साइनेज बोर्ड लगाए जाएंगे। यहां पर पुराने खराब हो चुके साइनेज बोर्ड भी बदल दिए जाएंगे। पुलिस विभाग को निर्देश दिए गए है कि उक्त स्थानों का चयन कर साइन बोर्ड को लगाने का कार्य पूरा करें। साइन बोर्ड शहर के सार्वजनिक स्थानों, स्कूल, अस्पतालों, बाईफर्केशन पर लगेंगे। इनमें यू टर्न, यातायात नियमों, आपातकालीन सूचनाओं आदि की जानकारी मुहैया होगी। ये सभी साइनेज बोर्ड रिफलेक्टिव होंगे।

### 10 वाहन और पांच जेसीबी की रहेगी तैनाती

**बर्फबारी** के सीजन के चलते आगामी एक महीने तक 10 वाहन आउटसोर्स तौर पर लिए जाएंगे। ये सभी वाहन 4×4 होंगे। इसके अलावा इन वाहनों में स्नो चेन अन्य उपकरण भी होंगे। वहीं पांच जेसीबी यातायात को बहाल करने के लिए ठियोग, खड़ापत्थर, कुमारसैन, चौपाल और शिमला में तैनात की जाएगी। शहर में चार एबुलेंस भी तैनात होगी ताकि आपातकालीन परिस्थिति में मरीजों को तुरंत लाभ मिल सके।

# बिजली बोर्ड मुख्यालय के बाहर धरने पर बैठे कर्मचारी

**अनंत ज्ञान, शिमला**



**कहा-बिजली बोर्ड के 81 आउटसोर्स चालकों की नौकरी हो बहाल**

हिमाचल बिजली बोर्ड प्रबंधन द्वारा 81 आउटसोर्स चालकों को नौकरी से हटाया गया है। ऐसे में बिजली कर्मचारी का गुस्सा सरकार और विभाग पर फूट पड़ा है। सोमवार को शिमला में बोर्ड मुख्यालय परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया।

इस दौरान कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर प्रबंधन को उनकी सेवाएं बहाल करने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि इनकी सेवाएं बहाल नहीं की गई तो बिजली बोर्ड इंजीनियर और कर्मचारियों की ज्वाइंट एक्शन कमेटी इसके खिलाफ उग्र आंदोलन करेगी।

बता दें कि बिजली बोर्ड प्रबंधन ने एक दिसंबर से आउटसोर्स पर रखे 81 चालकों को नौकरी से हटा दिया था। इसके बाद इनके समर्थन में बिजली बोर्ड के इंजीनियर और कर्मचारी उतर आए हैं। आज भी प्रदेशभर के बिजली बोर्ड के इंजीनियर और कर्मचारी शिमला पहुंचे। बिजली बोर्ड कर्मचारियों ने बोर्ड प्रबंधन को जल्द ड्राइवरों की सेवाएं बहाल करने की चेतावनी दी है। ज्वाइंट एक्शन कमेटी के संयोजक हीरा लाल वर्मा ने बताया कि बोर्ड प्रबंधन से आउटसोर्स ड्राइवरों की सेवाएं बहाल नहीं करता तो आने वाले दिनों में भी बोर्ड मुख्यालय में इस तरह के प्रदर्शन जारी रहेंगे। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए हीरा लाल वर्मा ने बताया कि आउटसोर्स ड्राइवरों की बहाली के अवाला बिजली कर्मचारी दो साल से ओल्ड पेंशन स्कीम की बहाली की भी मांग कर रहे है। मगर सरकार ने अब तक उनकी इस मांग को पूरा नहीं किया।

आउटसोर्स यूनियन के राजेश चौहान ने बताया उन्हें सरकार ने घर पर बिठा दिया गया है।

# सिद्धांत आर्म रेसलिंग में विजेता

**अनंत ज्ञान, शिमला**



प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हुए प्रतिभागी।

शिमला में शिमला फिटनेस चैंपियनशिप सीजन-2 आयोजित हुई। आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता में पुरुषों के लिए चार वजन वर्ग (50-60 किलोग्राम, 60-70, 70-80 और 80 प्लस किलोग्राम और महिलाओं के लिए ओपन वेट श्रेणी थी। सिद्धांत कथूरिया ने पुरुषों की आर्म रेसलिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया और पूरे इवेंट के विजेता बने।

उन्होंने 20,000 नकद पुरस्कार, ट्रॉफी और प्रमाणपत्र जीता। पुश-अप्स चौलेंज में भरत शर्मा ने 119 पुश-अप्स के साथ अपनी ताकत का प्रदर्शन किया और विजेता बने। वहीं प्लैंक चौलेंज में, भव्या ने 11 मिनट और 20 सेकंड तक प्लैंक पोजिशन बनाए रखकर अद्भुत सहनशक्ति का प्रदर्शन किया।

विशेष अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता और प्रोफेशनल आर्म रेसलर संजय देसवाल ने भाग लिया। आयोजक डीए फिटनेस के संस्थापक वीनू दीवान ने प्रतिभागियों और दर्शकों को समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।

### होटल व रेहड़ी-फड़ी वालों के लिए चलेगा जागरूकता अभियान

**शिमला।** पर्यटन सीजन शुरू होते ही शिमला शहर और सटे हुए पर्यटन स्थलों पर विशेष जागरूकता अभियान शुरू करने का फैसला लिया है। उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने बताया कि 10 जनवरी तक शोघी से लेकर नारकंडा तक एनएच के किनारे सभी दुकानों, होटल, ढाबों, रेहड़ी फड़ी वालों के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। । इसके साथ ही समय-समय पर सैंपल एकत्रित भी होंगे। उन्होंने कहा कि अगर लोगों को खाद्य वस्तुओं को लेकर किसी भी प्रकार की शिकायत हो तो इसकी सूचना तुरंत प्रशासन को दें। नगर निगम शिमला के अधिकार क्षेत्र में 415 पंजीकरण और 534 लाइसेंस जारी हुए है।

# मनरेगा के तहत चुईयां-दवाणा सड़क का हुआ निर्माण, लोगों को राहत

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा**



बैठक में मौजूद बस्तीवासी।

ग्राम पंचायत पबान के तहत चुईयां से दवाणा तक बनने वाली एंबुलेंस सड़क के निर्माण को मनरेगा के तहत मंजूरी मिलने से दलित बस्ती चुईयां के लोगों में खुशी की लहर है । पंचायत के बांदुर वार्ड के चुईयां बस्ती सड़क सुविधा से वंचित थी एवं बस्ती के लोग लंबे समय से इस सड़क के निर्माण की मांग कर रहे थे । मनरेगा के तहत इस सड़क का निर्माण पांच लाख रुपए की लागत से किया जाएगा।

सड़क के निर्माण से इस दलित बस्ती की करीब 150 लोगों की आबादी लाभान्वित होगी। सड़क के निर्माण को स्वीकृति मिलने के बाद बस्ती के लोगों की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें रोशन लाल, श्याम सिंह, मानसिंह, गंगाराम, शेरसिंह, विनोद, रोशन लाल, परसाराम, जोगसाम, गोविंद, पप्पू, संतराम, जगदीश, सुंदरसिंह, कलीराम, डी.डी.जस्टा, भगतराम बिक्टा, राजेंद्र बिक्टा मौजूद रहे ।

बैठक में मौजूद लोगों ने सड़क निर्माण को मंजूरी मिलने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह सभी बस्तीवासियों की एकजुटता से संभव हो पाया है ।

### पीरन पंचायत में लगा 17 घंटे का पावर कट

**जुन्गा ( शिमला )।** बिजली के खंबे पर लंगूर के लटकने से पीरन पंचायत में 17 घंटे उपरांत विद्युत आपूर्ति बहाल हुई। बता दें कि बीते रोज रविवार की सांय चार बजे पीरन के समीप बिजली की तार पर लंगूर को करंट लगने से तारों का शार्ट सर्कट हो गया था।स्थानीय लोगों द्वारा सोमवार की सुबह लंगूर को बिजली की तारों से बड़ी मुशक्त से निकालने के उपरांत लोगों ने ही रिस्क लेकर फ्यूज लगाना पड़ा तब बिजली बहाल हुई ।

आलम यह है कि विद्युत उप मंडल जुन्गा में स्टाफ की कमी के चलते कर्मचारी को करीब 36 किलोमीटर का सफर तय करके पीरन में मात्र एक फ्यूज लगाने आना पड़ता है । लोगों द्वारा लाइनमेन के पद भरने की मांग की जा रही है परंतु आज तक कोई सुनवाई नहीं हो पाई है।

### ओहर में दो कारों में टक्कर, पूर्व मुख्यमंत्री ने की मदद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** किरतपुर नेरचौक फोरलेन के बिलासपुर जिला के औहर क्षेत्र में सोमवार दोपहर के समय दो गाड़ियों की जोरदार टक्कर हो गई। गाड़ी में सवार एक महिला और पुरुष को काफी चोटें आई है। वहीं, घटना के समय यहां से पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर अपनी कार में शिमला से सरकाघाट जा रहे थे। ऐसे में उन्होंने अपना काफिला रुकवाया और घायलों की मदद में जुट गए। ऐसे में पूर्व मुख्यमंत्री ने घायलों से बातचीत की और उनको अस्पताल पहुंचाने का भी कार्य किया। जयराम तब तक यहां पर खड़े रहे जब तक घायलों को अस्पताल में नहीं ले जाया गया। घायलों को एम्स बिलासपुर में भर्ती किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार औहर के के पास घुमारवीं की तरफ से आ रही स्कारपियो नंबर एचपी 23 सी 5550 कीरतपुर नेरचैक फोरलेन पर गलत दिशा पर जाते हुए मंडी की तरफ जा रही एचपी 24 सी 4700 को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें दोनों गाडियों में सवार लोग घायल हो गए। उधर, एएसपी शिव चौधरी ने मामले की पुष्टि की है।



### बिलासपुर में स्वास्थ्य विभाग की मासिक बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला बिलासपुर के ट्रॉमा हाल में जिला स्तरीय मासिक बैठक का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण चौधरी की अध्यक्षता में किया गया। इस मासिक बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रवीण चौधरी तथा जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर परविंद्र सिंह ने ब्लॉक मारकंड, घुमारवीं, श्री नयना देवी जी तथा झंडूता की एचएमआईएस रिपोर्ट तथा अन्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे सभी प्रोग्राम का रिव्यू किया। गर्भवती माता का पंजीकरण तथा बच्चों का टीकाकरण, जिसमें बीसीजी ओरल पोलियो, हेपेटाइटिस-बी, पैंटा थर्ड, एमआर और डीपीटी की बूस्टर डोज का रिव्यू किया गया तथा इनकी प्रोग्रेस रिपोर्ट के अनुसार अधिकारियों तथा कर्मचारियों को कमियों को दूर करने और साथ ही प्रोग्रेस में सुधार के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। मीटिंग में आरसीएच पोर्टल तथा आरकेएसके की प्रोग्रेस रिपोर्ट पर भी मूल्यांकन किया गया। गैर-संचारी रोगों के लिए सेवाओं का जिला स्तर पर विश्लेषण किया गया तथा पाई गई कमियों को दूर करने के संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए गए। इस मासिक बैठक में जिला बिलासपुर के सभी ब्लॉक के खंड चिकित्सा अधिकारी, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर, हेल्थ एजुकेटर, हेल्थ सुपरवाइजर, ब्लॉक अकाउंटेंट जिला बिलासपुर के हेल्थ सुपरवाइजर तथा संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।



### स्कूलों में क्लस्टर प्रणाली होगी शुरूः पठानिया

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि हर विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी आदर्श डे-बोर्डिंग स्कूल खोले जाएंगे, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को शिक्षा बेहतर सुविधा मिल सके। इसके साथ ही गुणात्मक शिक्षा के लिए स्कूलों में क्लस्टर प्रणाली शुरू की जा रही है। सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हार चक्कियां के वार्षिक समारोह में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे पठानिया ने कहा कि युवा पीढ़ी का बेहतर भविष्य गुणवत्तायुक्त शिक्षा पर निर्भर करता है। कठिन परिश्रम से ही जीवन में उच्च उच्च से लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। विधायक ने कहा कि नशे का बढ़ता प्रचलन सारे समाज के लिए खतरा बन चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश से नशे को जड़ से उखाड़ने के लिए गंभीर प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने प्रदेश से नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों को सलाखों के पीछे पहुंचाने के लिए टास्क फोर्स का गठन करने का फैसला लिया है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि नशे के कारोबार से जुड़े लोगों को बेनकाब करने के लिए पुलिस सहयोग करें, ताकि युवा पीढ़ी को बचाया जा सके। उन्होंने शिक्षा व अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया। इस अवसर एसएमसी प्रधान मेहर सिंह, पंचायत प्रधान तिलक राज सहित विभिन्न गणमान्य लोग उपस्थित थे।



# प्रदेश सरकार पर आरोप लगाने से पहले अपने गिरेबान में झांके भाजपा : रामलाल



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

भाजपा को प्रदेश सरकार पर आरोप लगाने से पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। यह बात बिलासपुर नगर के सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता के दौरान पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर ने कही।

ठाकुर ने कहा कि 11 दिसंबर को भाजपा द्वारा सौंपे गए ज्ञापन को लेकर कहा कि भाजपा ने इसमें केवल मुख्यमंत्री को घेरने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश में भाजपा की सरकार थी, तो कांग्रेस ने भी एक ज्ञापन राज्यपाल को सौंपा था। उन्होंने प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री से उस आरोपों की चार्जशीट पर जांच करवाने की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि भाजपा को कांग्रेस पर आरोप लगाने से पहले अपने गिरेबान भी झांक कर देखना चाहिए, जब लक्ष्मण बंगारू रिश्वत लेते हुए पकड़े गए थे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकाल में आठ करोड़ का घोटाला हुआ था, उस पर चुप्पी क्यों साध रखी है।

> **बोले**
> **प्रदेश सरकार को चार्टशीट की जांच करवानी चाहिए जो विपक्ष में रहते हुए सौंपी थी**

प्रदेश सरकार को अपनी चुप्पी तोड़ते हुए उस चार्जशीट की जांच करवानी चाहिए, जो विपक्ष में रहते हुए सौंपी थी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जल शक्ति मिशन अभियान के तहत भी घोटाले की बात कही थी उसकी भी जांच होनी चाहिए। इस मौके पर संदीप सांख्यान, कुलदीप, विनोद आदि मौजूद रहे।

### ग्रीन हाउस से ट्रैक्टर चुराने वाले काबू

**घुमारवीं।** पुलिस थाना घुमारवीं के तहत बजोहा में ग्रीन हाउस में खड़े हाथ चलाने वाले ट्रैक्टर को चुरा कर ले जा रहे आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया है। पुलिस ने हाथ से चलने वाले ट्रैक्टर के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बजोह में ग्रीन हाउस में खड़े हाथ से चलाने वाले ट्रैक्टर को दो व्यक्ती खोलकर बोरी में भरकर चोरी कर ले जा रहे थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान शक्ति निवासी बाड़ी मझेड़वां घुमारवीं और ओंकार सिंह निवासी जम्मू के रूप में हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं, डीएसपी घुमारवीं ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों से पुलिस ने चोरी किया हुआ हाथ से चलने वाला ट्रैक्टर भी बरामद कर लिया है और आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।



# नई पंचायत गठन को लेकर उपायुक्त से मिले ग्रामीण



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

झंडूता विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत घराण के ग्रामीणों ने नई पंचायत के गठन को लेकर आवाज उठाई है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें पंचायत में पहुंचने के लिए करीब 10 से 15 किलोमीटर तक का सफर करना पड़ता है। यदि नई पंचायत का गठन कर दिया जाता है, तो लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

सोमवार को ग्रामीणों ने उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक को नई पंचायत के गठन को लेकर ज्ञापन सौंपा। स्थानीय ग्रामीण राजकुमार, संतोष कुमारी, कांता देवी, निर्मला देवी, रामकली, अनीता देवी, रजनी देवी, अजय कुमार, अमी चंद, रतन चंद, संजय कुमार किशोरी लाल, जगतपाल, सुभाष चंद, रमण कुमार सहित अन्य ग्रामीणों ने कहा कि उनकी पंचायत में सात वार्ड हैं। जिसमें वार्ड नंबर 4 घुमारपुर और वार्ड नंबर 5 खमेडकलां हैं। इन दो वार्ड की आबादी करीब 800 से 1000 तक की है। वहीं, 600 के करीब मतदाता इन दो वार्ड में हैं।

उन्होंने कहा कि इन दोनों वार्ड से पंचायत घर घराण की दूरी वाया रोड करीब 15 किलोमीटर है। इसके अलावा समस्या और तब बढ़ जाती है जब उन्हें सरयाली खड्ड को भी पार करना पड़ता है। इसके अलावा एक बड़ी पहाड़ी भी है। पंचायत घर पहुंचने के लिए उन्हें कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने उपायुक्त से आग्रह किया कि उनकी समस्या को ध्यान में रखते हुए नई पंचायत का गठन किया जाए, ताकि लोगों को भविष्य में समस्या का सामना न करना पड़े।

**दौरा** राजेश धर्माणी ने गोबिंदसागर झील के किनारे बनाए गए इंटेक और ट्रीटमेंट प्लांट का किया दौरा

# 4 जल योजनाओं पर खर्च किए जाएंगे 100 करोड़

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने मल्यावर के पास गोबिंदसागर झील के किनारे बनाए गए इंटेक और ट्रीटमेंट प्लांट का दौरा करते हुए।


नगर नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने मल्यावर भटोली के पास गोबिंदसागर झील के किनारे बनाए गए इंटेक और ट्रीटमेंट प्लांट के साथ-साथ औहर में बन रहे टूरिजम कांप्लेक्स का दौरा किया।

इस दौरे के दौरान उन्होंने क्षेत्र में विकसित की जा रही चार बड़ी जल योजनाओं और सिंचाई परियोजना की जानकारी साझा की। इन चारों योजनाओं पर लगभग 100 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। घुमारवीं क्षेत्र के लिए तीन पेयजल योजनाए, जिनमें भटोली से मल्यावर त्यून खास के लिए, इसके साथ ही दूसरी योजना भटोली से करलोटी- कपाहड़ा के लिए, तीसरी नगर परिषद घुमारवीं के लिए नाल्टी के समीप सोर्स से तथा घुमारवीं क्षेत्र के लिए सिंचाई योजना औहर, रांइयां, पल्थी, सेपड़ा, मझौण, मझासू, नाल्टी क्षेत्र के लिए कंदौर पूल के पास से बनाई जा रही है। उन्होंने बताया कि इन चार योजनाओं के तहत कपाहड़ा, करलोटी, भराड़ी, त्यूण खास, रोपा फटोह, हवाण, तल्याणा और मल्यावर जैसे क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इसके साथ ही मल्यावर क्षेत्र के लिए एक सिंचाई योजना भी विकसित की जा रही है, जो किसानों की जरूरतों को पूरा करेगी। योजनाओं का इंटेक एक ही स्थान पर बनाया गया है। इससे न केवल संचालन व्यय कम होगा, बल्कि प्रबंधन भी अधिक सुगम और व्यवस्थित रहेगा। इस पहल से क्षेत्र के लोगों को बेहतर पेयजल और सिंचाई की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इन चारों योजनाओं पर लगभग 100 करोड़ रुपए की लागत आएगी। सरकार का लक्ष्य है कि सभी परियोजनाएं 31 मार्च 2025 तक पूर्ण कर जनता को समर्पित कर दी जाएं। मंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं से क्षेत्र के लोगों को पेयजल संकट से राहत मिलेगी। सिंचाई की सुविधा मिलने से किसानों की उत्पादकता में वृद्धि होगी।

उन्होंने कहा कि यह विकास कार्य क्षेत्र के लोगों के जीवनस्तर को सुधारने के साथ क्षेत्र के समग्र विकास में भी सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि परियोजना को समय पर पूरा किया जाए ताकि इसका लाभ जल्द से जल्द क्षेत्र के लोगों को मिल सके। क्षेत्र के विकास और लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करना सरकार की प्राथमिकता है।

# गर्ग ने घुमारवीं में विकास कार्यों की धीमी गति और प्रशासनिक समस्याओं पर उठाए सवाल

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की धीमी गति और प्रशासनिक समस्याओं पर सवाल उठाए हैं। गर्ग ने कहा कि घुमारवीं के विधायक एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी हर तरफ विकास का ढिंढोरा पीटते रहते हैं, लेकिन असलियत इसके विपरीत है।

गर्ग ने कहा कि लोक निर्माण विभाग और जल शक्ति विभाग में अधिशाषी अभियंता (एक्सइएन) के महत्वपूर्ण पद पिछले पांच महीनों से खाली पड़े हैं। इन पदों के खाली रहने से स्थानीय जनता को असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है और विकास कार्य ठप हो गए हैं। गर्ग ने यह भी आरोप लगाया कि मंत्री द्वारा अनावश्यक दबाव और तानाशाही रवैये के कारण अधिकारी घुमारवीं में काम करने से बच रहे हैं। गर्ग ने यह भी कहा कि इन पदों का कार्यभार अन्य डिवीजनों के अधिकारियों को सौंपा गया है, जिससे स्थानीय लोगों को काम करवाने के लिए बार-बार दूरस्थ कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इससे जनता का समय और पैसा बर्बाद हो रहा है। उन्होंने मंत्री राजेश धर्माणी पर यह आरोप लगाया कि वे इन विभागों में खाली पदों का फायदा उठाकर ठेकों का आवंटन अपने स्तर पर कर रहे हैं। गर्ग ने मंत्री की कार्यशैली को तानाशाही बताया और कहा कि उनकी पिछली आपत्तिजनक टिप्पणियों के कारण अधिकारी यहां काम करने से डर रहे हैं। गर्ग ने तकनीकी शिक्षा मंत्री को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वे केवल भाषणों में बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर विकास कार्य पूरी तरह ठप हैं। उन्होंने घुमारवीं की जनता से अपील की कि वे इन मुद्दों पर ध्यान दें और सरकार से जवाबदेही की मांग करें।

# सीएम से मुलाकात, सिरे चढ़ी बात तो सुधरेंगे विधानसभा भवन के हालात

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

'कंक्रीट और फर्नीचर के अलावा कोई भवन वहां मौजूद लोगों से पूरा होता है। खाली महल भी खंडहर हो जाते है।' यह कहानी हिमाचल की शीतकालीन राजधानी के तपोवन स्थित विधानसभा भवन तथा उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैण के सुंदर विधानसभा भवन की नहीं बल्कि कुछ अन्य राज्यों की दूसरी राजधानियों के विधानसभा भवनों की भी है, जहां निर्माण के बाद नाम मात्र ही सत्र होते हैं।

ऐसे में पर्यटकों के लिए साल भर खोलने की पहल तपोवन में करोड़ो से बने सुंदर विधानसभा भवन के लिए संजीवनी साबित हो सकती है। मौजूदा हालात ये कि साल के चंद दिन शीतकालीन सत्र में खुलने वाले इस भवन की सफाई व्यवस्था, भवन तथा फर्नीचर से लेकर सुरक्षा तक दरकिनार हो जाती है। भारी बारिश वाला क्षेत्र होने के धर्मशाला में भवनों की सुरक्षा में चुनौतियां भी भारी होती हैं।

जानकारी के अनुसार सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू से चर्चा तथा सहमति के बाद धर्मशाला के तपोवन स्थित विधानसभा भवन को पर्यटकों के लिए खोले जाने की प्रक्रिया शुरू हो सकती ही। बताते चलें कि तपोवन में करीब 7 करोड़ की लागत से विधानसभा भवन तथा परिसर के साल में सिर्फ हफ्ता दस दिन खुलने से यहां की व्यवस्था चरमरा जाती है।(अनंत ज्ञान)



## अध्यक्ष पठानिया ने बुलाई सर्वदलीय बैठक



**हिमाचल** प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां सोमवार को शीतकालीन सत्र से संबंधित चल रही तैयारियों का जायजा लेने तपोवन, धर्मशाला विधान सभा सचिवालय पहुंचे। विधानसभा सचिवालय पहुंचने पर पठानिया का विधानसभा सचिवालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा धर्मशाला स्थित जिला स्तर के अधिकारियों ने स्वागत किया गया। कुलदीप सिंह पठानिया मंगलवार को तपोवन विधानसभा के मुख्य मिटिंग हॉल में एक पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करेंगे, जिसमें सत्र से संबंधित पूर्ण जानकारी दी जाएगी। पठानिया ने कहा कि यह शीतकालीन सत्र अविलम्ब चले तथा जनहित से संबंघित मुद्दों पर सदन में सार्थक चर्चा हो, इसके लिए उन्होंने सर्वदलीय बैठक बुलाई है, जिसमें संसदीय कार्यमंत्री हर्ष वर्धन चौहान, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, उपमुख्य सचेतक किवल सिंह पठानियां तथा सदस्य सुख राम चौधरी शामिल होंगे।

> विधानसभा के तपोवन स्थित भवन को साल भर पर्यटकों के लिए खोले जाने की संभावनाओं पर विचार किया जा रहा है। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की मुख्यमंत्री सुक्खू से होने वाली चर्चा के बाद अगर मंजूरी मिलती है तो यहां फूड कोर्ट समेत अन्य जरूरी सुविधाएं मुहैया करवाई जाएगी। इससे विद्यार्थी, प्रशिक्षु तथा आम लोग भी विधानसभा भवन का भ्रमण कर सकेंगे।**-यशपाल, विधानसभा सचिव**

## सुरक्षा के साथ पूरी होगी जरूरत

विधानसभा के पिछले शीतकालीन सत्र से पहले शिमला का भवन पुराना होने की चर्चा थी। ऐसे में यदि विधानसभा भवन के रिनोवेशन का काम शुरू होता है तो ऐसे में विधानसभा सत्र धर्मशाला में करवाए जा सकेंगे। काफी साल पहले बने शिमला स्थित विधानसभा भवन की मरम्मत की जरूरत कई सालों से महसूस की जा रही है। ऐसे में इस भवन के रिनोवेशन के दौरान धर्मशाला के तपोवन स्थित विधानसभा भवन बढ़िया विकल्प साबित हो सकता है तथा इससे निचले जिले के लोगों को भी सरकार से समस्याओं के हल की उम्मीद बढ़ेगी।

## करोड़ों के गैरसैंण भवन का 10 साल में 12 बार हुआ उपयोग

बताते चलें कि दूसरे राज्यों में भी ऐसे प्रयास जारी हैं। उत्तराखंड सरकार से गैरसैंण विधानसभा भवन का उपयोग कॉर्पोरेट पर्यटन के लिए करने का आग्रह भी हुआ है। ये भवन 150 करोड़ की अनुमानित लागत से बनाया गया है। गैरसैण में विधानसभा भवन समुद्र तल से 5,410 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। अगरतला, कोहिमा, आइजोल, शिलांग, इंफाल, गंगटोक, शिमला और धर्मशाला का दौरा करने और पहाड़ी पर इस तरह की संरचना के निर्माण के डिजाइन और अन्य तकनीकी पहलुओं का अध्ययन करने के बाद इसका निर्माण किया गया था। गैरसैण उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी है। 2014 में खुले इस भवन का करीब 12 बार प्रयोग हुआ है।

> तपोवन स्थित विधानसभा भवन को सालभर खुला रखने का विचार है। ये अच्छी पहल साबित हो सकती है। इस संदर्भ में प्रस्ताव बनाकर प्रदेश सरकार को भेजा जाएगा। मंजूरी मिलती है तो नाममात्र शुल्क से पर्यटक इस भवन को देख पाएंगे।-हेमराज बैरवा, उपायुक्त कांगड़ा



# सीएम ने किया सरकारी कैलेंडर-2025 जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोमवार को सरकारी कैलेंडर-2025 जारी किया। इसमें राज्य सरकार की विभिन्ना नवोन्मेषी योजनाओं को प्रदर्शित किया गया है। यह कैलेंडर मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग, हिमाचल प्रदेश द्वारा तैयार किया गया है।

इस अवसर पर राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान, सचिव प्रियंका बसु, मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग की नियंत्रक प्रभा राजीव, सूचना एवं जन संपर्क विभाग के निदेशक राजीव कुमार, सहायक नियंत्रक मुद्रण ईश्वर दास और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# हिमाचल भवन नीलामी मामला : प्रदेश सरकार को नहीं मिली हाईकोर्ट से राहत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

दिल्ली स्थित हिमाचल भवन की नीलामी से जुड़े मामले में हिमाचल सरकार सोमवार को हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली है। हिमाचल भवन अटैच करने का पिछला आदेश प्रभावी रहेगा।

अब 23 दिसंबर को मामले की अगली सुनवाई होगी। हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर व न्यायमूर्ति सुशील कुकरेजा की खंडपीठ मामले की सुनवाई करेगी। बता दें कि इससे पहले न्यायमूर्ति अजय मोहन गोयल की एकल पीठ ने अपफ्रंट प्रीमियम की रकम न चुकाने पर हिमाचल भवन की कुर्की के आदेश जारी किए थे।

इस मामले में खूब राजनीति भी हुई थी। भाजपा ने सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाया था कि उसके कार्यकाल में प्रदेश की



**23 दिसंबर को होगी मामले की अगली सुनवाई**

संपत्तियां कुर्क हो रही हैं। वहीं, सीएम व डिप्टी सीएम ने कहा था कि हिमाचल की संपत्तियों को हर हाल में बचाए रखा जाएगा।

उल्लेखनीय है कि एकल पीठ के हिमाचल भवन को कुर्क करने के फैसले को वापिस लिए जाने के आग्रह को लेकर राज्य सरकार ने हाईकोर्ट में एक एप्लीकेशन दाखिल की थी।

बीते 6 दिसंबर को अनुपालना याचिका की सुनवाई में राज्य सरकार ने अदालत को बताया था कि आदेश के अनुसार 64 करोड़ रुपए की रकम जमा करवा दी गई है। अदालत की चिंता इस बात को लेकर भी थी कि अपफ्रंट प्रीमियम की रकम समय पर न चुकाने पर सरकारी कोष को ब्याज भरना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि लाहौल-स्पीति में एक हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट के लिए सेली हाइड्रो इलेक्ट्रिक कंपनी ने टेंडर भरा था।

प्रोजेक्ट के लिए कंपनी ने 64 करोड़ रुपए का अपफ्रंट प्रीमियम भी जमा करवाया था। बाद में प्रोजेक्ट वायबल न होने पर कंपनी ने अपना अपफ्रंट प्रीमियम वापस मांगा था। मामला हाईकोर्ट में गया था। इसी केस में अनुपालना याचिका पर हाईकोर्ट ने तय समय में 7 फीसदी ब्याज सहित रकम वापस न करने पर नई दिल्ली स्थित हिमाचल भवन को अटैच करने के आदेश जारी किए थे।

## न्यूज ब्रीफ

### परीक्षा में गलत प्रश्नों के दिए जाएं ग्रेस मार्क्स

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा 24 नवंबर को प्रदेश भर में अध्यापक पात्रता परीक्षा आयोजित की गई। इस अध्यापक पात्रता परीक्षा की प्रोविजनल आंसर की स्कूल शिक्षा बोर्ड ने 13 दिसंबर को जारी की गई है। शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी की गई प्रोविजनल आंसर की के बाद अभ्यर्थियों को संबंधित परीक्षा को लेकर जो भी आपत्तियां उन्हें 6 दिन के भीतर भेजने का आग्रह किया गया है। अध्यापक पात्रता परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों में कल्पना, अनिता, पंकज, रवि, अनिल और अन्य अभ्यर्थियों ने बताया कि इस परीक्षा की बी सीरीज में प्रश्न नंबर 11 की आंसर की गलत है और तीन प्रश्नों जिसमें प्रश्न नंबर 77, 127 व 140 गलत हैं। इसलिए अभ्यर्थियों ने शिक्षा बोर्ड से आग्रह किया है कि जो प्रश्न गलत हैं उनके ग्रेस मार्क्स दिए जाएं।

### वन काटुओं ने किया स्थानीय निवासी पर जानलेवा हमला

**हीना पठानिया, (बड़ूही)।** उप मंडल बंगाणा की उपतहसील जोल के तहत पड़ती ग्राम पंचायत चौकी मनियर के गांव कैंट बीती रात वन काटुओं द्वारा अवैध कटान की जा रहा था, जिसकी भनक गांव वालों को लगी और गांव वालों ने नाकाबंदी कर के वन कटुओं को पकड़ना चाहा, परंतु वन कटुओं ने नशा किया हुआ था और उन्होंने हेमराज पुत्र किशन चंद कैंट पर हमला कर दिया। वन काटुओं की संख्या ज्यादा होने के कारण हेमराज को अपने बचाव के लिए अपनी लाइसेंस राइफल से हवाई फायर किया और उनमें से चार लोग भाग गए, परंतु रजत राणा मौके पर ही पकड़ लिए गए।



पुलिस चौकी प्रभारी रूप सिंह द्वारा दोनों पक्षों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के खिलाफ मामला दर्ज कर दिया है और आगे की करवाई शुरू कर दी। (अनंत ज्ञान)

### मकान में आग लगने से लाखों की संपत्ति राख


**सपना सूद-चौपाल, नेरवा।** तहसील नेरवा के अंतर्गत गढ़ा गांव में आधी रात के बाद केवल राम का तीन कमरों का लकड़ी का मकान जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया।



इस घटना में नकदी व गहनों सहित लाखों रुपए के नुक्सान का अनुमान है। केवल राम ने बताया कि वह गढ़ स्थित दोगरी में ही रहते थे एवं रविवार को सक्रांति पर कुल देवता के मंदिर में माथा टेकने बासवा गए थे तथा रात को वहीं अपने पुराने घर में रुक गए थे। जानकारी के अनुसार करीब तीन बजे थो दूर स्थित अपने घर से केवल राम के भाई वीर सिंह लघुशंका के लिए बाहर बरामदे में आए तो उन्हों ने केवल राम के घर से लपटें निकलती देखी व अपने बेटे राकेश को जगा कर मकान में आग लगने की जानकारी दी। राकेश व अन्य लोग तुरंत घटनास्थल पर पंहुचे,परन्तु तब तक आग ने पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया था। सिलेंडर ब्लास्ट होने से समीप ही बागीचे में करीब आधा दर्जन सेब के पौधे भी झुलस गए। उन्हें उनके भतीजे राकेश ने तीन सो तीन बजे के करीब मकान में आग लगने की सूचना जब तक वह गा पंहुचे तब तक सबकुछ राख में तब्दील हो चुका था। (अनंत ज्ञान)

# विद्यार्थियों को संवैधानिक मूल्यों पर आधारित दी जाएगी शिक्षा : सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**हर हलके में सुविधाओं से लैस होंगे 6 स्कूल**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिक्षा विभाग की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि स्कूलों के पाठ्यक्रम में संवैधानिक मूल्यों से सम्बन्धित सामग्री का समावेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए गुणात्मक शिक्षा के साथ-साथ कर्त्तव्यों और दायित्वों के बारे में उन्हें शिक्षित करने को विशेष अधिमान दे रही है।

सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 6-6 स्कूलों को सभी आवश्यक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा। इनमें पर्याप्त स्टाफ, पुस्तकालय, प्रयोगशाला और अन्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने अधिकारियों को इन स्कूलों को स्थापित करने के लिए सभी औपचारिकताएं समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने इनके प्रशासनिक नियंत्रण के लिए भी मापदंड तैयार करने को कहा। उन्होंने कहा कि इन सभी स्कूलों के माध्यम से एक सशक्त आधारभूत ढांचा विकसित किया जाएगा।

सभी स्कूलों के लिए वर्ष भर की गतिविधियों का कैलेंडर तैयार किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक दिन की शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों का विवरण होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन के ध्येय के साथ शिक्षा विभाग में व्यापक स्तर पर युक्तिकरण की प्र्रि, या पर कार्य किया जा रहा है। इसके तहत आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण के साथ-साथ अध्यापकों की तैनाती से संबंधित सकारात्मक व नवोन्मेषी उपाय किए जा रहे हैं।

## विद्युत बोर्ड की कार्यप्रणाली में नवोन्मेषी उपायों का समावेश करने के निर्देश

मुख्यमंत्री सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की तथा विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को बोर्ड की कार्यप्रणाली में नवोन्मेषी उपायों का समावेश करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बोर्ड की वित्तीय स्थिति को सशक्त करने के लिए निरन्तर प्रयास कर रही है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि विद्युत बोर्ड में लाइनमैन और टी-मेट की भर्तियां की जाएंगी ताकि फील्ड स्टाफ की कमी को दूर किया जा सके। उन्होंने कहा कि समुचित फील्ड स्टाफ की तैनाती से विद्युत आपूर्ति सेवा में गुणवत्ता भी सुनिश्चित होगी।

# ग्राम पंचायत गलोड़ खास में तेंदुए के हमले से 40 मेमनों की मौत

**अनंत ज्ञान, गलोड़**



ग्राम पंचायत गलोड़ खास के तहत नारायणा द ताल के जंगल में गत दोपहर बाद तेंदुए ने गद्दियों के डेरे में बकरी के 40 मेमनों को अपना शिकार बनाया है। इसकी सूचना प्रधान गलोड़ खास संजीव शर्मा ने पुलिस को दी।

पुलिस चैकी गलोड़ के प्रभारी ने मौके पर जाकर हादसे की रिपोर्ट तैयार की। संजीव शर्मा ने बताया कि चंबा निवासी प्रीतम चंद गत दोपहर के समय अपनी भेड़ बकरियां को चराने जंगल की तरफ गया हुआ था और डेरे में भेड़ बकरियों के छोटे-छोटे मेमनों को डेरे में छोड़ रखा था। जब शाम के समय वापिस डेरे में आया तो तेंदुए ने 32 मेमनों को मार दिया था और 12 मेमनों को घायल कर दिया था। प्रीतम चंद का तेंदुए ने लाखों रुपए का नुक्सान कर दिया। तेंदुए की इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। पुलिस चैकी प्रभारी गलोड़ शशि पाल ने बताया कि प्रीतम चंद पुत्र धर्म चंद गांव उरना तहसील होली जिला चंबा का डेढ़-दो लाख का नुकसान हुआ है। वनखंड अधिकारी अजय कुमार ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि गत दिवस मौके पर 32 मेमनो को मार गिराया था। घायलों में से आठ की और मौत हो गई।

# गेस्ट टीचर पॉलिसी वापस ले सरकार : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार की मनमानी नहीं चलेगी। जब जो मन में आए उसे पॉलिसी बनाकर प्रदेश के ऊपर नहीं थोपा जा सकता। सरकार अपनी तानाशाही से बाज आए और अपने वादे के मुताबिक गेस्ट टीचर पॉलिसी को वापस ले। सुक्खू सरकार की गेस्ट टीचर पॉलिसी न सिर्फ युवाओं बल्कि छात्रों के लिए भी घातक है।

सरकार ने जो वादा किया था वह निभाए और युवाओं को पक्की नौकरी दे। अब तक सरकार के



नुमाइंदों द्वारा विभिन्न प्लेटफार्म पर गेस्ट टीचर पॉलिसी को लेकर जिस तरीके की बातें की गई है उससे यह स्पष्ट है कि यह पॉलिसी एक बार फिर से पूरे देश में हिमाचल प्रदेश की किरकिरी कराएगा। इसलिए अभी समय है सरकार बिना प्रदेश की किरकिरी करवाए युवाओं के भविष्य विरोधी, छात्रों की शिक्षा विरोधी और प्रदेश की छवि खराब करने वाली पॉलिसी को वापस ले।

जयराम ने कहा मुख्यमंत्री भले ही इस पॉलिसी गुणगान करें, प्रदेश में घूम-घूम कर इसे अपनी उपलब्धि और मास्टर स्ट्रोक बताएं लेकिन यह पॉलिसी सुक्खू सरकार द्वारा अब तक उठाए गए सभी जन विरोधी कदमों में सबसे बड़ा कदम है। जो युवाओं के वर्तमान के साथ-साथ नौनिहालों का भविष्य भी खराब करेगा।

# दस में से पांच गारंटियां 15 माह में पूरी : गोमा

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

आयुष एवं युवा खेल सेवाएं मंत्री यादविंद्र गोमा ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने राज्य की जनता को दी गई दस चुनावी गारंटियों में से पांच को सिर्फ 15 महीनों में पूरा करके दिखाया, जो साबित करता है कि हम केवल जन सेवा के लिए आए है, सत्ता का सुख भोगने नहीं।

उन्होंने कहा कि बाकी गारंटियों को पूरा करने के लिए हम पूरी प्रबिद्धता के साथ कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि हिमाचल प्रदेश वर्ष 2027 तक आत्मनिर्भर और 2031 तक देश का सबसे समृद्धशाली राज्य बने।



उन्होंने कहा कि संसाधनों को बढ़ाने और फिजूलखर्ची को रोकने के लिए कड़े कदम उठा रहे है। आज जो कड़े फैसले सुख सरकार ने लिए है वो आने वाले समय में हिमाचल प्रदेश को समृद्धि और विकास की राह पर लेकर जाएंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार सरकारी नीतियों में बदलाव लाकर अतिरिक्त राजस्व कमाने में सफल हो रही है।

आबकारी नीति में बदलाव से पिछले वित्त वर्ष में 2631 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया गया। शराब के ठेकों को विस्तार देने की प्रथा को समाप्त कर हमने ठेकों की नीलामी शुरू की, जिससे राज्य को पिछले साल 485 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। प्रदेश में पहली बार तहसील और उपतहसील स्तर पर विशेष राजस्व लोक अदालतों का आयोजन किया गया।

# मछली विक्रेताओं को नए व्यंजन बनाने का प्रशिक्षण देगी विशेषज्ञों की टीम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ फिशरीज टेक्नोलॉजी कोच्चि-केरल के विशेषज्ञ मंगलवार को प्रदेश के मछली विक्रेताओं को नए व्यंजन बनाने का प्रशिक्षण देंगे। प्रदेश के सात जिलों से 25 मछली विक्रेताओं को इसके लिए प्रशिक्षण देंगे।

यहीं नहीं, विक्रेताओं को मछली पकवाने से लेकर साफ तक करने का सारा प्रशिक्षण देंगे। प्रदेश के बिलासपुर, सोलन, सिरमौर, ऊना, कांगड़ा के पौंगडैम, पतलीकूहल-कुल्लू से विक्रेताओं को चयनित किया गया है। यह प्रशिक्षण शिविर मत्स्य निदेशालय बिलासपुर की ओर से आयोजित किया जा रहा है। 2 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर विभाग के दियोली स्थित फिश फार्म में शुरू होगा जिसके लिए 3 सदस्यीय टीम बिलासपुर पहुंच चुकी है।

सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ फिशरीज टेक्नोलॉजी कोच्चि-केरल के 3 विशेषज्ञ बिंदू, पार्वती और नोवी बर्गीज 40 लोगों को यह प्रशिक्षण प्रदान करेंगे, जिसमें 25 फिश बैंडर्स और 15 विभागीय कर्मी शामिल हैं।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार प्रदेश व जिला में केवल मछली विक्रेताओं द्वारा पारंपरिक तरीके से ही मछली परोसी जा रही है। इसके तहत लोगों को फिश फ्राई, फिश कड़ी व फिश आचार ही मिलता है, लेकिन अब इन लोगों को फिश चटनी, फिश फिंगर, फिश वॉल्स, फिश कटलेट्स, फिश समोसा, फिश बर्गर, फिश मोमो बनाना सिखाया जाएगा। जिसके बाद मछली के शौकीनों को मछली के नए व्यंजन खाने को मिलेंगे। इससे जहां मछली विक्रेताओं के व्यवसाय में वृद्धि होगी।

वहीं, स्थानीय लोगों सहित पर्यटकों को भी मछली के नए व्यंजन खाने को मिलेंगे।

इस सारे प्रशिक्षण का खर्च मत्स्य पालन विभाग द्वारा वहन किया जा रहा है। प्रत्येक व्यक्ति को प्रशिक्षण देने के लिए हजार रुपए की दर से फीस विभाग द्वारा विशेषज्ञों को प्रदान की जा रही है।

> विभाग द्वारा फिश वेंडर को मछली के नए व्यंजन बनाने का 2 दिवसीय प्रशिक्षण मंगलवार से प्रदान किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण फिश फार्म दियोली में सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ फिशरीज टेक्नोलॉजी कोच्चि-केरल के फिश प्रोसेस विभाग के विशेषज्ञों द्वारा प्रदान किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर पर आने वाला सारा खर्च विभाग द्वारा वहन किया जा रहा है। **-विवेक चंदेल, निदेशक, मत्स्य पालन विभाग हिमाचल प्रदेश**

**विवाद** मुख्यमंत्री के साथ एसपी व डीसी की होने वाली बैठक से पहले रातों-रात बद्दी लौट आई थी इल्मा

# एसपी इल्मा वापस लौटी, तैनाती पर सरकार लेगी फैसला

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

हिमाचल प्रदेश के पुलिस जिला बद्दी की एसपी इल्मा अफरोज छुट्टी समाप्त होने से पहले ही वापस हिमाचल लौट आई है। पिछले 42 दिनों से एसपी छुट्टी पर चल रही थी जो कि अचानक छुट्टी पर चले जाने के बाद से चर्चाओं में थी। एसपी इल्मा अफरोज सोमवार को शिमला लौटी, जिन्हें वहां पर देखा गया है।

इल्मा अफरोज 18 दिसंबर तक छुट्टी पर थी, लेकिन वह छुट्टी खत्म होने से पहले ही वापस लौट आई है। ऐसे में कयास लगाए जा रहे है कि एसपी इल्मा अफरोज 19 दिसंबर को दोबारा फिर से पुलिस जिला की कमान संभाल सकती है।

क्योंकि सरकार के द्वारा जारी प्रेस नोट में कहा गया था कि वह अपनी मां के इलाज के संबंध में छुट्टी पर गई और जब उनकी छुट्टी



समाप्त होगी तो वापस कार्यभार संभाल सकती है। अब देखना होगा कि सरकार उन्हें वापस तैनाती देती है या नहीं।

एसपी इल्मा अफरोज से संपर्क किया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। गौरतलब रहे कि एसपी इल्मा अफरोज 8 दिसंबर को मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश के एसपी व डीसी की होने वाली बैठक से ठीक एक दिन पहले रातों-रात बद्दी लौट आई थी और अपने सरकारी आवास को खाली करके अपनी मां के साथ अपने निवास स्थान मुरादाबाद के गांव कुंदरकी में चल गई थी। एसपी पहले 15 दिन की छुट्टी पर थी जिसके बाद उन्होंने 22, 28 नवंबर और फिर 5 दिसंबर को भी अपना अवकाश बढ़ाया था जो कि 18 दिसंबर को समाप्त होना था। एसपी के अचानक लंबी छुट्टी के जाने के पीछे चर्चाएं थी कि कांग्रेस के विधायक की पत्नी के टिप्पर के चालान काटे और फिर करीबी स्क्रेप डीलर के द्वारा खुद पर फायरिंग करवाने के मामले का भी पर्दाफाश किया था।

वहीं इसके अलावा उन्होंने अपने कार्यकाल में नशा के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए नशा तस्करों को पकड़ा था और अवैध खनन माफिया पर कड़ा शिकंजा भी कसा था और खनन माफिया अपने मशीन व टिप्परों को बेचने पर मजबूर हो गए थे।

## विधायक ने नाराज होकर दिया था विशेषाधिकार हनन का नोटिस

**कांग्रेस** के दून से विधायक राम कुमार चौधरी और एसपी के बीच चल रहे टकराव के बाद विधायक ने विशेषाधिकार हनन के तहत नोटिस भी जारी किया था। चर्चाएं थी कि एसपी इल्मा अफरोज को विधायक का जिला बद्दी पुलिस में हस्तक्षेप मंजूर नहीं था और उनकी पत्नी की गाड़ियों के चालान काटने के बाद से आपस में एक टकराव बढ़ गया।

यावदेतान्निरीक्षेऽहं योद्धकामानवस्थितान्।
कैर्मया सह योद्धव्यमस्मिन्रणसमुद्यमे ॥

और जब तक कि मैं युद्धक्षेत्र में डटे हुए युद्ध के अभिलाषी इन विपक्षी योद्धाओं को भलीप्रकार देख लूं कि इस युद्धरूप व्यापारमें मुझे किन-किन के साथ युद्ध करना योग्य है तब तक उसे खड़ा रखिये॥

अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
कांगड़ा | मंगलवार, 17 दिसंबर 2024

# चोरों से सावधान करने वाली नकची माता





**जयपुर** से लगभग 22 किलोमीटर दूर पश्चिम में अजमेर रोड पर भांकरोटा से एक सड़क उत्तर दिशा में मुकुंदपुरा को जाती है। इस सड़क पर निमेड़ा से लगभग एक किलोमीटर पर जयभवानीपुरा गांव है जहां नकची माता का प्राचीन मंदिर अवस्थित है। देवी के इस मंदिर में कोई शिलालेख नहीं है जिससे इसके निर्माण की सही तिथि और निर्माताओं के बारे में प्रामाणिक जानकारी का अभाव है। अपने विशिष्ट स्थापत्य और शैलीगत विशेषताओं के कारण यह प्रतिहार शासकों द्वारा निर्मित जान पड़ता है। मंदिर की स्थापना आठवीं व नौवीं शताब्दी में हुई थी, जो अब पुरातत्व विभाग के अधीन है। मंदिर में 30 फुट ऊंचा लाल बलुआ पत्थर से निर्मित गुंबद है, जिस पर सभी देवी-देवताओं की मूर्तियां हैं जो प्रतिहार कला का उत्कर्ष काल था तथा इस समय श्रेष्ठतम प्रतिहार मूर्तियां बनीं। ढूंढाड़ क्षेत्र में इसके उदाहरण आभानेरी के हर्षतमाता मंदिर तथा आंबेर के कल्याणराय मंदिर में प्रतिष्ठापित देव प्रतिमाओं में देखे जा सकते हैं। जयभवानीपुरा का यह मंदिर भी उनके समकालीन प्रतीत होता है। उपलब्ध साक्ष्यों से पता चलता है कि यह मूलतः दुर्गा का मंदिर था। दुर्गा भवानी के मंदिर के कारण ही संभवतः यह गांव जयभवानीपुरा के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

## माता की मूर्तियों को खंडित कर गए थे चोर

इस मंदिर की आराध्या देवी का नकची माता नामकरण के पीछे यह लोक विश्वास है कि यह देवी गांववासियों को चोर लुटेरों की गतिविधियों से सचेत करती थीं अतः इस देवी प्रतिमा को अपने उद्देश्यों की पूर्ति में विघ्न मानकर चोर लुटेरों ने देवी प्रतिमा को नाक के पास से खंडित कर दिया था तथा तत्पश्चात् वे नकची माता के नाम से जानी जाने लगी। वे मंदिर में लगी अन्य सभी देवी-देवताओं की मूर्तियों को खंडित कर गए थे। मंदिर में लगी प्रतिमाएं आज भी खंडित हैं। नकची माता का प्रसिद्ध मंदिर के बारे में गांव के बुजुर्ग बताते हैं कि प्राचीन काल में नकची माता मंदिर विजय नगर के अतंर्गत आता था, जो अब पुरातत्व विभाग के अधीन है। इस गांव की सीमा पर जब चोर-लूटेरे प्रवेश करते तो नकची माता गांव वालों को आवाज लगाकर जगा देती, जिससे गांव में जाग होने पर चोरी होने का डर नहीं रहता था।



## 30 फुट ऊंचे मंदिर में लाल बलुआ पत्थर से निर्मित गुंबद पर हैं देवी-देवताओं की मूर्तियां

### कलात्मक देव प्रतिमाओं के कारण विशेष पहचान

नकची माता का यह मंदिर पूर्वाभिमुख है तथा एक ऊंचे अधिष्ठान पर बना है। हालांकि, यह मंदिर आकार में विशाल नहीं है, किंतु परंपरागत भारतीय वास्तुशास्त्र के आदर्शों के अनुरूप निर्मित होने तथा प्रमुख हिंदू देवी-देवताओं की कलात्मक देव प्रतिमाएं संजोये होने के कारण अपनी एक विशेष पहचान और महत्व रखता है। स्थानीय नवासियों के अनुसार वर्षों पहले इस देवी मंदिर के सामने की ओर एक सुंदर और विशाल बावड़ी भी थी जो कालक्रम से धूल धूसरित होकर भूमि के भीतर दब गई मंदिर के कर्ण प्रतिरथ और भद्रा नामक तीन अंगों पर एक-एक ताक या रथिका हैं जिनमें दिकपाल, अप्सराएं, गणेश एवं स्कंद कार्तिकेय की सुंदर और सजीव प्रतिमाएं विध्यमान हैं। मंदिर के प्रवेश द्वार के दायीं ओर इंद्र की खड़ी हुई प्रतिमा है जिसमें इंद्र अपने बाएं हाथ में (खंडित) वज्र लिए हुए प्रदर्शित हैं। इसके अलावा अग्नि, वायु, यम, वरुण और कुबेर इत्यादि की सजीव और कलात्मक मूर्तियां मंदिर की बाहरी ताकों में है जो उसकी शोभा को द्विगुणित करती हैं। नकची माता मंदिर की उत्तर दिशा की दाहिनी ताक में विराजमान चार भुजाओं वाले गणेश की प्रतिमा बहुत आकर्षक है। इसी तरह मंदिर की बायीं ओर की ताक में मयूर की सवारी किए कार्तिकेय की सजीव प्रतिमा है। देवी मंदिर की पश्चिमी ताक एकदम खाली है।



### मुगल बादशाहों ने किए बार आक्रमण

जानकारों के अनुसार, मुगल बादशाहों ने मुगल काल में मंदिर पर कई बार आक्रमण किया, लेकिन नकची माता के शक्ति कुंज के प्रभाव के कारण मुगल शासकों को कभी सफलता नहीं मिली। यहां नवरात्र व तीज त्योहारों पर हजारों श्रद्धालु आते हैं। दूर-दराज से आस्था के केंद्र नकची माता मंदिर में श्रद्धालु मत्थाटेक, धोक लगाकर मन्नत मांगने वाला का तांता सा लगा रहता है। माता के मंदिर में बच्चों का मुंडन संस्कार, सवामणी आदि के लिए राजस्थान सहित हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, गुजरात, उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों के श्रद्धालुओं की कुलदेवी के रूप में मान्यता है।

# चुन्नी-मुन्नी मंदिर

## समाधि लेने के बाद भी जीवित हैं चुन्नी-मुन्नी सिद्ध

- बाबा के आशीर्वाद से पूर्ण स्वच्छ हुए थे राजा नारायण सेन
- सिद्धों के पास राजमहल की रसोई से आती थी पहली थाली



सिद्ध चुन्नी-मुन्नी की समाधि।

मंडी रियासत में चुन्नी-मुन्नी दो सिद्धों का नाम आज भी बड़ी श्रद्धा के साथ लिया जाता है। राजा साहिब सेन ने 1534 से 1554 ई. तक राज्य किया, इसी काल के मध्य में चुन्नी-मुन्नी दो सिद्धों का आगमन मंडी रियासत में हुआ। सिद्धों के चमत्कारों की ख्याति पूरी रियासत में फैल गई। राजा साहिब सेन और उनकी पत्नी प्रकाश देवी की कोई संतान नहीं थी, लेकिन देव हुरंग नारायण की पूजा-अर्चना करने से उनके एक बालक ने जन्म लिया उसका नाम नारायण सेन रखा। बालक जन्म से ही अपाहिज था, राजा और रानी को बड़ी चिंता हुई, रानी एक दिन नारायण सेन को चुन्नी-मुन्नी सिद्धों के पास ले गई। चुन्नी-मुन्नी सिद्धों ने नारायण सेन को कुछ दिन अपने पास ही रखा और उपचार शुरू किया, नारायण सेन पूर्ण स्वच्छ हो गया और चलने-फिरने लगा। इस चमत्कार से राजा साहिब सेन और रानी प्रकाश देवी बहुत प्रसन्न हुई। उन्होंने दोनों सिद्धों को मंडी रियासत में ही रोक लिया और पड्डल का मध्य भाग दोनों सिद्धों को भेंट स्वरूप दिया तथा आदेश जारी किए कि प्रतिवर्ष हर घर से तीन सेर अन्न भेंट स्वरूप दिया जाए। अन्न की प्रथा दो-तीन शताब्दियों तक जारी रही। राजा साहिब सेन का स्वर्गवास होने पर रानी प्रकाश देवी भी उनके शव के साथ सती हो गई। इसके पश्चात नारायण सेन राजा बना और राज्य का संचालन करने लगा। राजमहल की रसोई से अन्न की पहली थाली चुन्नी-मुन्नी सिद्धों को भोग स्वरूप भेजी जाती थी, यह लंबे समय तक जारी रही।

### सुकेत रियासत के 7 दुर्गों पर किया था कब्जा

राजा नारायण सेन ने अपने कार्यकाल में कई मंदिर बनवाए, इनकी माता प्रकाश देवी ने राज्य में कई बावड़ियां और रास्तों का निर्माण करवाया था। राजा नारायण सेन अपने छोटे भाई केशव सेन की सहायता से राज्य का संचालन करता थे। राजा ने अपने कार्यकाल में अनंतरपुर, टहल तथा पंडोह आदि के राणाओं को हराया और इन क्षेत्रों को मंडी रियासत में मिलाया। सुकेत के राजा उदय सेन (1560-1590 ई.) के शासनकाल में राजा नारायण सेन ने सुकेत के 7 दुर्गों पर भी अधिकार कर लिया। राजा नारायण सेन की जीत का कारण सिद्ध चुन्नी-मुन्नी का आशीर्वाद ही था।

### सिद्धों ने जीवत ही ले ली थी समाधि

कुछ काल के बाद राजा नारायण सेन का स्वास्थ्य फिर खराब होने लगा और 1574 ई. को वह स्वर्ग सिधार गए। इसके पश्चात केशव सेन राजा बना, लेकिन तब तक दिल्ली में मुगलों का अधिकार हो गया था और मंडी रियासत का संचालन भी इनकी शर्तों पर हो रहा था। राजा नारायण सेन के स्वर्ग सिधारने के कुछ काल बाद सिद्ध बाबा चुन्नी-मुन्नी ने भी समाधि ले ली। कहा जाता है कि इन्होंने जीवत ही समाधि ली थी और इन्हें कांगड़ा में देखा गया था। कुछ लोग इनको बिलासपुर और सुकेत में भी देखने का दावा करते हैं। मंडी में आज भी उनकी समाधि विद्यमान है।

-अनिल शर्मा
नौबाही मंडी।

## सुंदरनगर में शिखर शैली का प्राचीन महादेव मंदिर

- अद्भुत कलाकृति का नमूना यह मंदिर बेहद आकर्षक
- मंदिर के प्रवेश द्वार के आगे हैं दो गोलाकार सुंदर स्तंभ



**सुंदरनगर** के महादेव नामक कस्बे में शिखर शैली का प्राचीन शिव मंदिर स्थित है। यह मंदिर धनोटू से आधा किलोमीटर की दूरी पर (जो सड़क करसोग की ओर जाती है में ) स्थित है और मंदिर को भी महादेव के नाम ही से जाना जाता है। यहीं पर सड़क के दायीं ओर एक बड़े से पीपल के टयाले के साथ ही प्रवेश तोरण से निकलकर आगे मंदिर परिसर में प्रवेश कर लेते हैं। तोरण से शुरू यह रास्ता दोनों ओर से लोहे के जंगलों से पूरी तरह सुरक्षित व ऊपर से स्टील की टीन से छत्ता हुआ है। इसी परिसर में मंदिर के प्रवेश द्वार के सामने एक लगभग अढ़ाई फुट ऊंचा (सुंदर फूलों की तरह तराशे पत्थरों का) आधार बना है, जिस पर चरण पादुका दिखाई गई है। इसी चरण पादुका के आगे अलग-अलग दो शिव वाहनों को दिखाया गया है। मंदिर के प्रवेश द्वार के आगे दो गोलाकार सुंदर स्तंभ देखने को मिलते हैं जिन पर द्वार की छत का भार टिका है। इन्हीं स्तंभों के आधार व शीर्ष पर सुंदर पत्थर तराशी का कार्य देखते ही बनता है। मंदिर में सभा मंडप, अंतराल व गर्भ गृह की बनावट इस प्रकार से देखी गई है। अर्थात सभा मंडप चार गोलाकार स्तंभों पर टिका है और हर स्तंभ के शीर्ष व आधार पर सुंदर पत्थर तराशी का कार्य देखा जा सकता है। सभा मंडप के आगे छोटा सा अंतराल बना है और यह भी गर्भ गृह के द्वार के साथ ही साथ चार गोलाकार स्तंभों पर ही टिका है। ऊपर से समस्त सभा मंडप व अंतराल पत्थर की मोटी मोटी टाइलों की छत्ते गए हैं। गर्भ गृह पर शिखराकर व सभा मंडप तथा अंतराल की छत आयताकार (पिरामिडाकार) की हैं। मंदिर शिखर शैली के अंतर्गत ही आता है। मंदिर के गर्भ गृह के प्रवेश द्वार के दोनों ओर व मंदिर के बहार की दीवारों पर पत्थर तराशी का सुंदर कार्य देखने वाले को चकित कर देता है, क्योंकि (पत्थर तराशी में) देवी-देवताओं की सुंदर आकृतियों के साथ ही साथ बेल बूटों व कई प्रकार के जीव जंतुओं की भी सुंदर आकृतियां देखने को मिल जाती हैं। गर्भ गृह के ठीक मध्य में शिवलिंग स्थापित है, जिस पर सुंदर चांदी के शेषनाग को फन फैलाए दिखाया गया है। साथ ही गर्भ गृह में बने शीशे की पेटिका में रखी भगवान शिव व देवी मां की प्रतिमाएं भी देखी जा सकती हैं।



डॉ. कमल के. प्यासा
परुथी, लोअर समखेतर, मंडी

मंदिर की बाहरी दीवारों पर की गई विशेष कलात्मक कृतियां भी देखते ही बनती हैं। विशेषकर बाहरी दीवारों पर बने आले जो कि तीन भिन्न-भिन्न आकारों के देखने को मिलते हैं। अर्थात छोटे, बड़े व मध्यम आकार के बड़े व मध्यम आकर के आलों में बाहर की ओर निकले गोलाकार दो दो स्तंभों को देखा जा सकता है, जिन पर सारा ऊपरी भार टिका रहता है। सबसे बड़े आले मंदिर की दीवार की कोनों पर बने हुए देखने को मिलते हैं और इनका यह क्रम मध्यम व छोटे आले के बाद ही बनता है। जैसे कि आप सामने वाले प्रवेश द्वार के साथ दोनों किनारों पर, दोनों तरफ बड़े दो स्तंभों वाले आले के साथ, छोटे व मध्यम आकार के आले को देखा जा सकता है। इस प्रकार कुल मिलाकर आगे प्रवेश द्वार के दोनों ओर छह आले बन जाते हैं। मंदिर की दायीं व बायीं ओर की दीवार पर भी यही क्रम देखा जा समता है। सभा मंडप में प्रकाश के लिए दायीं व बायीं दीवार के मध्य में बड़े आकार की दोहरी खिड़की का प्रवधान किया गया है। दोनों तरफ की खिड़कियों के बाहर आधार पर सुंदर पशु-पक्षियों के साथ ही साथ कई एक अन्य उकेरी गई आकृतियां भी देखी जा सकती हैं। गर्भ गृह के पीछे वाली दीवार पर भी बने आलों का क्रम आगे जैसा ही है अर्थात दीवार के मध्य में मध्यम आकार का दो गोलाकार स्तंभों वाला आला ही है। ऊपर सभा मंडप व गर्भ गृह की छत के ठीक मध्य में सुंदर तराशे हुए आमलक बने हुए भी देखे जा सकते हैं। शेष गर्भ गृह स्तंभ व चौखट भी सुंदर तराशे पत्थरों से सुसज्जित है। मंदिर के अंदर बाहर सभी तरफ संगमरमर की सुंदर टाइलों की सजावट बनी दिखती है। बाईं ओर खुला बरामदा व उसके पीछे भी बड़ा सा बरामदा है, जिनका उपयोग शुभ व अन्य सामाजिक कार्यों के लिए किया जाता है। इस सब के साथ ही साथ मंदिर का एक बड़ा सा सुसज्जित सभा भवन भी है जो कि मंदिर व अन्य सामाजिक गतिविधियों के लिए प्रयोग किया जाता है। प्राचीन व प्रसिद्ध मंदिर होने के कारण ही मंदिर में आने जाने वालों का तांता लगा रहता है और शिवरात्रि के समय तो यह लोगों का सैलाब ही उमड़ पड़ता है।

प्रस्तुति : डॉ. कमल के प्यासा
लोअर समखेतर, मंडी

# टोटके

### शीघ्र विवाह के लिए

जिन जातकों का विवाह मनचाहे वर से नहीं हो रहा है या बार-बार विघ्न पड़ रहे हों, वह नवरात्र में देवी भगवती के नौ व्रत रखें व आत्मसंयमी होकर एक समय दुर्गासप्तशती व एक समय शुद्ध होकर निम्न मंत्र का 11,000 बार जाप करें। जाप पूर्ण होने पर दशांश हवन, तर्पण, मार्जन व ब्राह्मणों को भोजन करवाएं, शीघ्र लाभ होगा।

**पत्नी मनोरमा देहि मनोवृत्तानुसारिणीम। तारिणीं दुर्ग संसार सागरस्य कुलोदभवाम॥**

***यह सारा जप कात्यायनी यंत्र की स्थापना करके ही करें।***

### संतान प्राप्ति के लिए

नवरात्र में स्कंदमाता का विधिवत व्रत रखें व दुर्गा सप्तशती का पाठ करें। दशहरे के दिन योग्य पंडित से मंत्र-जप करवाकर पूए से हवन करवाएं। नवरात्र में नौ दिनों तक संतान प्राप्ति का संकल्प करके भगवती का पूजन करके ध्यान करना चाहिए।



**ध्यान-भजे कामेश्वरीं देवीं शिवांके रूपसन्निभाम।**
**व्रतानुष्ठान मात्रेण आशु संतान वर्धिनीम॥**
**विनियोग - अस्य श्रीसंतानकामेश्वरी महामंत्रस्य मन्मथ ऋषिः त्रिष्टुपछन्दः श्री संतानकामेश्वरी देवता क्लीं बीजं श्रीं शक्तिः श्रीं कीलकं (अमुक्याः) मम सन्तान प्राप्तये वृद्धये जपे विनियोगः**
**जपनीय मंत्र :**
**क्लीं ऐं ह्रीं श्रीं नमो भगवति संतानकामेश्वरि गर्भविरोधं निरासय निरासय सम्यक् शीघ्रं संतानमुत्पादयोत्पादय स्वाहा॥**
**श्री कामेश्वरी यै अर्पणमस्तु**

इस मंत्र का सवा लाख जाप करने के पश्चात दशांश हवन, दशांश तर्पण, मार्जन और ब्राह्मण को भोजन करवाएं। कन्या पूजन करके मंत्र का जाप आरंभ करें। संतान अवश्य प्राप्त होगी।

नौकरी हेतु इंटरव्यू में सफलता के लिए स्फटिक की माला से नौ दिन तक 108 बार नीचे लिखे मंत्र का पाठ करें :

**ह्रीं वाग्वादिनी भगवती मम कार्य सिद्धि करि-करि स्वाहा**

# स्कूल के रास्ते का निर्माण न हुआ तो होगा धरना-प्रदर्शन

## कछियारी फोरलेन निर्माण के चलते जोगीपुर स्कूल का रास्ता हुआ बंद

आशीष दमीर, कांगड़ा

कछियारी फोरलेन निर्माण के चलते राजकीय उच्च विद्यालय जोगीपुर स्कूल को जाने वाले रास्ते के बंद होने के मामले में ग्रामीण ने तल्ख रूप अपना लिया है। लोगों ने दो टूक चेतावनी दी है कि अगर रास्ते का निर्माण नहीं किया तो धरना प्रदर्शन होगा।

इससे पहले ग्रामीण जोगीपुर पंचायत प्रधान रिपल चौधरी और जोगीपुर एसएमसी के सदस्य राजकुमार की अध्यक्षता में दूसरी बार एसडीएम इशांत जसवाल से मिले। ग्रामीणों ने एसडीएम के समक्ष दोबारा इस समस्या को रखा। ग्रामीणों ने एसडीएम को बताया कि यह काफी पुराना रास्ता है। बोदडवल्ला, कांगड़ा रेलवे स्टेशन की तरफ से जोगीपुर स्कूल आने वाले छात्रों के लिए रास्ता था। साथ ही जोगीपुर गांव के लोग भी श्मशानघाट आदि जाने के लिए इसी रास्ते का प्रयोग करते थे। अब स्कूली छात्रों और लोगों को लंबा चक्कर लगाकर आना-जाना पड़ रहा है। एसडीएम कांगड़ा ने लोगों की समस्या को सुना और खुद मौके का दौरा करने की बात कही। एसडीएम बुधवार को एनएचएआई के अधिकारियों के साथ मौके पर जाएंगे। इस मौके पर जीत कुमार, संदीप, सुभाष चंद, नवीन शर्मा, सुरेंद्र, राजेश आदि भी मौजूद थे। बता दें कि जोगीपुर स्कूल में करीब 200 छात्र शिक्षा ग्रहण करते हैं। स्कूल को जाने वाला एक रास्ता फोरलेन के साथ मिलता था, जोकि फोरलेन निर्माण के दौरान कटाई में आने के चलते बंद हो गया है।

रास्ता बंद होने से छात्रों को चार किलोमीटर का सफर तय कर स्कूल पहुंचना पड़ रहा है। ऐसे में छात्रों के अभिभावक अपने बच्चों को किसी दूसरे स्कूल में दाखिल करने का मन बना चुके हैं। वहीं, पंचायत जोगीपुर और साथ लगते गांव ललेहड़ के लोग श्मशानघाट के लिए भी इसी रास्ते का प्रयोग करते थे। अब रास्ता बंद होने के कारण लोगों को शव ले जाने के लिए 5 से 6 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ रहा है। (अनंत ज्ञान)



एसडीएम इशांत जसवाल से बातचीत करते प्रधान रिपल चौधरी व अन्य।



नगरोटा बगवां: सोमवार को राष्ट्रीय हिंदू शक्ति संगठन नगरोटा बगवां, कांगड़ा के अध्यक्ष गुरदेश सपहिया की अध्यक्षता में सरकारी अस्पताल में गर्म कंबल बीएमओ डॉ. रुबी भारद्वाज के सुपुर्द करते हुए रत्न धनोटिया, जतिंद्र कुमार, ओम प्रकाश, ब्रह्मा नंद, सुधीर पठानिया, एसपी सेठी व विजय सूद।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रो. मिनोद ने मास्टर गेम्स में जीता स्वर्ण पदक

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां। राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नगरोटा बगवां के समाजशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक प्रो. मिनोद गुलेरिया ने राज्य स्तरीय मास्टर गेम्स में अपनी अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए 10 किलोमीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल महाविद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 14 और 15 दिसंबर को बिलासपुर के लुहनू मैदान में आयोजित की गई, जिसमें तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रदेशभर के अनुभवी और प्रतिभाशाली धावकों ने हिस्सा लिया था। प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार सोनी ने प्रो. मिनोद को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी और इसे महाविद्यालय के लिए एक गर्व का क्षण बताया। प्रो. मिनोद गुलेरिया ने अपनी सफलता का श्रेय अपने नियमित अभ्यास और सकारात्मक दृष्टिकोण को दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक प्रो. राधिका शर्मा, प्रो. संजय शर्मा, डॉ. राजीव कुमार, डॉ. रीता आदि उपस्थित रहे और उन्होंने प्रो. मिनोद को शुभकामनाएं दीं।



### नक्षत्र पठानिया भारतीय वायु सेवा में बने फ्लाइंग ऑफिसर

अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां। नक्षत्र पठानिया का भारतीय वायु सेवा में फ्लाइंग ऑफिसर (फाइटर पायलट) के तौर पर चयन हुआ है। नक्षत्र नगरोटा बगवां में गुजरेहड़ा (61 मील) के रहने वाले हैं। वह नगरोटा पठानिया के पुत्र हैं जो वर्तमान में सुलह स्कूल में प्रधानाचार्य पद पर कार्यरत हैं तथा हिमाचल राजकीय अध्यापक संघ के प्रदेश के मुख्य संरक्षक भी हैं। नक्षत्र की माता भी अध्यापिका हैं। नक्षत्र का चयन 2020 में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी खड़गवासला (पुणे) में हुआ जहां से 2023 में प्रशिक्षण पूरा करने के बाद उन्होंने एक वर्ष का प्रशिक्षण वायु सेवा अकादमी हैदराबाद में लिया। उनका दीक्षांत समारोह 14 दिसंबर को हैदराबाद में हुआ। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद वह अब कलाईकुंडा, कोलकाता (पश्चिम बंगाल) में अपनी सेवाएं देंगे। नक्षत्र ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिजनों व अध्यापकों को दिया है।



### 39 दिव्यांगों व 10 वरिष्ठ नागरिकों की स्वास्थ्य जांच

देहरा, शुभम शर्मा। जिला रेडक्रास सोसायटी धर्मशाला व कृत्रिम अंग निर्माण निगम मोहाली के सहयोग से दिव्यांगों और वरिष्ठ नागरिकों की सहायता के लिए सोमवार को बचत भवन देहरा में मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया गया। टीम ने 39 दिव्यांगों व 10 वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य की जांच की। सोसायटी के सचिव ओपी शर्मा ने बताया कि शिविर में 49 लोगों का पंजीकरण किया गया है, जिन्हें अगले शिविर में निशुल्क उपकरण दिए जाएंगे। शिविर में पंजीकृत दिव्यांगों व वरिष्ठ नागरिकों को आवश्यकतानुसार बैटरी चलित तिपहिया साइकिल, व्हील चेयर, फोल्डेबल वॉकर, हेयरिंग एड, विल्पर व आधुनिक कृत्रिम अंग के लिए नाप लिया गया है। शिविर में तहसील कल्याण अधिकारी देहरा विपुल कुमार, राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



### ओपन प्लेसमेंट ड्राइव का होगा आयोजन

पूजन भंडारी, नगरोटा बगवां। राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल 18 दिसंबर को सुबह 11 बजे से अपने परिसर में ओपन प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित करने जा रहा है। जिसमें वर्धमान कंपनी प्लेसमेंट के लिए आ रही है। महाविद्यालय के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी पंकज ठाकुर ने बताया की उपयुक्त उम्मीदवार के लिए वेतन 16 हजार प्रति माह तक हो सकता है। इसके अलावा चयनित उम्मीदवारों को रहने की व्यवस्था कंपनी की ओर से दी जाएगी। इस प्लेसमेंट ड्राइव में किसी भी महाविद्यालय का स्नातक छात्र इसमें भाग ले सकता है। इसके अलावा आठवीं, दसवीं, प्लस टू और किसी भी ट्रेड में आईटीआई छात्र भाग ले सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### इंद्रुनाग क्षेत्र में जंगल में भड़की आग

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला। धर्मशाला क्षेत्र के तहत इंद्रु नाग क्षेत्र में रात को वन में आग लग गई। रात करीब 9.30 बजे की इस घटना की सूचना मिलने के बाद धर्मशाला फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची तथा आग पर काबू पाया। इस आग के कारण चीड़ के कई छोटे पौधे जल गए। आग को बुझाने में अग्निशमन कर्मियों को करीब 2 घंटे मशक्कत करनी पड़ी। बताया जा रहा है कि अगर समय रहते आग को काबू न किया जाता तो आग पूरे जंगल में फैल सकती थी। उधर, आग लगने की घटना की पुष्टि करते हुए धर्मशाला स्थित फायर स्टेशन अफसर कर्म चंद कश्यप ने बताया कि आग की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग को काबू किया।



# प्लेटा गांव के विवेक राणा बने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट

अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर

जयसिंहपुर तहसील की सरी पंचायत के छोटे से गांव प्लेटा के विवेक राणा भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बन गए हैं। भारत की सबसे प्राचीन एवं प्रतिष्ठित भारतीय सैन्य अकादमी देहरादून के पासिंग आउट परेड समारोह के उपरांत विधिवत रूप से भारतीय सेना का हिस्सा बने। पासिंग आउट परेड के गवाह विवेक राणा की माता पूनम राणा, पिता सूबेदार मेजर ऑनरेरी कप्तान मनोहर राणा, बहन कैप्टन पल्लवी राणा, दादी एवं नानी भी बने। परिवार की दूसरी पीढ़ी सेना में सेवाएं दे रही है।

विवेक ने कक्षा 12वीं तक की पढ़ाई आर्मी पब्लिक स्कूल जालंधर कैंट की। इसके उपरांत इन्होंने अपनी बीटेक (कंप्यूटर साइंस) की स्नातक डिग्री चंडीगढ़ ग्रुप ऑफ कॉलेजेस मोहाली से की। साथ साथ ही इन्होंने ने कंबाइंड डिफेंस सर्विसिज एग्जामिनेशन पीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण की तथा पूरे देश में 37वां रैंक हासिल किया। भारतीय सेना की सैन्य अकादमी देहरादून में 18 महीने के कठिन प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद 14 दिसंबर 24 को पास आउट हुए। विवेक ने इससे पहले कॉरपोरेट सेक्टर की विदेशी कंपनी में लाखों रुपए के पैकेज को छोड़कर बहन पल्लवी राणा से प्रेरित होकर देश सेवा करने को अपना पहला लक्ष्य चुना।

लेफ्टिनेंट विवेक राणा इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं समस्त परिवार को देते हैं, जो हर वक्त उसे प्रेरित करते रहे।



## टीबी मुक्त अभियान के तहत जागरूक किए लोग

अनंत ज्ञान, बैजनाथ

सीएच बैजनाथ में टिफा प्रोजेक्ट के अंतर्गत खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिलावर सिंह दियोल की अध्यक्षता में एक टीबी मुक्त अभियान के तहत बैजनाथ ब्लाक के कैमिस्ट, दवा विक्रेता,आयुष डॉ. ग्रामीण स्वास्थ्य प्रैक्टिशनर को जागरूक किया गया।

इस मौके पर जिला कांगड़ा के सीनियर प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर प्रवीण चौहान ने बताया कि प्रति एक मरीज जिसे खांसी की दवाई दी जा रही है उसका रिकॉर्ड टीबी मुक्त ऐप पर डाउनलोड किया जाए, ताकि स्वास्थ्य विभाग की टीम उससे निरंतर संपर्क में रहे और उसे बलगम की जांच हेतु प्रेरित कर सके।

इस मौके पर डॉ. दिलावर सिंह ने कहा कि जिला कांगड़ा में प्रतिवर्ष 3000 नए टीबी केस आ रहे हैं जिसके लिए सभी को इस बीमारी के प्रति जागरूक होने की जरूरत है। इस मौके पर एसडीएमओ डॉ. विक्रम राणा, स्वास्थ्य शिक्षक बीरबल, सीनियर टीबी सुपरवाइजर रोहित ठाकुर महाकाल आदि ने भाग लिया।



टीबी मुक्त अभियान में उपस्थित डॉ. दिलावर सिंह दियोल व अन्य।

## सकड़ी में मनाया वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह

जितेंद्र कौशल, बैजनाथ

राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सकड़ी में सोमवार को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि विधायक किशोरी लाल उपस्थित हुए। उन्होंने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत, नाटक आदि प्रस्तुत किए।

मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए छात्रों को परिश्रम और अनुशासन का पालन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने विद्यालय की प्रगति और शैक्षिक उपलब्धियों की सराहना की और सरकार की ओर से शिक्षा क्षेत्र में दी जा रही सुविधाओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इस युग में बच्चों के समग्र विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेल व अन्य गतिविधियों में भी भागेदारी जरूरी है। किशोरी लाल ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दे रही है तथा सरकारी शैक्षणिक संस्थानों में आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कारगर कदम उठा रही है।

किशोरी लाल ने छात्रों और शिक्षकों को उनके प्रयासों के लिए बधाई दी। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय की प्रगति और छात्रों की प्रतिभा की प्रशंसा की। उन्होंने स्कूल के लिए दो स्ट्रीट लाइटें देने की घोषणा की। एसएमसी प्रधान सुमन भंडारी ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने वाले बच्चों को 1100 रुपए दिए।

प्रधानाचार्य ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें विद्यालय की उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य चंद्रपाल राणा, बबिता कटोच, कुलदीप, अतुल चौधरी आदि मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)



## 5500 रुपए की रिश्वत लेते डाटा एंट्री ऑपरेटर गिरफ्तार

पठानकोट। पंजाब सतर्कता ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रहे अभियान के दौरान सोमवार को रजिस्ट्रेशन एंड ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी कार्यालय पठानकोट में तैनात डाटा एंट्री ऑपरेटर जतिंद्र कुमार और मुकेश को 5500 रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया है। राज्य विजिलेंस ब्यूरो के एक प्रवक्ता ने बताया कि उपरोक्त आरोपियों को पठानकोट जिले के गांव मनवाल निवासी सुरजीत कुमार द्वारा दर्ज करवाई गई शिकायत के आधार पर गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता ने विजिलेंस ब्यूरो को अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि उपरोक्त आरोपियों ने उसकी गाड़ी का हिमाचल प्रदेश नंबर से पंजाब राज्य रजिस्ट्रेशन नंबर बदलने के लिए 5500 रुपए की रिश्वत की मांग की है। दोनों आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के अंतर्गत अमृतसर रेंज में मामला दर्ज किया गया है।



## ट्रैक्टर गहरी खाई में गिरा नेपाली मजदूर की मौत

बैजनाथ। क्षेत्र बैजनाथ के तहत संसाल-थाती निर्माणाधीन मार्ग पर एक ट्रैक्टर गहरी खाई में गिरने से नेपाली मूल के दीपेंद्र तामांग पुत्र चिरकोठे उम्र 34 एक व्यक्ति की मौत हो गई। थाना प्रभारी बैजनाथ मनीष कुमार ने बताया कि बीती रात उक्त व्यक्ति ट्रैक्टर लेकर संसाल की तरफ आ रहा था कि 600 फुट गहरी खाई में गिर गया हालांकि अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि दुर्घटना किस वजह से हुई लेकिन पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उक्त व्यक्ति निर्माणाधीन मार्ग पर निर्माण सामग्री लाने लेजाने का कार्य करता था।

## चोरी के मामले में पकड़े 5 आरोपी

अनंत ज्ञान, कांगड़ा

मिशन अस्पताल कांगड़ा के पास 11 दिसंबर को हुई लाखों की चोरी के 5 आरोपियों को एक हफ्ते के अंदर ही पकड़ लिया गया है, जिसकी जानकारी डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने पत्रकार वार्ता में दी।

उन्होंने बताया कि कांगड़ा के मिशन हॉस्पिटल के राजेंद्र पाल के घर पर हुई चोरी का मामला है। राजेंद्र व उनकी पत्नी नलिन जोकि किसी काम से बाहर गए हुए थे जैसे ही उनकी पत्नी घर पहुंची तो देखा कि घर के दरवाजे टूटे हुए थे व घर से सारा कीमती सामान गायब था, जिसकी सूचना उन्होंने पुलिस थाना कांगड़ा में दी, जिस पर एफआईआर दर्ज करते हुए कांगड़ा पुलिस ने इन पांचों आरोपियों को धर-दबोच लिया। उन्होंने बताया कि इन आरोपियों की पहचान बलराज उर्फ बलु निवासी छोटी हेल्ड, रवि कुमार निवासी ढूंगा बाजार, दीपक निवासी बड़ी हेल्ड, रंजीत डूंगा बाजार व मोहन कुमार गुप्त गंगा का रहने वाला है। इनमें से तीन व्यक्तियों पर पहले से ही थाना कांगड़ा में चोरी के मामले दर्ज हैं। आरोपियों से 2 मोबाइल फोन, एक स्मार्ट वाच, काफी सारे गहने भी रिकवर किए गए हैं। आरोपियों को कोर्ट ने पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। (अनंत ज्ञान)



पत्रकार वार्ता करते डीएसपी अंकित शर्मा।

## उपायुक्त कांगड़ा के माध्यम से आपत्तियां और सुझाव मांगे

बैजनाथ। शहरी विकास विभाग के प्रधान सचिव देवेश कुमार ने बैजनाथ पपरोला नगर पंचायत को नगर परिषद का दर्जा देने को लेकर दो सप्ताह के भीतर उपायुक्त कांगड़ा के माध्यम से आपत्तियां व सुझाव मांगे हैं। बैजनाथ के एसडीएम देवीचंद ठाकुर ने बताया कि नगर पंचायत की जनता अपनी आपत्तियों को दर्ज करवा सकती है, जिसके बाद उसे उपायुक्त कांगड़ा के माध्यम से प्रदेश सरकार को भेजा जाएगा। इसके अलावा जनता सीधे तौर पर भी शहरी विकास विभाग के पास अपनी आपत्तियां दर्ज करवा सकती है।

### स्नैचिंग की खबर दिखाने के बाद हरकत में आया पुलिस प्रशासन

## आरोपी को चंद घंटों में किया गिरफ्तार

अशोक ठाकुर, पठानकोट

पठानकोट में कुछ दिनों पहले अंदरून बाजार में एक बुजुर्ग महिला के कानों से सोने की बालियां छीन कर फरार हुए एक्टिवा सवार व्यक्ति को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है।

डीएसपी सिटी समीर सिंह मान ने बताया कि मामले को लेकर पुलिस टीम द्वारा की जा रही जांच के दौरान गांव कोठे मनवाल के रहने वाले अभिजीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। बता दे कि फास्टवे द्वारा यह कोशिश रहती है कि इस प्रकार के हादसों की जानकारी दर्शकों तक पहुंचाई जा सके ताकि ऐसी आपराधिक गतिविधियों को लेकर लोग जागरूक रह सकें और शहर की सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने मे पुलिस का सहयोग कर सकें। (अनंत ज्ञान)



## कुटवासी के गनोड़ में तेंदुए की दहशत

अनंत ज्ञान, फतेहपुर

उपमंडल फतेहपुर की पंचायत कुटवासी के गनोड़ में तेंदुए की दहशत बनी हुई है। जिस कारण स्थानीय लोग सहमे हुए हैं। स्कूली छात्रा परनीति ने बताया जब से जानकारी मिली है तब से स्कूल को जाते समय वक्त डर लग रहता है। वहीं, स्थानीय महिला सुमन कौर ने बताया कि वह जैसे ही सोमवार सुबह 5 बजे उठी तो उसे घर से गुजरता हुआ एक तेंदुआ दिखा, जिसे देखकर वह डर गई। वहीं, इससे पहले ही तेंदुए की दहशत से लोगों को निजात दिलवाई जाए।

पंचायत प्रधान हरिंदपाल मेजर के साथ बात की तो उन्होंने कहा उनकी पंचायत के गनोड़ में तेंदुए की दहशत बनी हुई है। जिसके लिए, उन्होंने पंचायत की तरफ से विभाग व सरकार से अपील की है कि कोई अनहोनी घटना न घटे



### अग्निशमन उपकरणों के इस्तेमाल के प्रति किया जागरूक

कांगड़ा। सिविल अस्पताल कांगड़ा में दमकल विभाग ने अग्निशमन उपकरणों के इस्तेमाल के प्रति मेडिकल स्टाफ व अन्य कर्मचारियों जागरूक और उनके प्रयोग की बारीकियां बताईं व आग से बचने के तरीकों बारे अवगत कराया। इस मौके पर विभाग के कर्मियों ने बताया कि जागरूकता अभियान चलाए जाने का मुख्य उद्देश्य है कि आपातकालीन स्थिति में आग पर कैसे काबू पाया जा सके। आपातकालीन स्थिति में इसके उपयोग हेतु जानकारियां बताई गई। जानकारी देते हुए एसएमओ अल्पना ने बताया कि अस्पताल में अग्निशमन विभाग द्वारा अस्पताल के स्टाफ समेत अन्य कर्मचारियों को अग्निशमन यंत्र चलाने के टिप्स दिए गए। आग से बचाव के लिए अस्पताल स्टाफ को अग्निशमन विभाग ने प्रशिक्षण दिया।

रोष

### छात्र व युवा विरोधी फैसले लेने से पहले प्रदेश के भविष्य के बारे में सोचे सुक्खू सरकार

# अस्थायी शिक्षा भर्ती के खिलाफ धर्मशाला में विद्यार्थी परिषद का प्रदर्शन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने प्रदेश सरकार के शिक्षण संस्थानों में प्रति घंटा आधार पर अतिथि अध्यापकों की नियुक्ति के निर्णय के खिलाफ धर्मशाला में मोर्चा खोला। विद्यार्थी परिषद का कहना है कि पहले भी अतिथि शिक्षकों के नाम पर भर्तियां करवाने के निर्णय को प्रदेश के युवाओं के विरोध के चलते सरकार को अपना निर्णय वापस लेना पड़ा था।

प्रदेश सरकार के अनुसार गेस्ट शिक्षक रखे जाएंगे, जिन्हें प्रति पीरियड 200 से 550 रुपए तक मानदेय मिलेगा। गैर अरेंजमेंट के नाम पर स्कूली स्तर से कॉलेज स्तर तक अब अतिथि शिक्षकों के भरोसे छात्रों को पढ़ाया जाएगा। कहीं न कहीं इस कारण शिक्षण संस्थानों में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों व सालों की मेहनत के बाद नेट, सेट की परीक्षा को उत्तीर्ण कर अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने के सपने लिए युवाओं के साथ धोखा है।

अतिथि शिक्षक के नाम पर प्रदेश के हजारों युवाओं को उनकी शिक्षा पूर्ण करने के बाद में स्थायी तौर से रोजगार न दे पाना और चुनाव के पहले प्रदेश के लाखों युवाओं को रोजगार के सपने दिखाना कहीं न कहीं आज हिमाचल सरकार का असली चेहरा हिमाचलवासियों के सामने आ चुका है। इस विरोध प्रदर्शन में विद्यार्थी परिषद की प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने कहा एक तरफ शिक्षण संस्थानों में प्रति घंटा आधार पर अतिथि अध्यापकों की नियुक्ति करने की बात की जा रही है। वहीं, दूसरी तरफ हिमाचल के कई पुस्तकालयों के अंदर ऐसे हजारों छात्र जो सालों की मेहनत के बाद नौकरी पाने का एक मौका खोज रहे हैं। निश्चित रूप से अतिथि शिक्षक भर्ती की खबर से ऐसे सभी युवाओं के अंदर की पीड़ा सरकार के खिलाफ सड़कों पर आने के लिए तैयार बैठी है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल सरकार को चेतावनी देते हुए यह कहना चाहती है कि इस प्रकार के छात्र व युवा विरोधी फैसलों को लेने से पहले प्रदेश के भविष्य के बारे में सोचा जाना चाहिए व इस प्रकार के किसी भी फैसले का विद्यार्थी परिषद कड़ा विरोध करती है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश सरकार ने जल्द इस फैसले को वापस नहीं लिया तो विद्यार्थी परिषद सोमवार को जिला स्तर पर यह धरना-प्रदर्शन कर रही है और आने वाले समय में प्रदेश स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। विद्यार्थी परिषद पीछे नहीं हटेगी और हर परिस्थिति में छात्रों के हित की लड़ाई लड़ेगी।




### प्रदेश की शिक्षा को किराए पर देने का हो रहा प्रयास

नैंसी ने कहा कि हिमाचल में जब से सुक्खू सरकार आई है उस समय से ही, चाहे वह व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर हो, चाहे वह शिक्षा के क्षेत्र में नए प्रयोग करना हो, इन सभी निर्णयों से यह साफ दिखता है कि प्रदेश की शिक्षा को किराए पर देने का प्रयास हो रहा है व बिना किसी लंबी सोच के प्रदेश सरकार अपना समय निकालने की मंशा से कार्य कर रही है।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

### सूचना

मैं सुलक्षणा कुमारी (43 वर्ष) पत्नी बृजमोहन आरुणी, ग्राम एवं डाकघर. सुलियाली, उप. तहसील सदवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.) सत्यनिष्ठा से घोषणा करती हूं कि मेरे बेटे हर्ष भारद्वाज के स्कूल सर्टिफिकेट रिकॉर्ड में मेरा नाम सुलक्षणा देवी दर्ज है जो कि गलत है। मेरा सही नाम सुलक्षणा कुमारी है। सुलक्षणा कुमारी और सुलक्षणा देवी एक ही शख्स हैं। इसे सभी नोट करें।

## न्यूज ब्रीफ

### श्लोकोच्चारण में ईशान्वी का तीसरा स्थान



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरानगर के छात्रों ने गीता जयंती के सुअवसर पर गीता भवन हमीरपुर में हुई श्लोकोच्चारण एवं समूह गान प्रतियोगिताओं में भाग लिया। कनिष्ठ वर्ग से ईशान्वी ने तृतीय स्थान व समूह गान में छात्रों ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। छात्रों को श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने पर स्मृति चिन्ह व नकद राशि से नवाजा गया। विद्यालय के वंश व शाश्वत को वाद्य यंत्रों के बेहतरीन प्रदर्शन के लिए नकद 500 रुपए की राशि देकर सम्मानित किया। विद्यालय प्राचार्य शशि बाला ने छात्रों के साथ-साथ संस्कृत व संगीत अध्यापकों विनोद शास्त्री, आशीष शास्त्री, सुनील, अभिषेक व लक्ष्मी को भी बधाई दी।

### स्वास्थ्य शिविर में 127 लोगों का जांचा स्वास्थ्य



**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** हंस फाउंडेशन द्वारा उपमंडल नादौन की बड़ा पंचायत में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह स्वास्थ्य शिविर हंस फाउंडेशन की प्रोजेक्ट को-ऑर्डिनेटर आयुषी सूद की देखरेख में आयोजित किया गया। इसमें फाउंडेशन की स्वास्थ्य निरीक्षक टीम में स्नेह लता, भावना, नोक सिंह, ज्योतिका, फार्मासिस्ट टीम में अंकिता, अभिनंदन, लैब टेक्निशियन रौशनी देवी, बलदेव एवं डॉ. पंकज, आदर्श, महेशी लाल, सुरेश आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस स्वास्थ्य शिविर में 127 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इस दौरान लोगों को फाउंडेशन द्वारा निशुल्क दवाइयां भी दी गईं।

### भोटा कॉलेज में पीटीए समिति की बैठक आयोजित



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राज राजेश्वरी शिक्षा महाविद्यालय भोटा में नई पीटीए समिति के गठन को लेकर बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कॉलेज प्राचार्य, शिक्षकों और अभिभावकों ने भाग लिया। बैठक का समन्वयन सुनील कुमार ने किया। इस बैठक में नए सदस्यों का चयन किया गया, जिसमें अध्यक्ष सुरेश कुमार, उपाध्यक्ष राज कुमार तथा सह-सचिव अंबिका शर्मा को चुना गया। बैठक के दौरान पीटीए के गठन के उद्देश्यों और लक्ष्यों पर चर्चा की गई। पीटीए का मुख्य उद्देश्य शिक्षण संस्थाओं में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना और सहयोग को बढ़ावा देना है। यह समिति पीटीए के नियमों और विनियमों को तैयार करेगी और पीटीए के कार्यों को संचालित करेगी। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ. राजकुमार तथा कॉलेज का संपूर्ण स्टॉफ उपस्थित रहा।

### स्कूली बच्चों को वितरित कीं वर्दियां व अन्य चीजें

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** संजीवनी परमार्थ न्यास द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरयाण व राजकीय उच्च पाठशाला गुलेला में अति निर्धन बच्चों को स्कूली वर्दी के साथ प्रयोग होने वाले गर्म ट्रैक सूट, शूज व मौजे दिए गए ताकि बच्चे अपने आपको ठंड से बचा सकें। इस अवसर पर न्यास के अध्यक्ष बलदेव धीमान ने बताया कि न्यास 2010 से ही शिक्षा के क्षेत्र के साथ-2 अन्य विभिन्न क्षेत्रों जैसे नशा निवारण, सड़क सुरक्षा आदि क्षेत्रों में परमार्थ के कार्य कर रहा है। न्यास ने पिछले 15 वर्षों में लगभग 25 लाख रुपए खर्च कर विभिन्न स्कूलों में अति निर्धन बच्चों को शिक्षार्थ प्रदान किए हैं। इस अवसर पर न्यासी उत्तम चंद शास्त्री, हरवंश लाल, मोहिंद्र राणा, पुनीत आदि उपस्थित रहे।



### दड़योटा गांव में लोगों का जांचा बीपी और शुगर



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपस्वास्थ्य केंद्र दरोग के अंतर्गत गांव दड़योटा में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया जिसमें लोगों का बीपी, शुगर चेकअप किया गया तथा लोगों को खानपान के बारे में भी जानकारी दी गई। लोगों को बाहर की चीजें कम से कम खाने की सलाह दी ताकि वे सर्दियों में बीमार न हों। इसके अतिरिक्त 100 दिन के टीबी अभियान के बारे में भी जानकारी दी गई। लोगों को अधिक से अधिक लोगों को अपना बलगम जांच करवाने के लिए प्रेरित किया गया। स्वास्थ्य कार्यकर्ता संजीव ठाकुर, सीएचओ नेहा कुमारी, पंचायत प्रधान चंद्रशेखर तथा अन्य लोग मौजूद रहे।

### सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम ने जांचा स्वास्थ्य



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** प्रयास संस्था द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से मार्गदर्शन में संचालित अस्पताल-सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की सुजानपुर टीम ने जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाते हुए सुजानपुर विधानसभा के अंतर्गत ग्राम पंचायत बैरी, गांव बहादू मे निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। अस्पताल सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा ने स्वास्थ्य जांच शिविर में 41 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई व अच्छे स्वास्थ्य, संतुलित आहार, अच्छी दिनचर्या के प्रति लोगों को जागरूक किया। स्थानीय गांव वासियों व पंचायत प्रतिनिधियों प्रधान प्रीतम चंद, पूर्व प्रधान विपिन कुमार, होशियार सिंह, महादेव चौहान, संसार चंद व अन्य उपस्थित लोगों ने इस सुविधा के लिए प्रयास संस्था व सांसद अनुराग ठाकुर का आभार जताया व धन्यवाद किया।

### शिक्षा जीवन का आधार है : संजीव शर्मा



**अनंत ज्ञान, गलोड़।** राजकीय उच्च पाठशाला प्लाह ब्राह्मण में सोमवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह में खास गलोड़ पंचायत के प्रधान व कांग्रेस नेता संजीव शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की, जिनका स्कूल पहुंचने पर शाल व टोपी पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। उनके साथ विशेष अतिथि के रूप में स्कूल पधारे शहीद रोहिन ठाकुर के पिता रसील सिंह व इस स्कूल को गोद लेने वाले चैकस राम को भी स्कूल प्रबंधन समिति ने मोमेंटो और टोपी पहनाकर कर सम्मानित किया। स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। स्कूल की मुखिया कुंता देवी ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की व स्कूल में चल रही विभिन्न गतिविधियों बारे में अवगत करवाया। इस मौके पर मुख्यातिथि ने कहा कि शिक्षा के बिना व्यक्ति अर्थ व दिशाहीन हो जाता है शिक्षा जीवन का आधार है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रहे अत्याचार पर बिफरे धार्मिक संगठन, किया धरना-प्रदर्शन

## उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन, यूनुस के नोबेल पुरस्कार को वापस लेने की मांग

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

हमीरपुर नागरिक मंच के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को धार्मिक और सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने धरना-प्रदर्शन किया। धरना-प्रदर्शन के बाद उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भी सौंपा गया। धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद हिमाचल प्रांत के सह मंत्री पंकज भारतीय ने बांग्लादेश में हिंदुओं की दयनीय दशा पर अपनी चिंता प्रकट की।

उन्होंने कहा कि आज बांग्लादेश का नेतृत्व जिस हाथ में है, उसे 2006 में शांति का नोबेल पुरस्कार दिया गया था, परंतु आज इस बांग्लादेश में हिंदुओं के ऊपर इस कदर विविध अत्याचार हो रहे हैं कि हिंदू समाज वहां से पलायन करने के लिए विवश हो चुका है। उन्होंने महामहिम राष्ट्रपति भारत सरकार और संयुक्त राष्ट्र संघ से बांग्लादेश के कार्यवाहक प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस के नोबेल पुरस्कार को वापस लेने की



हमीरपुर के गांधी चौक में धरना-प्रदर्शन करते हुए विभिन्न धार्मिक संगठन।

मांग की। उन्होंने कहा कि यह दोहरा चरित्र सभ्य समाज में एक आदर्श स्थापित नहीं कर सकता है। इस अवसर पर भारतीय ने कहा बांग्लादेश का हिंदू गर्व के साथ अपने अस्तित्व के संघर्ष में जुटा हुआ है और संपूर्ण भारतवर्ष का हिंदू बांग्लादेश के हिंदुओं के साथ कंधे से कंधा मिलकार खड़ा है।

उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की बांग्लादेश में हिंदुओं की स्थिति को सुरक्षित करने के लिए जिस भी प्रकार का कार्य आवश्यक हो, हिंदुओं के संरक्षण के लिए केंद्रीय सरकार को कदम उठाने चाहिएं। उन्होंने कहा कि इस्कॉन के संत चिन्मय दास को आज बांग्लादेश की जेल में बंद किया गया है, उनके वकील को मरणासन्न अवस्था में पहुंचा दिया गया है। कुछ समय पूर्व तक यह ही इस्कॉन संस्था महामारी के समय बांग्लादेश के नागरिकों को बिना उनके धर्म, जाति, मत, पंथ पूछे भोजन मुहैया करवाने में जुटी हुई थी। उन्होंने संत चिन्मय दास की सुरक्षा, उनकी तुरंत रिहाई की भी मांग दोहराई।

इस अवसर पर संत शिरोमणि सर्वेश्वरनंद सरस्वती जी महाराज ने उपस्थित जनमानस को एकजुट होकर समाज का जागरण और प्रबोधन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर देवभूमि संघर्ष समिति के अध्यक्ष सुरजीत ठाकुर ने देश के विभिन्न क्षेत्रों में विघटन वादियों की बढ़ती तादाद को लेकर अपनी चिंता प्रकट की।

इस अवसर पर विधायक लखनपाल, पूर्व विधायक कमलेश कुमारी, जिला भाजपा अध्यक्ष देशराज शर्मा, जिला परिषद सदस्य पवन कुमार, विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष संजय गोस्वामी, दुर्गा वाहिनी सह सयोंजिका प्रियंका सरोल, बिंदु कुमारी, सहित विभिन्न संस्थाओं जिनमें व्यापार मंडल हमीरपुर, नादौन, ठाकुर राम सिंह ट्रस्ट टिप्पर, शोध संस्थान नेरी, सर्व कल्याणकारी संगठन सुजानपुर, श्री चेतन्य महाप्रभु गोड़िया मठ दंगड़ी, श्री खंड हमीर सर्वहित कल्याण समिति हमीरपुर, वरिष्ठ नागरिक संगठन हमीरपुर के पदधिकारियों ने अपनी संस्थाओं के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन उपायुक्त हमीरपुर के माध्यम से प्रेषित किया। (अनंत ज्ञान)

# एनआईटी हमीरपुर में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

मैन्युफैक्चरिंग, थर्मल और डिजाइन इंजीनियरिंग के उभरते पहलुओं पर दूसरे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन (मेथड-2024) का उद्घाटन सोमवार को मुख्य अतिथि आईआईटी जम्मू के निदेशक प्रो. मनोज सिंह गौर और एनआईटी हमीरपुर के निदेशक प्रो. एचएम सूर्यवंशी की उपस्थिति में किया गया। उद्घाटन के दौरान इंजीनियर ललित शर्मा ने भी विशिष्ट अतिथि के रूप में संबोधित किया।

डॉ. अर्चना संतोष नानोटी रजिस्ट्रार, प्रो. राकेश सहगल, डीन आर एंड सी, डॉ. संत राम चौहान सम्मेलन के अध्यक्ष और डॉ. प्रशांत कुमार धीमान प्रमुख मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग भी उपस्थित थे। डॉ. अखिलेश चैधरी ने बताया कि 146 शोध लेखों में से 97 को प्रस्तुति के लिए स्वीकार कर लिया गया है और चुनिंदा शोध पत्रों को गहन जांच, समीक्षा प्रक्रिया के बाद प्रकाशन भागीदारों जैसे सिग्मा प्रकाशन, जर्नल ऑफ एप्लाइड रिसर्च,

**सम्मेलन में 146 शोध लेखों में से 97 को प्रस्तुति के लिए किया स्वीकार**

जर्नल ऑफ थर्मल इंजीनियरिंग के साथ प्रकाशित करवाया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने विभिन्न माध्यमों से विकसित भारत 2024 की अवधारणा को आगे बढ़ाने में संस्थान के प्रयासों की सराहना की और नवाचार की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने सुझाव दिया कि छात्रों को मुकेश अंबानी के विजन से सीखना चाहिए जो जियो के माध्यम से दूरसंचार में एक नई अवधारणा लेकर आए थे। निदेशक प्रो. सूर्यवंशी ने बताया कि एनआईटी हमीरपुर आईआईटी जम्मू के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करेगा और उन्होंने अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. अजय ने अंत में सम्मेलन के सभी गणमान्य व्यक्तियों और प्रायोजकों को धन्यवाद दिया।

## बचत भवन के विश्रामगृह दुकानों एवं कमरों की बोली 30 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बचत भवन परिसर हमीरपुर के विश्रामगृह, नवनिर्मित दुकानों एवं कमरों और उपायुक्त कार्यालय परिसर की पार्किंग की पहली मंजिल पर निर्मित एक कमरे एवं खाली जगह को मासिक किराये पर आवंटित किया जाएगा और उनकी नीलामी प्रक्रिया 30 दिसंबर को पूर्ण की जाएगी। इसके लिए चार अलग-अलग नीलामी सूचनाएं जारी की गई हैं।

उपायुक्त की सहायक आयुक्त और जिला बचत विकास एवं सेवा समिति की सचिव अपराजिता चंदेल ने बताया कि बचत भवन के विश्रामगृह के 6 कमरों को रसोई सहित बचत भवन के गेट पर नवनिर्मित दुकान एवं कमरे, बचत भवन की पहली मंजिल में एक दुकान एवं बरामदे तथा कार पार्किंग की पहली मंजिल पर निर्मित एक कमरे को खाली जगह सहित मासिक किराये पर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि नीलामी के नियमों एवं शर्तों के संबंध में अधिक जानकारी के लिए सहायक आयुक्त कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

# साहब! सड़क निकालने के लिए अवैध कब्जे हटा दो, राजस्व विभाग कुछ नहीं कर रहा

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

अवैध कब्जों की 'मिसलें' बनने के बाद कानूनी कार्रवाई भी मकम्मल हो चुकी है। निशानदेही भी हुई है, लेकिन साहब! सड़क निर्माण के काम में तकरीबन पांच परिवार अभी भी बाधा बने हुए हैं। इन्होंने अवैध कब्जे कर रखे हैं, इन्हें हटवा दीजिए, क्योंकि राजस्व विभाग के कर्मचारी-अधिकारी मामले को अब तक बहुत लंबा खींच चुके हैं।

सोमवार को जिले के कोठी गांव के करीब दो दर्जन से ज्यादा लोगों ने डीसी अमरजीत सिंह और उसके बाद एसडीएम संजीत कुमार से मिलकर अपना दुखड़ा खास अंदाज में रोया, लेकिन गनीमत यह रही कि उनके मिलने के बाद कार्रवाई का सिलसिला भी शुरू हो गया है। डीसी ने संबंधित लोगों को जब एसडीएम के पास भेजा, तो एसडीएम ने फौरी कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया और तत्काल नायव तहसीलदार को बुलाया। उसके बाद साफ निर्देश दिए कि एक-दो दिनों में इन अवैध कब्जों को हटवा दिए जाए। जरूरी हो तो पुलिस दलबल के साथ



एसडीएम को अपनी समस्या बताते हुए कोठी गांव के ग्रामीण।

### क्या है मामला

दरअसल में कोठी गांव में पिछले लंबे समय से सड़क का मामला गांव के मध्य में अधर में फंसा हुआ है। सात परिवार ऐसे थे, जिनकी अवैध कब्जे की 'मिसलें' बनी थीं। उनमें से दो को हटा दिया गया है। पांच अभी भी इस सड़क निर्माण में बाधा बने हुए हैं। उन्होंने नाजायज कब्जे कर रखे हैं, जबकि राजस्व रिकॉर्ड में उनका इस सड़क के हिस्से से कोई लेना-देना नहीं है। यह सड़क अब पीडब्ल्यूडी बना रही है। जहां-जहां अवैध कब्जे हैं, वहां रुकी हुई है, आगे-पीछे सड़क बन चुकी है।

**पांच लोग बन रहे बाधा कई बार लगा चुके गुहार**

**अब पुलिस दलबल के साथ जाएंगे अधिकारी मौके पर**

भी मदद ली जा सकती है। इस प्रतिनिधिमंडल में आए प्रकाश चंद, कुलदीप सिंह, प्रीतम, राजीव कुमार, उत्तम चंद, हाकम सिंह, राजेश, रीना कुमारी, मीनाक्षी देवी, मीना कुमारी सहित काफी लोग मौजूद थे।

उनका कहना था कि अब तो अवैध कब्जे हट जाएं, क्योंकि वे गुहार लगाकर अब थक हार चुके हैं। वे प्रशासन के विश्वास के बाद वापस लौट आए। (अनंत ज्ञान)

## सेवानिवृत्त पुलिस कल्याण संघ हमीरपुर में करेगा बैठक का आयोजन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सेवानिवृत पुलिस कल्याण संघ हमीरपुर इकाई की त्रैमासिक बैठक 18 दिसंबर को सुबह 11 बजे पुलिस लाइन हमीरपुर में रखी गई है। सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों से अनुरोध है कि ज्यादा से ज्यादा सेवानिवृत्तकर्मचारी इस बैठक में भाग लें ताकि बैठक को सफल बनाया जाए। यह जानकारी प्रेस सचिव रमेश कुमार जरियाल ने दी।

## अपने उद्यम या कारोबार स्थापित करने के लिए आगे आएं महिलाएं : कतना

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) के निदेशक अजय कुमार कतना ने महिलाओं से आग्रह किया है कि वे आरसेटी के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद अपने उद्यम स्थापित करने या अपना कारोबार आरंभ करने के लिए आगे आएं। आरसेटी के माध्यम से मशरूम की खेती का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली गांव गारली की महिलाओं को संबोधित करते हुए कतना ने बताया कि बैंकों की विभिन्न ऋण योजनाओं और सरकारी विभागों की सब्सिडी योजनाओं का लाभ उठाकर महिलाएं अपने उद्यम लगा सकती हैं या अपना कारोबार आरंभ कर सकती हैं। इससे उनकी आय में काफी अच्छी वृद्धि हो सकती है। अजय कुमार कतना ने कहा कि आरसेटी भी इसमें महिलाओं की हरसंभव मदद करेगा। गारली में आयोजित मशरूम प्रशिक्षण कार्यक्रम में 32 महिलाओं ने भाग लिया। इस शिविर की असेसमेंट ईडीपी से करवाई गई, जिसमें आरएस कलोत्रा और देवी राम ने प्रतिभागियों की असेसमेंट की। प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर आरसेटी के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पशुपालन विभाग ने बेसहारा सांड का रेस्क्यू कर भेजा गो अभ्यारण्य खैरी

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** उपमंडल नादौन की ग्राम पंचायत बेला में एक बेसहारा सांड जिसने क्षेत्र में दहशत का माहौल बनाया हुआ था, उसे पकड़ने के लिए पशुपालन विभाग द्वारा चलाए गए रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान उस बेसहारा सांड को पकड़ कर गो अभ्यारण्य खैरी भेजा गया। लगभग 3 घंटे चले इस रेस्क्यू ऑपरेशन में पशुपालन विभाग की ओर से पशु चिकित्सा अधिकारी रैल डॉ. पंकज लखनपाल, वाइल्ड लाइफ विंग से डॉ. नितिन, अनिल, विश्व, निशांत, बलजीत आदि के अतिरिक्त बेला पंचायत की प्रधान अंजना देवी एवं रिम्पू विशेष रूप से शामिल थे। इस दौरान पंचायत प्रधान अंजना देवी ने 5100 रुपए की राशि भी गो अभ्यारण्य खैरी को दान दी। पशु चिकित्सा अधिकारी नादौन डॉ. चंदला ने बताया कि इस बेसहारा सांड से पंचायतवासी काफी परेशान थे, जो कि लोगों एवं किसानों के पालतू पशुओं को जख्मी कर चुका था।



## पंचायत प्रधानों व उपप्रधानों से नशे की रोकथाम के लिए ऑनलाइन मीटिंग में दिए सुझाव

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पुलिस विभाग द्वारा जिला हमीरपुर में पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में सभी ग्राम पंचायतों के सभी निर्वाचित सम्माननीय प्रधान व उपप्रधान के साथ अत्यंत महत्वपूर्ण नशा रोधी कार्यक्रम के संदर्भ में वैवेक्स के माध्यम से ऑनलाइन बैठक की। इस ऑनलाइन मीटिंग में हमीरपुर जिले की 50 से अधिक ग्राम पंचायतों के प्रधानों व उपप्रधानों ने भाग लिया तथा नशा रोधी कार्यक्रम के संदर्भ में अपने-अपने बहुमूल्य सुझाव प्रदान किए।

सभी सदस्यों ने इस नशा रोधी कार्यक्रम की सराहना की तथा जिला पुलिस हमीरपुर के इस कार्यक्रम के सही ढंग से क्रियान्वित करने के लिए समय-समय पर जन सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया तथा भविष्य में भी लगातार इस तरह की ऑनलाइन मीटिंग करने का आग्रह किया। इसको पुलिस अधीक्षक जिला हमीरपुर ने स्वीकार करते हुए सभी को आश्वस्त किया की प्रत्येक रविवार को इस प्रकार की ऑनलाइन मीटिंग भविष्य में भी लगातार आयोजित की जाएगी ताकि महत्वपूर्ण सुझाव व सूचनाओं का आपस में समय-समय पर आदान प्रदान किया जा सके।

## खेल महाकुंभ में पंजीकरण अब 24 तक : कपिल शर्मा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** खिलाड़ी सांसद खेल महाकुंभ भाग 3 में पंजीकरण करवाने के लिए युवाओं के आग्रह पर पंजीकरण तिथि 24 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है। भाजयुमो जिला अध्यक्ष कपिल मोहन शामा ने बताया कि खेल महाकुंभ भाग 3 में ऑनलाइन लिंक के माध्यम से पंजीकरण करवाया जा रहा है। अब तक सैकड़ों खिलाड़ी अपनी टीमें खेल महाकुंभ में पंजीकृत करवा चुके हैं। खेल महाकुंभ भाग 3 प्रथम चरण में युवाओं के लिए क्रिकेट, कबड्डी एवं वॉलीबाल के मुकाबले करवाए जाएंगे।

विजेताओं के लिए 21 लाख रुपए तक के इनाम वितरित किए जाएंगे। खेल महाकुंभ पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पांचवीं बार के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर की अनूठी पहल है।

# भरेड़ी में खुला जल शक्ति विभाग का कार्यालय

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

उपमंडल भोरंज के तहत भरेड़ी में जल शक्ति विभाग का अनुभाग व कनिष्ठ अभियंता कार्यालय का शुभारंभ भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने किया, जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हो गई। बताते चलें कि पूर्व में भरेड़ी में कनिष्ठ अभियंता कार्यालय हुआ करता था जिसे बाद में अवाहदेवी शिफ्ट कर दिया गया था।

इस कारण ग्रामीणों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा था, लेकिन जैसे ही भोरंज में सुरेश कुमार विधायक बने तो उन्होंने भरेड़ी में जल शक्ति विभाग का कनिष्ठ अभियंताकार्यालय खोलने का आश्वासन दिया था, जिसे उन्होंने सोमवार को पूरा कर दिया। इस मौके पर विधायक सुरेश कुमार ने रिबन काटकर जल शक्ति विभाग के कनिष्ठ अभियंता कार्यालय का विधिवत शुभारंभ किया। इस मौके पर जल शक्ति विभाग



भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने विधिवत पूजा-अर्चना कर किया शुभारंभ।

**लोगों की वर्षों पुरानी मांग हुई पूरी, घर-द्वार पर मिलेगी सुविधा**

अधिशाषी अभियंता प्रदीप चड्ढा व सहायक अभियंता आशीष देव ने विधायक को टोपी व शॉल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर अधिकारियों व ग्रामीणों ने भोरंज विधायक सुरेश कुमार का फूलमालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर मैहर राजीव लाल, कांग्रेस सेवा दल भोरंज अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, धर्म चंद शर्मा, मुकेश कुमार, डॉ. वेद प्रकाश शर्मा, रवि सिंह मंडियाल, शशि शर्मा, पूर्व भारतीय वॉलीबॉल कोच विद्या सागर शर्मा, विजय डोगरा, रिटायर्ड प्रिंसिपल देवराज, प्रधान बोहरा राम, उपप्रधान मार्चू राम, चमन लाल कौंडल, रमेश चंद कौशल व जल शक्ति विभाग के भरेड़ी अनुभाग के कनिष्ठ अभियंता कमलेश कुमार, वरिष्ठ सहायक अमित कुमार व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## अमरोह स्कूल में बनेगा वॉलीबाल के लिए सिंथेटिक खेल मैदान : सुरेश

**अनंत ज्ञान, भोरंज**

उपमंडल भोरंज के अंतर्गत आने वाली राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अमरोह में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। भोरंज के विधायक सुरेश कुमार ने द्वीप प्रज्जलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार ने विधायक सुरेश कुमार व उनकी पत्नी किरण कुमारी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया तथा स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़कर मुख्यातिथि व अभिभावकों के सामने प्रस्तुत की। इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृति कार्यक्रम से उपस्थित अभिभावकों को मन मोह लिया और कार्यक्रम की सराहना की। इस अवसर विधायक सुरेश कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में बहुत बड़ा बदलाव हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शिक्षा के गिरते रैंकिंग पर सरकार चिंतित है।

इसके सुधारने के लिए राजनीतिक नेतृत्व, अध्यापक व अभिभाव तीनों को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं। इनके भविष्य को उज्जवल



भोरंज के विधायक सुरेश कुमार को सम्मानित किया गया।

बनाने के लिए मिल र कार्य करने की जरूरत है। उन्होंने इस अवसर पर स्कूल में खिलाड़ियों की सुविधा के वॉलीबाल खेल के लिए सिंथेटिंक खेल मैदान बनाने की घोषणा की। इसके अलावा स्कूल के गेट का निर्माण, स्कूल के मंच निर्माण व पुस्कालय की सुविधा देने की घोषणा की।

कार्यक्रम के अंत में स्कूल के मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर भोरंज ब्लॉक अध्यक्ष विजय बन्याल, पूर्व अध्यक्ष राजीव लाल मैहर, चंदन ठाकुर, सेवानिवृत्त मुख्याध्यापक तारा चंद, प्रभु राम, प्रवेश ठाकुर, हंसराज, सुरेश ठाकुर, प्रेम सिंह ठाकुर, विक्रम सिंह, अशोक, भुक्कड़ स्कूल प्रधानाचार्य देशराज कमल, चंबोह रणसिंह ठाकुर व अन्य उपस्थित रहे।

**सम्मान** हमीरपुर कॉलेज की लाइब्रेरी, लाइब्रेरियन सुनीता की कार्यकुशलता से प्रदेशभर में प्रथम

# अद्वितीय योगदान के लिए सुनीता सैनी का सम्मान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर की लाइब्रेरी को प्रदेश में नंबर वन बनाने के लिए सबसे बड़ा योगदान लाइब्रेरियन सुनीता सैनी का है, जिन्होंने अपनी शिक्षा और कार्यकुशलता से शिक्षा विभाग में अद्वितीय योगदान दिया है।

उन्होंने 1989-91 में जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर से एम.लिब की डिग्री प्राप्त की और 1994 में समाजशास्त्र (एमए) की डिग्री पूरी की। अपनी 29 वर्षों की सेवा में उन्होंने विभिन्न संस्थानों में कार्य किया, जिसमें स्टेट लाइब्रेरी शिमला, डिस्ट्रिक्ट लाइब्रेरी हमीरपुर, राजकीय महाविद्यालय चंबा और नादौन शामिल हैं।

20 वर्षों से राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में कार्यरत सैनी ने महाविद्यालय की लाइब्रेरी को प्रदेश की अग्रणी लाइब्रेरी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर प्रदेश का पहला कॉलेज बना, जिसने लाइब्रेरी में ऑटोमेटेड सिस्टम लागू किया।



हमीरपुर कॉलेज की लाइब्रेरी को प्रदेशभर में पहचान दिलाने वाली लाइब्रेरियन सुनीता सैनी के साथ गणमान्य व छात्र।

छात्रों के लिए डिजिटल स्मार्ट कार्ड प्रदान करने की सुविधा भी केवल इसी कॉलेज में उपलब्ध है। सैनी ने बताया कि लाइब्रेरी प्रातः 9 से रात्रि 9 बजे तक खुली रहती है, जिसमें 500 छात्रों के बैठने की क्षमता है। हर दिन 800-1000 छात्र यहां पढ़ने आते हैं। लाइब्रेरी में 36,000 किताबें, 20 पत्रिकाएं, 12 समाचार पत्र और आईआईटी खड़कपुर के साथ सदस्यता जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। हाल ही में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा 140 महाविद्यालयों की लाइब्रेरी ग्रेडिंग में हमीरपुर महाविद्यालय की लाइब्रेरी को प्रथम स्थान मिला। इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रमोद पटियाल को सम्मान पत्र प्रदान किया। इस सम्मान के उपलक्ष्य में स्टाफ और छात्रों ने सुनीता सैनी का जोरदार स्वागत किया और उन्हें शॉल व टोपी पहनाकर सम्मानित किया।

## न्यूज ब्रीफ

### गेस्ट टीचर भर्ती करवाने पर किया प्रदर्शन



**अनंत ज्ञान, शिमला।** एसएफआई राज्य कमेटी द्वारा हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में गेस्ट अध्यापक भर्ती करवाये जाने के निर्णय के खिलाफ उपायुक्त कार्यालय के बहार बेरोजगार युवाओं के धरना प्रदर्शन में शामिल होकर समर्थन किया। एसएफआई राज्य कमेटी ने हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार द्वारा गेस्ट अध्यापक की भर्तिया करवाने के विरोध में शिमला उपायुक्त कार्यालय के बहार धरना प्रदर्शन किया एसएफआई का मानना है की प्रदेश सरकार छात्र विरोधी और युवा विरोधी निर्णय लेकर लगातार प्रदेश सरकार युवाओं को बेरोजगारी की और धकेल रही है जिसके कारण प्रदेश के युवाओं में आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रदेश सरकार ने दो साल पूरे होने का जश्न पूरी धूमधाम से बनाया लेकिन युवाओं ने जिस मंशा से प्रदेश में बढ़ते भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और अव्यवस्था से तंग आकर प्रदेश में कांग्रेस का समर्थन किया था आज इसी बात से तंग आकर खुद को ही कोस रहे हैं। व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर युवाओं व छात्रों को बड़ी तेजी के साथ बेरोजगारी के गर्त में धकेला जा रहा है।

### अवैध खनन रोकथाम पर लगाया जुर्माना

**अनंत ज्ञान, शिमला।** निदेशक उद्योग डॉ. यूनुस ने कहा कि प्रदेश सरकार के खनन विभाग ने अवैध खनन की समस्या पर अंकुश लगाने और इससे संबंधित शिकायतों का त्वरित समाधान करने के लिए ठोस एवं प्रभावी कदम उठाए हैं। इसके अंतर्गत विशेष अभियान के तहत 1 से 15 दिसंबर तक अवैध खनन रोकथाम के प्रयासों में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। उन्होंने बताया कि 15 दिनों के इस व्यापक अभियान के दौरान प्रदेश में अवैध खनन के कुल 295 मामलों को दर्ज किया गया। विभाग ने सभी मामलों में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 12,60,400 रुपए का जुर्माना लगाया। इस अभियान से अवैध खनन पर अंकुश लगाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, खनिज संपदा के संवर्धन और जन जागरूकता को बढ़ावा प्रदान किया गया। निदेशक उद्योग ने नागरिकों से प्रदेश में अवैध खनन की किसी भी गतिविधि की सूचना तुरंत विभाग को उपलब्ध करवाने की अपील की। विभाग प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से जांचते हुए दोषियों के खिलाफ त्वरित और कठोर कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। डॉ. यूनुस ने कहा कि प्रदेश सरकार और खनन विभाग अवैध खनन रोकथाम के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। यह अभियान सरकार की उस नीति का हिस्सा है, जो पर्यावरण संतुलन बनाए रखते हुए प्रदेश की खनिज संपदा के संरक्षण और संवर्धन को प्राथमिकता देती है। उन्होंने कहा कि नागरिकों का सक्रिय सहयोग इस मुहिम को और अधिक सफल बनाएगा।

### ग्राम पंचायत खाबल के प्रतिनिधिमंडल ने की सीएम से भेंट



**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से विधायक मोहन लाल ब्राक्टा के नेतृत्व में शिमला जिला के रोहड़ू विधानसभा क्षेत्र के छोहारा क्षेत्र की ग्राम पंचायत खाबल के प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की। उन्होंने मुख्यमंत्री को क्षेत्र की विभिन्न मांगों से अवगत करवाया मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की मांगों को ध्यानपूर्वक सुना तथा आश्वासन दिया कि सरकार इन पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगी। इस अवसर पर ग्राम पंचायत खाबल के प्रधान कुलदीप बिजरवान उपस्थित रहे।

### मौसम के कारण कारोबारियों के मुरझाए चेहरे



**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** पर्यटन नगरी डलहौजी में मौसम के लंबे ड्राई स्पैल ने पर्यटन कारोबार को चौपट करके रख दिया है। बारिश व बर्फबारी न होने के कारण पर्यटकों की आवाजाही में पिछले दो माह से काफी गिरावट दर्ज की गई है। अब सब में वीकेंड तक सीमित कारोबार भी प्रभावित होने लगा है। ऐसे में विंटर सीजन में कारोबारियों की अच्छे कारोबार की उम्मीदें भी धूमिल होती नजर आ रही हैं। विंटर सीजन में पर्यटक डलहौजी में बर्फबारी में अठखेलियां करने का लुत्फ उठाने के लिए पहुंचते हैं। मगर इस बार मौसम के ड्राई रहने से बारिश व बर्फबारी का दौर आरंभ नहीं हो पाया है। इस कारण पर्यटक डलहौजी का रुख नहीं कर रहे हैं। हालात यह है कि शुष्क ठंड के चलते वीकेंड पर भी कम संख्या में पर्यटक डलहौजी का रुख कर रहे हैं।

होटल कारोबारियों की मानें तो बरसात के मौसम के बाद से डलहौजी में पर्यटकों की आमद में काफी कमी दर्ज रिकार्ड की गई है। विंटर सीजन में बर्फबारी होने की सूरत में इस नुकसान की भरपाई की उम्मीदों पर ड्राई मौसम ने पानी फेर करके रख दिया है। उन्होंने बताया कि अब सारी उम्मीदें क्रिसमस और नववर्ष पर आ टिकी है। क्रिसमस व नववर्ष का जश्न मानने के लिए पर्यटकों के डलहौजी आने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि क्रिसमस व नवर्ष के लिए आकर्षक पैकेज भी घोषित कर दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि मौसम के ड्राई स्पैल से सुबह-शाम शुष्क ठंड पड़ रही है। बारिश न होने से पूरा वातावरण धूल से भर गया है।

# सलूणी में बिना परमिट चल रहा कशमल की जड़ों का डिपो सील

**अनंत ज्ञान, चंबा**




वन विभाग ने सलूणी के शेणी नाले में कशमल की जड़ों के कारोबार के लिए अवैध रूप से चल रहे एक डिपो को सील कर दिया है। इस डिपो को चलाने के लिए संबंधित ठेकेदार के पास कोई भी परमिट नहीं था। जिस स्थान पर उसे डिपो चलाने के लिए परमिट जारी हुआ था। वहां पर डिपो न चलाकर ठेकेदार ने अपनी मनमर्जी से दूसरी जगह चला दिया। वन विभाग ने डिपो को सील किया तो वहीं उस डिपो में रखी 50 क्विंटल कशमल की जड़ों को भी जब्त किया।

इस कार्रवाई को अंजाम देने के बाद जब विभाग की टीम रात्रि गश्त कर रही थी तो उन्हें सूचना मिली कि कुछ ठेकेदार रात के अंधेरे में अवैध रूप से कशमल की जड़ों को सप्लाई करने का काम करते हैं। इसको लेकर उन्होंने हिमगिरी की सड़क पर नाकाबंदी की तो दो पिकअप वाहनों को 30 क्विंटल तक

**कशमल को लेकर शिकंजा कसने से ठेकेदारों में मचा हड़कंप**

कशमल की जड़ों के साथ पकड़ा। नियमानुसार सूर्यास्त के बाद जड़ी-बूटियों को नहीं ले जाया जा सकता, लेकिन, ये लोग अवैध रूप से अंधेरे का फायदा उठाकर कशमल की जड़ों को ले जा रहे थे। टीम ने वाहनों को भी अपने कब्जे में लिया। इन दोनों कार्रवाई में विभाग ने करीब 80 क्विंटल कशमल की जड़ों को जब्त किया। जिनकी विभाग सरकार से अनुमति लेकर नीलामी करवाएगा। वहीं, वन विभाग की ओर से कशमल की जड़ों को लेकर शिकंजा कसने से ठेकेदारों में हड़कंप मच गया है। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में वन परिक्षेत्र अधिकारी पवन कुमार, वन खंड अधिकारी जाहिर खान, वन खंड अधिकारी कुलदीप, वन रक्षक पवन कुमार और खेम राज शामिल रहे।

शेणी नाला में अवैध रूप से चल रहे कशमल के डिपो को सील किया गया है। उसका परमिट भी रद्द कर दिया गया है। कशमल का अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ विभाग सख्ती से कार्रवाई कर रहा है।

> शेणी नाला में अवैध रूप से चल रहे कशमल के डिपो को सील किया गया है। उसका परमिट भी रद्द कर दिया गया है। कशमल का अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ विभाग सख्ती से कार्रवाई कर रहा है।
> **सुशील कुमार गुलेरिया, वन मंडल अधिकारी चुराह।**

## कुकुमसेरी और समदो सबसे ठंडे

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाली कुछ चोटियों पर सोमवार को बर्फबारी देखने को मिली है।

बर्फबारी लाहौल की ऊंची चोटियों के साथ रोहतांग दर्रा के आसपास हुई है। जबकि मौसम विभाग की ओर पूरे प्रदेश में मौसम साफ बना रहने का पूर्वानुमान जारी किया गया था।बर्फबारी से घाटी में शीतलहर और बढ़ गई है। घाटी में सुबह से बादल छाए हुए थे और सोमवार को दोपहर बाद अचानक फाहे गिरना शुरू हुए। जबकि कोकसर व ग्रांफू में भी फाहे गिरे। इस दौरान कोकसर सैर-सपाटे के लिए पहुंचे पर्यटकों ने फाहों में खूब मस्ती की। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से जारी किए अपडेट के अनुसार लाहौल-स्पीति व किन्नौर जिले के एक-दो स्थानों पर आज हल्की बर्फबारी हो सकती है।

वहीं शिमला में न्यूनतम तापमान 10.9, सुंदरनगर 1.1, भुंतर 0.0, कल्पा 0.6, धर्मशाला 4.0, ऊना -0.7, नाहन 6.9, पालमपुर 3.5, सोलन 1.6, मनाली 3.5, कांगड़ा 3.5, मंडी 1.9, बिलासपुर 2.4, हमीरपुर 0.7, चंबा 2.5, जुब्बड़हट्टी 5.0, कुफरी 10.5, कुकुमसेरी -7.1, नारकंडा 8.3, भरमौर 7.0, रिकांगपिओ 2.2, सेऊबाग 1.5, धौलाकुआं 4.7, बरठीं -0.2, समदो -3.8, पांवटा साहिब 6.0, सराहन 5.2, देहरा गोपीपुर 7.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# डलहौजी में स्ट्रीट लाइट बहाल न होने पर उपमंडल अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



समस्या को लेकर चर्चा करते हुए मंडल के सदस्य।

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

आज व्यापार मंडल डलहौजी के अध्यक्ष की अगुवाई में स्थानीय व्यापारी टैक्सी चालक एवं स्थानीय लोगों ने नगर परिषद डलहौजी द्वारा स्ट्रीट लाइट बहाल न होने पर उपमंडल अधिकारी डलहौजी नागरिक अनिल भारद्वाज को एक ज्ञापन सौंपा है।

इस ज्ञापन में उन्होंने इस महीने क्रिसमस एवं नए साल को लेकर लाइट बहाली हेतु कोई पक्के तौर पर इंतजाम करने की गुहार लगाई है। बता दें कि नगर परिषद डलहौजी का करीब 6 करोड़ रुपए बिजली का बकाया न देने से विद्युत विभाग द्वारा डलहौजी की स्ट्रीट लाइटों पर कट चला दिया गया है। नगर परिषद डलहौजी विद्युत बहाली हेतु के दावे कर चुका है किंतु अभी तक सभी दावे जो है वह खोखले ही साबित हुए हैं तो वहीं स्थानीय व्यापारी टैक्सी यूनियन तथा स्थानीय लोगों ने आज उपमंडलाधिकारी नागरिक से मिलकर इसके स्थाई हल हेतु एक विज्ञापन सौंपा है अब देखना यह है कि स्थानीय प्रशासन इस पर अब क्या कार्रवाई करता है।

व्यापार मंडल डलहौजी के अध्यक्ष ने स्थानीय नगर परिषद, विद्युत विभाग स्थानीय प्रशासन तथा सरकार पर कहा की डलहौजी जैसी प्रसिद्ध नगरी में बीते दिनों से जो अंधकार छाया है। यह बड़े ही शर्म की बात है जिसको समस्त डलहौजी वासी सहन नहीं करेंगे।

अगर जल्दी ही इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाते हैं तो वह आंदोलन करने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

# 19 से 21 तक होंगे साक्षात्कार

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय बालू चंबा द्वारा कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है जिसमें एस आई एस इंडिया लिमिटेड बिलासपुर की निजी कंपनी द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के 100 पदों को हिमाचल और चंडीगढ़ में भरा जाएगा।

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि निर्धारित शैड्यूल के अनुसार 19 दिसंबर को उप रोजगार कार्यालय चुवाड़ी, 20 दिसंबर को पंचायत घर बनीखेत व 21 दिसंबर को उप रोजगार कार्यालय तीसा के परिसर में साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे। आवेदकों की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं अथवा स्नातक तथा आयु सीमा 19 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है तथा अभ्यर्थी की ऊंचाई 5 फीट 6 इंच या इससे अधिक तथा न्यूनतम वजन 55 से 95 किलोग्राम तक होना चाहिए।

चयनित युवाओं को एक माह के प्रशिक्षण के बाद 15 से 17 हजार रुपए वेतन दिया जाएगा। इच्छुक उम्मीदवार विभाग की वेबसाइट पर पंजीकरण करना सुनिश्चित बनाए। साक्षात्कार के लिए शैक्षिणक योग्यता के मूल प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, रोजगार कार्यालय का प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बायोडाटा आदि दस्तावेज लेकर निर्धारित तिथि व स्थानों पर सुबह 10:30 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित बनाएं।

# जिले में सरकार की योजनाओं से जगरूक होंगे लोग

**अनंत ज्ञान, चंबा**

जिला चंबा के सभी विधानसभा क्षेत्रों में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से संबद्ध लोकनाट्य दालों के द्वारा प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के कल्याणर्थ चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं, जनकल्याणकारी नीतियों व उपलब्धियां की जानकारी तथा नशा निवारण को लेकर विशेष प्रचार अभियान चलाया जा रहा है।

इस विशेष प्रचार-प्रसार अभियान के तहत गीत संगीत और नुक्कड़-नाटक के माध्यम से आर्यन कला मंच उदयपुर, मां सरस्वती म्यूजिकल ग्रुप लेच, चंबा रंग दर्शन चंबा , युवा किसान मंच टिकरी,प्रिया म्यूजिकल ग्रुप जडेरा,

**17 से 21 तक चलेगा अभियान**

संतोष जागृति कला मंच लुडेरा व आर्ट एंड कल्चर ग्रुप सराहन और बंदना कला मंच ओवडी के कलाकारों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

17 दिसंबर को भटियात विधानसभा क्षेत्र के सिहुंता, टुंडी, समोट और चुवाड़ी, डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के तहत सलूणी, ब्याना, कालाटोप और बाथरी में कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इसी तरह चुराह विधानसभा क्षेत्र के तहत सेईकोठी व तीसा-2, भरमौर विधानसभा क्षेत्र के तहत सचुंई, खणी, धिमला व तुर में कार्यक्रम आयोजित होंगे। 18 दिसंबर को विधानसभा क्षेत्र भटियात के हटली, कामला, ककीरा व नैनीखड़, डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के लिग्गा और भलेई में कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। चुराह के जसौरगढ़, कल्हेल, चकलू व राजनगर, विधानसभा क्षेत्र भरमौर के होली व गरोला तथा चम्बा के गागला और करियां में कलाकारों के द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

19 को विधानसभा क्षेत्र चंबा के द्रड्डा व भनोता तथा 20 दिसंबर को प्रौथा और साहो में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। कार्यक्रम की इसी कड़ी में 21 दिसंबर को रिंडा और उदयपुर में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## चंबा के बैरा स्यूल बांध के जलाशय का फ्लशिंग 18 को



**अनंत ज्ञान, चंबा ।** बैरा स्यूल बांध के जलाशय का फ्लशिंग 18 दिसंबर 2024 को पूर्वाहन 8:30 बजे आरंभ होगा, जो कि लगभग 8 दिनों की अस्थाई अवधि तक जारी रहेगा। इस दौरान बैरा बांध से निरंतर पानी छोड़ा जाएगा। यह जानकारी बैरा सिउल पावर स्टेशन के महाप्रबंधक (सिविल) बांध परिसर ने दी है। उन्होंने इस दौरान आम जनमानस को जलाशय और निचले इलाकों में नदी किनारों से दूर रहने की सलाह दी है।

# निर्माणधीन पलानी पुल का निर्माण कार्य दो दशकों से नहीं हो पाया शुरू

**अनंत ज्ञान, चंबा**

पिछले दो दशकों से निर्माणधीन ग्राम पंचायत बड़ग्राम का पलानी पुल का निर्माण कार्य अभी तक शुरू नहीं हो पाया है। पुल का निर्माण कार्य शुरू न होने के चलते यहां के ग्रामीणों में काफी रोष पनप रहा है। शीघ्र पुल का काम शुरू न होने पर यहां के लोगों ने नया आंदोलन छेड़ने की चेतावनी प्रशासन व सरकार को दे दी।

स्थानीय निवासी एवं सामाजिक कार्यकर्ता रामपाल वर्मा ने कहा की जल्द से जल्द पलानी नाला पुल का निर्माण कार्य शुरू नही किया जाता तो आने वाले

**लोगों ने प्रशासन व सरकार को दी आंदोलन की चेतावनी**

समय में एक बड़ा आंदोलन छेड़ा जाएगा जिसके लिए भरमौर शासन और प्रशासन खुद जिम्मेवार होगा। , रामपाल वर्मा ने कहा की पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर ने उन्हें आश्वाशन दिया था लेकिन उसके बाबजूद भी निर्माण कार्य शुरू नही हो रहा है। जिसके लिए रामपाल वर्मा ने मुख्यमंत्री सेवा संकल्प में अपनी शिकायत भी दर्ज करवाई है।

गौरतलब है पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान यहां पर लोगों ने पूरी तरह से इस चुनाव का बहिष्कार करने का मन बना लिया था और और आनन फानन में प्रशासन ने उनकी मांगों को मान भी लिया था और इसके लिए बाकायदा पुल का स्टील भी साइट पर पहुंचा दिया गया था। लेकिन इतना समय बीत जाने के बाद भी अभी तक इस पुल का काम शुरू नहीं हो पाया है।

पलानी नाले पर पुल न होने के कारण अब तक दर्जनों लोग हादसे में अपनी जान दे चुके हैं। स्कूल के निर्माण को लेकर पिछले कई सालों से पूरी पंचायत के लोग पूरी तरह से लामबंद है लेकिन बावजूद इसके अभी तक भी इस पुल का निर्माण शुरू नहीं हो पाया है।

## आज विभिन्न क्षेत्रों में बंद रहेगी बिजली




**अनंत ज्ञान, चंबा ।** विद्युत उपमंडल चंबा नंबर 2 के अंतर्गत 11 केवी उदयपुर में बिजली की मुरम्मत का कार्य किया जा रहा है। इसके तहत 17 दिसंबर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे या कार्य की समाप्ति तक बिजली बाधित रहेगी।

इसके अंतर्गत आने वाले गांव उदयपुर, धवड़ैं, रिंडर, सरू, चीमा, डुला, धनेई व डापू आदि साथ लगते क्षेत्रों की विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। यह जानकारी बिजली बोर्ड एसडीओ अजय कुमार भारद्वाज ने दी। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

# शिविर में जांचा 45 लोगों का स्वास्थ्य



स्वास्थ्य शिविर में जांच करवाती महिलाएं।

**अनंत ज्ञान, जुन्गा ( शिमला )**

पंचायतीराज संस्थान और सामुदाायिक आधारित संगठन के संयुक्त तत्वाधान में सिविल अस्पताल जुन्गा में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें 45 लोगों के रक्तचाप, शूगर, एचबी, एनीमिया इत्यादि बारे जांच की गई । अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी डॉ. मनोज वर्मा ने बताया कि इस शिविर में टीबी रोग उन्मूलन कार्यक्रम पर कार्यान्वित किए जा रहे। डॉ. मनोज ने बताया कि जिस व्यक्ति को दो हफ्ते से ज्यादा खांसी, बुखार हो, वजन घट रहा हो, ऐसे व्यक्ति को जांच करवानी अनिवार्य है।

उन्होंने बताया कि जुन्गा में टीबी रोग के लक्षणों की जांच के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में बलगम व रक्त की जांच के अलावा छाती के एक्सरे इत्यादि भी किए जा रहे हैं । इस मौके पर मशोबरा ब्लॉक की एलआरपी प्रिया और सुमन ने बताया कि लोगों की सुविधा के लिए ऐसे शिविर प्रत्येक स्वास्थ्य संस्थान में आयोजित किए जाएंगे ताकि लोगों की छुटपुट रोगों की जांच मौके पर की जा सके ।

## सूडोकु 0018

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु 0017 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 6 | 4 | 3 | 5 | 8 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 8 | 5 |
| 5 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 9 | 1 | 2 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 2 | 7 | 4 | 1 | 5 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 1 |

# बनीखेत स्कूल में 'पठन प्रोत्साहन सप्ताह' के तहत विजेता सम्मानित

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बनीखेत में पीएम श्री योजना के तहत पठन प्रोत्साहन सप्ताह के अंतर्गत विजेताओं को पुरस्कृत किया गया । इस आयोजन के तहत पीएम श्री केंद्र विद्यालय बनीखेत में बच्चों के पठन को अच्छा करने और उन्हें किताबों से जोड़ने के लिए कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें पठन प्रवाह, गति परीक्षा , कविता वाचन, ,कहानी पाठन, पुस्तक समीक्षा जैसी अनेक प्रतियोगिताएं सम्मिलित हैं। इस

**बच्चे अच्छी किताबों से जुड़े और ज्ञान को दें बढ़ावा**

कार्यक्रम के प्रभारी हर्ष मालिक विद्यालय पुस्तकालयाध्यक्ष ने बताया कि पीएम श्री योजना के तहत इस गतिविधि का आयोजन किया गया है ताकि बच्चे अच्छी किताबों से जुड़े और अपने ज्ञान को और भी ज्यादा बढ़ावा दें।

इस मौके पर मंच का संचालन मीनाक्षी द्वारा किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य कमरजीत कौर ने इस कार्यक्रम के सफल आयोजन की प्रशंसा करते हुए बच्चों को किताबें पढ़ने के लाभों के बारे में विस्तृत विचार सांझा की है । उन्होंने बताया कि अगर जिंदगी में जितना है तो किताबों को आज से ही पढ़ना शुरू करें क्योंकि किताबों से अच्छा दोस्त और कोई नहीं हो सकता।

इस मौके पर उमेश कुमार, सुनील कुमार, आशू हुड्डा, शोभा वर्मा, अंजू बाला, पुष्पक राणा, राहुल कुमार, धर्मेंद्र, नितिन के अलावा समस्त शिक्षक गण मौजूद रहे।( अनंत ज्ञान)




विजेता छात्रा को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

17 दिसंबर, 2024, मंगलवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** मार्गशीर्ष, **तिथि** द्वितीया (10:58): **नक्षत्र** पुनर्वसु (00:44), **पक्ष :** कृष्ण **योग :** ब्रह्म (09:10) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:56-12:38), **राहुकाल** (2:52 -04:09)।

### विशेष दिन

- 17 दिसम्बर : राइट ब्रदर्स डे आज।
- 18 दिसम्बर : संकष्ट चतुर्थी कल।

**मेषः** आज का दिन अच्छा बीतने वाला है। शारीरिक रूप से थकान महसूस कर सकते हैं। यात्रा से सावधान रहें। बच्चों की सेहत को लेकर चिंता हो सकती है।

**वृषभः** किसी भी कार्य को अच्छे से संपादित कर पाएंगे। परिवार के सदस्यों के प्रति अच्छा व्यवहार रहेगा। पिता से आर्थिक लाभ का संकेत हैं। घूमने का प्रोग्राम बना सकते हैं।

**मिथुनः** लाभ की दृष्टि से आज का दिन खास है। परिवार में भाई-बहनों के साथ खुशनुमा पल बिताने का अवसर मिलेगा। मन चंचल रहेगा, जिस कारण विचार बदलते रहेंगे।

**कर्कः** किसी कार्य को पूरा न कर पाने के कारण मन में ग्लानि का भाव रहेगा। आंखों से संबंधित समस्या परेशान कर सकती है। आपसी बहस हो सकती है।

**सिंह :** आज आप आत्मविश्वास से भरे रहने वाले हैं। सरकारी काम से लाभ होने वाला है। पेट से संबंधित समस्या से परेशान हो सकते हैं।

**कन्या :** शारीरिक और मानसिक तौर पर कुछ हद तक परेशान रहने वाले हैं। कचहरी के काम से सावधान रहें। अचानक धन लाभ होगा। धार्मिक कार्यों में धन खर्च होगा।

**तुलाः** आज का दिन शुभफलदायक साबित होने वाला है। दोस्तों के साथ मिलने-जुलने के कारण मन खुश रहेगा। अविवाहित जातकों को शादी का योग है।

**वृश्चिकः** घर में आनंद और उल्लास का माहौल रहेगा। नौकरीपेशा वाले लोगों के लिए आय का नया स्रोत बनने वाला है। अधिकारियों का सहयोग मिलने वाला है।

**धनु :** सेहत पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता। कार्य में मन नहीं लगने वाला है। कार्यस्थल पर अधिकारियों से मनमुटाव हो सकता है। घरेलू कार्यों को लेकर चिंता रहेगी।

**मकर :** नकारात्मक विचार हावी हो सकते हैं। गुस्से पर नियंत्रण रखना होगा। अचानक यात्रा से लाभ का योग है। भागेदारी वाले कार्य में सहयोगी से संबंध खराब हो सकते हैं।

**कुंभ :** दिन खुशनुमा रहने वाला है। सामाजिक जीवन में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ने वाली है। कार्यस्थल पर नए साथी बनने वाले हैं। वाहन सुख का सौभाग्य प्राप्त होगा।

**मीन :** परिवार में सुख और शांति का वातावरण रहेगा। कार्यस्थल पर आपका वर्चस्व रहने वाला है। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने वाले हैं।

# बड़े भाई की मौत के बाद छोटे भाई ने भी त्यागे प्राण

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चम्बा के रठियार क्षेत्र के सौंथली गांव में दो सगे भाइयों का प्यार मरते दम तक कम नहीं हुआ। यही नहीं बड़े भाई की मौत के चंद मिनटों के बाद छोटे भाई ने प्राण त्याग दिए। परिवार को कभी न भूलने वाली घटना से हर कोई स्तब्ध रहा।

गांव सौंथली में बीते 7 दशक से साथ रहने वाले विधो राम (75) व छोटा भाई तारा चंद (72) बीते कुछ समय से बीमार चल रहे थे। दोनों का समय-समय के बाद उपचार भी चल रहा था। बीते रविवार देर शाम को विधो राम की तबीयत अचानक बिगड़ गई और उसने घर पर ही तोड़ दिया।

बड़े भाई की मौत की जानकारी जैसे ही तारा चंद को मिली तो तारा चंद भाई के मौत के सदमे को बर्दाश्त नहीं कर पाया तथा कुछ ही मिनटों के बाद तारा चंद ने भी अपने प्राण त्याग दिए। परिवार वालों को पहले कुछ समय तक इस बात का विश्वास नहीं हुआ है कि एक साथ दोनों भाई इस दुनिया को छोड़ चुके हैं।

काफी लंबे समय तक दोनों ने मिलकर लोगों के घरों का निर्माण किया। सोमवार को पंचायत के श्मशानघाट बनासती नाली में एक साथ अंतिम संस्कार किया गया। मृतक दोनों भाइयों के 2-2 बेटे हैं जो अपने पिता के साथ रहते थे।

# आईजीएमसी में गरजे कर्मचारी, जमकर की नारेबाजी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

आईजीएमसी कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स यूनियन संबंधित सीटू के बैनर तले आईजीएमसी अस्पताल के सफाई, वार्ड अटेंडेंट, ईसीजी, मैस तथा अन्य पैरामेडिकल व लॉन्ड्री कर्मियों ने लगभग डेढ़ सौ कर्मियों का दो महीने से वेतन भुगतान न होने से खफा होकर आईजीएमसी मुख्य गेट के पास धरना प्रदर्शन किया।



इस दौरान अस्पताल के सैंकड़ों कर्मियों ने आईजीएमसी प्रबंधन व ठेकेदारों के खिलाफ मोर्चा बांधा। यूनियन ने अस्पताल के प्रधानाचार्य, अतिरिक्त निदेशक व चिकित्सा अधीक्षक से तत्काल मांगों का समाधान मांगा है अन्यथा 23 दिसंबर के बाद यूनियन निर्णायक आंदोलन का रास्ता अख्तियार करेगी। यूनियन ने निर्णय लिया है कि 23 दिसंबर के बाद आईजीएमसी प्रशासन व ठेकेदारों की मिलीभगत के खिलाफ निरंतर आंदोलन होगा। इसके तहत हड़ताल, धरने प्रदर्शन, राजभवन, सचिवालय, महात्मा गांधी प्रतिमा, उपायुक्त कार्यालय मार्च व अधिकारियों के घेराव होंगे। उन्होंने माननीय न्यायालय में आईजीएमसी प्रबंधन के उस हलफनामे का कड़ा संज्ञान लिया है व उसकी निंदा की है जिसमें प्रबंधन ने इन मजदूरों की नियुक्ति व वेतन देने से पल्ला झाड़ लिया है। यूनियन ने आईजीएमसी प्रबंधन से पूछा है कि कोविड योद्धाओं से ऐसा बर्ताव करने के पीछे उनका कौन सा गुप्त एजेंडा है।

प्रदर्शन में सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा, राज्य उपाध्यक्ष जगत राम, जिला कोषाध्यक्ष बालक राम, विवेक कश्यप, राम प्रकाश, यूनियन अध्यक्ष वीरेंद्र लाल, महासचिव नोख राम, कोषाध्यक्ष सीता राम, निशा, सरीना, सुरेंद्रा, उमा, विद्या, प्रवीण, भूमि, वनीता, राजेंद्र, धनी राम, संजीव, सुनीता, सुशीला, लेख राज, जगत राम, वंदना, चमन, सुनीता आदि मौजूद थे।

संघर्ष ने मुझे मनुष्य बनाया, मुझमें आत्मविश्वास उत्पन्न हुआ, जो पहले मुझमें नहीं था। -सुभाष चंद्र बोस

## संपादकीय

## पटरी पर शिक्षा व्यवस्था

हिमाचल प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था का ढांचा मौजूदा समय में काफी व्यापक और विकसित हो गया है। या यूं कहें कि शिक्षा व्यवस्था पटरी पर लौट आई है, तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। राज्य सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिनमें स्कूल भवनों के निर्माण पर 600 करोड़ रुपए खर्च करने का निर्णय भी शामिल है। इसके अलावा, राज्य सरकार ने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए कई कदम उठाए हैं, जिनमें शिक्षकों के प्रशिक्षण और विद्यालयों में आधुनिक सुविधाओं का विकास शामिल है। प्रदेश की मौजूदा सुक्खू सरकार शिक्षा ढांचे में और ज्यादा सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध है और वह नित नए प्रयोग भी कर रही है तभी तो हिमाचल को उत्तर प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था का मॉडल भा गया और उस मॉडल को प्रदेश में लागू करने पर काफी मंथन चल रहा है। हिमाचल प्रदेश ने कई राज्यों की शिक्षा व्यवस्था के मॉडल को अपनाने की पैरवी की है।

दिल्ली के शिक्षा मॉडल को अपनाने की बात भी हिमाचल सरकार करती है, जिसमें शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने और छात्रों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने पर जोर दिया जाता है। हिमाचल को केरल के शिक्षा मॉडल भी पसंद है और वह इसको अपनाने की पैरवी भी करता है। तमिलनाडु के शिक्षा मॉडल को भी हिमाचल अपनाना चाहता है। इसमें कोई बुरी बात नहीं कि यदि किसी राज्य का शिक्षा मॉडल प्रदेश सरकार को पसंद आ रहा हो। मंशा गलत नहीं होनी चाहिए। सुधार की प्रक्रिया निरंतर चलती रहनी चाहिए। इन राज्यों के शिक्षा मॉडल को अपनाने से हिमाचल प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने और छात्रों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने में मदद मिल सकती है। शिक्षा विभाग अब स्कूलों की छुट्टियों का शेड्यूल बदलने के साथ एक और नई व्यवस्था करने जा रहा है। इस व्यवस्था के तहत शीतकालीन स्कूलों में गैर वार्षिक बोर्ड कक्षाओं के छात्रों को 23 दिसंबर को सारी परीक्षाएं खत्म होने के बाद 31 दिसंबर तक स्कूल आना जरूरी कर दिया है।

विभाग ने स्पष्ट रूप से कहा है कि स्कूल अपने स्तर पर बच्चों को छुट्टी नहीं दे सकेंगे। स्कूलों में हर रोज बकायदा प्रार्थना सभा होगी और मिड-डे मील भी पकेगा। ऐसा निर्णय लेने के पीछे विभाग का मकसद सिर्फ शिक्षा व्यवस्था सुधारना है। इस दौरान शिक्षक पढ़ाई व अन्य गतिविधियों में कमजोर विद्यार्थियों की खामियां दूर करेंगे। निश्चित रूप से सरकार का यह फैसला कई मायनों में काफी लाभदायक होने वाला है। हिमाचल प्रदेश में पेपर लेस स्कूलों के बाद भी स्कूलों के लगे रहने के निर्णय से शिक्षा व्यवस्था में कई लाभ मिल सकते हैं। पेपर लेस स्कूलों के माध्यम से डिजिटल शिक्षा का विस्तार हो सकता है, जिससे छात्रों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। पर्यावरण संरक्षण में मदद मिल सकती है, क्योंकि पेपर की खपत कम होगी और पेड़ों की कटाई कम होगी। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो सकता है, क्योंकि छात्रों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण के अवसर मिल सकते हैं, जिससे वे आधुनिक तकनीक के माध्यम से शिक्षा प्रदान करने में सक्षम हो सकें। वहीं, छात्रों के लिए बेहतर अवसर मिल सकते हैं, जैसे कि ऑनलाइन शिक्षा, ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म और अन्य डिजिटल संसाधनों का उपयोग करने का मौका। विद्यार्थी अगर घर पर बिना पढ़ाई के बैठे रहेंगे तो उनके मन में घूमने फिरने की इच्छा जागृत होगी।

हालांकि, भ्रमण से भी कई कुछ सीखा जा सकता है, लेकिन अगर स्कूलों में रहकर पढ़ाई को लगातार जारी रखा जाए तो यह विद्यार्थियों के लिए ज्यादा फायदेमंद हो सकता है, क्योंकि इससे बच्चों की पढ़ाई की रूटीन बनी रहती है। यदि एक बार बच्चे का पढ़ाई का रिदम टूट जाए तो उसे दोबारा ट्रैक पर लाना कठिन होता है, इसलिए शिक्षा विभाग का यह फैसला वाकई काबिलेतारीफ है। बच्चों की पढ़ने की उम्र है और उन्हें पढ़ाई में व्यस्त रखा जाए तो श्रेयस्कर रहेगा। बहरहाल, इस निर्णय को सभी को स्वीकार करना चाहिए और बच्चों को स्कूलों में पढ़ाई के लिए भेजने के प्रति प्रोत्साहित करना चाहिए, क्योंकि आखिर यह उनके भविष्य का सवाल है। अगर बच्चे पढ़ाई में अच्छे निकलते हैं तो निश्चित रूप से उन्हें आगे दिक्कत नहीं होगी और वह कंपटीशन में बैठकर अपनी अच्छी परफॉर्मेंस दे पाएंगे जिससे उनके लिए सरकार नौकरी के द्वार भी खुल सकते हैं। ■

# बारिश का न होना वर्तमान समय की ज्वलंत समस्या

आज के समय में हिमाचल प्रदेश में अगर सबसे बड़ी कोई प्रत्यक्ष समस्या है तो वह है बारिश का न होना, और बारिश के न होने से पूरे प्रदेश को सूखे ने अपने आगोश में जकड़ लिया है, जिससे न केवल पूरे प्रदेश के पर्यावरण को नुकसान हो रहा है अपितु लोगों को अनावश्यक सूखी ठंड तथा बीमार होने जैसी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बारिश में देरी तेजी से नम होते वातावरण के कारण होती है। जैसे ही ग्रीन हाउस गैसें पृथ्वी की सतह को गर्म करती हैं, अधिक जल वाष्प वायुमंडल में अपना रास्ता बनाता है। यह अतिरिक्त नमी वातावरण को गर्म करने के लिए आवश्यक ऊर्जा की मात्रा को बढ़ा देती है जिससे बारिश के मौसम का समय बदल सकता है। भूमंडलीय ऊष्मीकरण के कारण वर्षा में कमी आती है। इससे पृथ्वी के तापमान में वृद्धि होती है। यह जलवायु





लेखक : सुभाष चंद कासव
राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक

असंतुलन भूमंडलीय ऊष्मीकरण का परिणाम है। जलवायु परिवर्तन समुद्र के बढ़ते स्तर को प्रभावित करता है। गर्म तापमान का मतलब है कि मिट्टी में नमी तेजी से वाष्पित हो जाती है, और अधिक लगातार और गंभीर गर्मी की लहरें सूखे की स्थिति को बढ़ाती हैं और पानी की कमी में योगदान देती हैं। ये परिस्थितियां जंगल की आग के लिए भी आदर्श प्रजनन भूमि बनाती हैं, जिससे सूखे का मौसम और जल संकट और बढ़ जाता है।

जब बारिश कम या बिलकुल नहीं होती तो मिट्टी सूखने लगती है और पौधे मरने की स्थिति पर पहुंच जाते हैं। जब कई हफ्तों या सालों तक बारिश औसत से कम होती है, तो नदियों का प्रवाह कम हो जाता है, झील और जलाशय का स्तर गिर जाता है और कुंओं में पानी की गहराई बढ़ जाती है। सूखा उस समय की अवधि है जब किसी क्षेत्र या क्षेत्र में सामान्य से कम वर्षा होती है। पर्याप्त वर्षा की कमी, या तो बारिश या बर्फ, मिट्टी की नमी या भूजल में कमी, कम धारा प्रवाह, फसल क्षति और सामान्य पानी की कमी का कारण बन सकती है। पानी की कमी होने लगती है, फसल की विफलता होती है, क्योंकि खाद्य फसलों के लिए बहुत कम पानी उपलब्ध होता है जिससे कुपोषण, निर्जलीकरण और संबंधित बीमारियां पनपती हैं जिससे सामूहिक पलायन का अंदेशा बढ़ता है। भूमि-उपयोग में परिवर्तन, कृषि के अनुचित तरीके और जल निकासी जैसी बातें सभी मिट्टी के जल अवशोषण क्षमता को कम करते हैं। प्राकृतिक संसाधनों में कमी, खराब जल प्रबंधन, वनों की कटाई ने सूखे की स्थिति और जोखिम को सबसे ज्यादा बढ़ाया है। जब फसलें खराब हो जाती हैं तो सूखे के कारण खाद्य असुरक्षा पैदा होती है। जब आबादी का एक बड़ा हिस्सा भोजन तक पहुंच नहीं पाता है तो इसे अकाल कहते हैं और इसके परिणामस्वरूप प्रभावित क्षेत्र में व्यापक रूप से तीव्र कुपोषण, बीमारी और मृत्यु होती है। बारिश होने से पहले व्यक्ति पर्यावरणीय प्राकृतिक पूर्व अनुमान भी लगा सकता है जैसे बारिश से पहले, आप पक्षियों को नीचे उड़ते हुए, चींटियों को अपने घोंसले को ऊंचा बनाते हुए, या गउओं को खेत में लेटे हुए देख सकते हैं, जो बारिश का संकेत हो सकता है।

बादलों का बनना काले बादलों के अलावा, कुछ बादलों का बनना बारिश की संभावना का संकेत दे सकता है। सूखा तब पड़ता है जब औसत से अधिक शुष्क मौसम की लंबी अवधि के कारण जल आपूर्ति में कमी हो जाती है। सूखे की सीमा क्षेत्र के अनुसार अलग-अलग हो सकता है, तथा लंबे समय तक सूखे के कारण दुनिया भर में बच्चों और परिवारों के जीवन पर व्यापक सीधे संपर्क में आने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। सूखे के कारण पानी की आपूर्ति सीमित हो सकती है, जल प्रदूषण का स्तर बढ़ सकता है, खाद्य-लागत बढ़ सकती है, फसल खराब होने के कारण तनाव हो सकता है, पानी की कमी हो सकती है, बारिश न होने से सूखा पड़ता है और इससे कई तरह की समस्याएं हो जाती हैं बारिश न होने से जल संसाधनों की कमी हो जाती है। बारिश न होने से नदी का प्रवाह कम हो जाता है और झीलों और जलाशयों में पानी का स्तर गिरने लगता है। बारिश न होने से मिट्टी की नमी या भूजल में कमी हो जाती है। बारिश न होने से कृषि उत्पादन प्रभावित हो सकता है। बारिश न होने से जल प्रदूषण का स्तर बढ़ सकता है।

बारिश न होने से खाद्य-लागत बढ़ने लगती है, जिससे फसल विफलता, खाद्य संकट, अकाल, कुपोषण और गरीबी जैसी स्थितियां बनने लगते हैं, जिससे जीवन की हानि होती है और लोगों का बड़े पैमाने पर पलायन होता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि सूखा और पानी की कमी एक ऐसे कारक के रूप में कार्य करती है जो विकसित और विकासशील राज्यों के बीच अंतर को बढ़ाते हैं। सूखे के कारण पानी की कमी, फसल की विफलता, अकाल जैसी स्थिति के कारण खाद्य फसलों को बहुत कम पानी मिलता है जिससे कुपोषण, निर्जलीकरण और संबंधित बीमारियां पनपती हैं खाद्य श्रृंखलाओं और जल आपूर्ति के भीतर सायनोटॉक्सिन संचय (जिनमें से कुछ विज्ञान के लिए ज्ञात सबसे शक्तिशाली विषाक्त पदार्थों में से हैं) लंबे समय तक कम जोखिम के साथ कैंसर का कारण बन सकते हैं। शुष्क क्षेत्रों में और सूखे के समय में हवा का कटाव बहुत अधिक गंभीर होता है। यह अनुमान लगाया गया है कि हवा के कटाव के कारण मिट्टी का नुकसान गीले वर्षों की तुलना में सूखे वर्षों में 6100 गुना अधिक हो सकता है। सुखा बारिश न होने के कारण पड़ता है और बारिश न होने के अनेक कारण है जैसे वायुमंडल दूसरे ग्रहों के वायुमंडल में धरती के मुकाबले पानी की वायपरीतता कम होती है। वायुनिकाय धरती का वायुनिकाय जलवायु से भरा होता है, जिससे विकर्षण होता है और बादल बनते हैं, कुछ ग्रहों पर तापमान बहुत ज्यादा होता है, जो बारिश के लिए अनुकूल नहीं होता है, ग्लोबल वार्मिंग की वजह से मौसम में चरम स्थितियां आने की आशंका बढ़ जाती है। पेड़ और पौधे पानी को इकट्ठा करके वातावरण में छोड़ते हैं, जिससे बादल बनते हैं और बारिश होती है।

गहन खेती से मिट्टी की अवशोषण क्षमता कम हो जाती है, जिससे मिट्टी तेजी से सूख जाती है। पानी की मांग आपूर्ति से ज्यादा होने की कई वजहें हो सकती हैं। ग्रीन हाउस गैसों में वृद्धि ग्रीन हाउस गैसों में वृद्धि से बारिश में देरी होती है। सारांश तौर पर यह कहा जा सकता है कि सूखा पड़ने के लिए कहीं न कहीं मनुष्य ही जिम्मेदार है वह अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए विभिन्न प्रकार की स्वार्थ पूर्ण गतिविधियों को अंजाम देता है और जब वह कोई भी स्वार्थ पूर्ण कार्य करता है तो पर्यावरण के संरक्षण को मध्य नजर न रखते हुए कार्य करता है जिससे बारिश नहीं होती है और सुखी जैसी स्थिति की समस्या उभर कर सामने आती है। मनुष्य को चाहिए कि वह पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखते हुए अपना जीवन यापन करें ताकि समय-समय पर बारिश होती रहे और सुखी की स्थिति न पनप पाए।

( ये लेखक के निजी विचार हैं )

नजरिया

# तबले की अनमोल शख्सियत उस्ताद जाकिर हुसैन

जाकिर हुसैन के जाने से अवध की शाम उदास हो गई है। हुसैन साहब लखनवी कथक व खानपान के मुरीद थे। वह अक्सर लखनऊ आया करते और तबले की थाप की रंगीनियां बिखेरते। बात 17 जुलाई, 2016 की है। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 'दरबार-ए-ताज' कार्यक्रम के लिए मंच सजा। सितार वादक नीलाद्रि कुमार के साथ संगत के लिए तबले पर जाकिर हुसैन साहब मौजूद थे। दर्शक रोमांच से भरे थे। दोनों धुरंधरों की अंगुलियां अपने वाद्ययंत्रों पर नाचीं तो सभागार तालियों से गूंज उठा।

जाकिर साहब लखनऊ वालों को अपना दीवाना बना चुके थे। उनके साथ सेल्फी लेने वालों की होड़ लग गई थी। जाकिर साहब ने लखनऊ के बाशिंदों को बताया कि उनके पिता हमेशा कहते थे कि वाद्ययंत्र सरस्वती है। इसकी इज्जत करो इसे खेल मत समझो। तबले के पास ऐसा कोई सामान न रखें जिससे इसका अपमान हो। हर वाद्य में एक रूह एक आत्मा बसती है। अच्छा कलाकार बनने के लिए वाद्य की इज्जत करनी होगी। जैसे उस्ताद विलायत खान साहब से उनका सितार पूछता है कि आप हुक्म करिये कि मुझे क्या करना है।



लेखक: राजेंद्र पालमपुरी
वरिष्ठ साहित्यकार

तभी उनके दिमाग में जो आता वह उनके सितार से निकलने लग जाता है। जाकिर साहब ने आगे बताया था कि वह ट्रेन की जनरल बोगी में सफर के दौरान जमीन पर बैठते थे और तबले को गोद में रखते थे। उनके इन अनुभवों पर लखनवी लोगों की आंखें नम हो गई थीं। मशहूर पखावज वादक डॉ. राज खुशीराम बताते हैं कि जाकिर हुसैन साहब का लखनऊ आना-जाना लगा रहता था।



डॉ. खुशीराम की पत्नी कपिला राज कथक नृत्यांगना व कथक केंद्र की निदेशक थीं। जब यह केंद्र कैसरबाग में हुआ करता था तो एक बार जाकिर हुसैन आए थे। वह लखनवी कथक को पसंद करते थे। उन्होंने कपिला जी को 11 रुपए रुमाल में रखकर दिए थे। अनेक यादें जाकिर हुसैन साहेब से जुड़ी होने पर संगीत नाटक अकादमी के पूर्व सचिव तरुण राज जाकिर का जिक्र करते हुए भावुक हो उठते हैं। बताते हैं कि वर्ष 1994 में निजी कंपनी के कार्यक्रम में जाकिर हुसैन साहब लखनऊ आए। तीन दिन का कार्यक्रम गन्ना संस्थान में हुआ था। उसकी एंकरिंग मैंने और तानपुरा पर अर्चना राज ने संगत की थी। जब उन्हें यह पता लगा कि वह मेरी पत्नी हैं तो खिलखिलाकर हंस पड़े। वह देर तक हंसते रहे। उनकी हंसी आज भी जहन में ताजा है। तबला वादन के उस्ताद जाकिर हुसैन के 15 दिसंबर 2024 को दुनिया से रुखसत हो जाने की खबर जैसे ही इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुई। 1988 में जब उन्हें पद्म श्री का पुरस्कार मिला था तब वह महज 37 वर्ष के थे और इस उम्र में यह पुरस्कार पाने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति भी थे। इसी तरह 2002 में संगीत के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें पद्म भूषण का पुरस्कार दिया गया था। जाकिर हुसैन को 1992 और 2009 में संगीत का सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार ग्रैमी अवार्ड भी मिला है।

22 मार्च 2023 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। नर्म और घुंघराले बाले इस चुंबकीय तबला वादक का तबले पर थिरकती उंगलियों का जादुई संगम बेहद अनूठा था। जो भी सुनता और देखता तिलस्मी हो जाता। ऐसे थे हमारे तबला वादक जनाब जाकिर हुसैन साहेब, लेकिन 15 दिसंबर 2024 को जनाब जाकिर हुसैन ने अमेरिका के सन फ्रांसिस्को में इस फानी दुनिया को अलविदा कहा। खुदा से इल्तिजा है तबले की इस अनमोल शख्सियत को जन्नत नसीब हो।

( ये लेखक के निजी विचार हैं )

## अपनी बात

स्त्री-पुरुष अब सामाजिक, मानसिक पूरक नहीं, बल्कि संबंधों के बाजार की दो वस्तुएं हैं। यह कैसा समाज बन गया है, जहां सिर्फ स्त्री और पुरुष हैं, कोई सामाजिक रिश्ता नहीं है। रिश्ते दरक रहे हैं, तो परिवार टूट रहे हैं और आपसी सम्मान भी विलुप्त हो रहे हैं। हमने ऐसा पश्चिमी देशों के संदर्भ में सुना था, लेकिन अब भारतीय संस्कृति में भी संबंधों और मूल्यों को खरोंचा जा रहा है। हम कोई प्रवचन देने की मुद्रा में नहीं हैं और न ही स्त्री-द्वेष वर्ग के चेहरे हैं। हम नारीवाद, महिला सशक्तिकरण के विरोधी भी नहीं हैं। घरेलू हिंसा, झूठे आरोप और उत्पीड़न, आर्थिक लूट के शिकार पुरुष भी हो रहे हैं। उनके लिए विशेष कानून क्यों नहीं हैं? कार्यस्थल, यौन उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, दहेज की मांग के झूठे केस भी दर्ज होते रहे हैं। राजेश, पुराना पटौर

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

## क्रांतिकारी लेखक, इतिहासकार और पत्रकार

सखाराम गणेश देउसकर क्रांतिकारी लेखक, इतिहासकार तथा पत्रकार थे। ये भारतीय जनजागरण के ऐसे विचारक थे, जिनके चिंतन और लेखन में स्थानीयता और अखिल भारतीयता का अद्भुत संगम था। ये लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के पक्के अनुयायी थे और बंगाल में जनजागृति लाने के कारण ये 'बंगाल के तिलक' कहलाते थे। हिंदी के प्रचार के लिए भी ये निरंतर प्रयत्नशील रहे। सखाराम गणेश देउसकर का जन्म देवघर के पास 'करौं' नामक गांव में हुआ था, जो अब झारखंड राज्य में है। मराठी मूल के देउसकर के पूर्वज महाराष्ट्र के रत्नागिरि जिले में शिवाजी के आलवान नामक किले के निकट देउस गांव के निवासी थे। 18वीं सदी में मराठा शक्ति के विस्तार के समय इनके पूर्वज महाराष्ट्र के देउस गांव से आकर 'करौं' में बस गए थे। पांच साल की अवस्था में मां का देहांत हो जाने के बाद बालक सखाराम का पालन-पोषण इनकी विधवा बुआ के पास हुआ जो मराठी साहित्य से भली भांति परिचित थीं। इनके जतन, उपदेश और परिश्रम ने सखाराम में मराठी साहित्य के प्रति प्रेम उत्पन्न किया। इतिहास इनका प्रिय विषय था। ये बाल गंगाधर तिलक को अपना राजनीतिक गुरु मानते थे। सखाराम गणेश देउसकर ने सन 1891 में देवघर के आर. मित्र हाई स्कूल से मैट्रिक की परीक्षा पास की और सन 1893 से इसी स्कूल में शिक्षक नियुक्त हो गए। ■



सखाराम गणेश देउसकर
जन्म : 17 दिसंबर, 1869
मृत्यु : 23 नवंबर, 1912

# जैसे-जैसे हम विचारों से भरते जाते हैं वैसे-वैसे चिंताओं में डूबते जाते हैं

बचपन प्रत्येक व्यक्ति के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण और यादगार समय होता है। जीवन का ये पहला चरण, जिसका हम भरपूर आनंद ही नहीं लेते। यही वो समय भी है जब बच्चे के भविष्य को आकार मिलता है। माता-पिता अपने बच्चों के भविष्य के लिए बेहतर से बेहतर सपने देखते हैं। यह समय बच्चे के लिए सबसे अच्छा समय है, क्योंकि बचपन में जो यादें बनती हैं, वे हमेशा उसके चेहरे पर मुस्कान बनकर रहती है। साथ ही, इस समय बच्चे का चरित्र निर्माण भी होता है।

यह समय जीवन को समझने और ज्ञान प्राप्त करने का सबसे अच्छा समय होता है। बचपन का असली मूल्य तो बड़े होकर ही पता चलता है, बचपन में इतनी समझ नहीं होती। उस वक्त तो जल्दी-जल्दी बड़े होने की अत्यधिक चाह रहती है। बचपन इतना बेपरवाह होता है न कोई चिंता, न कोई तनाव! मन एकदम सांसारिक जीवन की मृगतृष्णा से मुक्त। अपने बचपन की यादों को संजोए रखना जीवन के हर मोड़ पर एक सुखद एहसास देता है।



लेखिका : बिषना गाजटा
शिमला, (हि.प्र.)

जैसे-जैसे हम बड़े होते हैं, वैसे-वैसे अपने बचपन से और ज्यादा लगाव होने लगता है और हम उन दिनों को वापस पाना चाहते हैं, लेकिन ऐसा हो नहीं पाता, क्योंकि बीता हुआ समय, बहती हुई पानी की धारा, मुख से बोले हुए शब्द और हमारा बचपन कभी भी वापस नहीं आ सकता। जो बीत गया सो बीत गया। इसीलिए बड़ा होकर प्रत्येक व्यक्ति यह महसूस करता है कि बचपन ही वह अवस्था थी जब हम दिल से खुश होते थे, मौज मस्ती करते थे, तनाव रहित रहते थे, न खाने की चिंता, न दुनियादारी की फिक्र, न हमारे अहंकार को चोट लगती थी, न किसी से बैर होता था, न कोई दिक्कत परेशानी होती थी।



ऐसा कौन सा सुख उस वक्त हमारे पास था? न तो धन था न कोई पद था, न कोई मान सम्मान था, न कोई प्रतिष्ठा? हां एक झंझट जरूर था स्कूल जाने का जहां रोज-रोज जबरदस्ती भेज दिए जाते थे और वहां बैठे-बैठे दिनभर परेशान होते रहते थे। कभी-कभी गुरु जी द्वारा पढ़ाया गया पाठ समझ आ जाता था तो कभी बिलकुल भी पल्ले नहीं पड़ता था। तो फिर सुख था कहां? सुख था तितलियों के पीछे भागना, सुख था सूर्य की पहली किरण जो ओंस की बूंदों पर पड़ती थी और उसे मोती की तरह चमकते हुए देखना, सुख था मिट्टी में खेलना, बारिश में भीगना, नंगे पांव मस्ती में झूमते हुए चलना, कंकड़ पत्थर नंगे पांव में चुभ रहे कोई परवाह नहीं, किसी ने गुस्से में झिड़क कर कुछ बोल दिया उसकी भी कोई चिंता नहीं। डांट पड़ती है, मार पड़ती है कोई फिक्र नहीं! न अहम् को चोट लगती थी न दिल को, थोड़ी देर रो लेते थे उसके बाद सब सामान्य हो जाता था। जैसे-जैसे हम बड़े होते गए वो सब छूटता गया, क्योंकि मासूमियत पिछे छूट गई और हम विचारों से भरते गए।

फिर हमारा पूरा जीवन दुनियादारी, व्यक्तिगत सुरक्षा की चिंताओं एवं जीवन की तैयारियों में बीत गया। जिस कारण हम वास्तव में कभी जीवन को जी ही नहीं पाते। जैसे-जैसे हम विचारों से भरते गए वैसे-वैसे चिंताओं में डूबने लगे। चिंताओं में हम इस कदर उलझ गए कि सुख क्या होता है भूल ही गए। एक छोटा सा बच्चा जिनके पास कुछ भी नहीं है प्रसन्न होने के लिए अकारण ही खुश होता है, उस छोटे बच्चे के लिए अपना अंगूठा चूसना भी खुशी का कारण है। इसका मतलब निर्विकार मन ही जीवन की बेहतरीन अवस्था होती है।

( ये लेखिका के निजी विचार हैं )

कविता

## आवागमन



राकेश डोगरा

*कौन लोक से आया रे प्राणी और कहां तुझे जाना है,*
*सच्ची बात तो यह है दोनों जहां से तू अनजाना है।*
*कहां से आया, कहां जाना यह भेद न कोई जाना है,*
*कर्मों का चक्कर है यहां जो आया उसको जाना है। भाई-बंधु सब*
*मतलब के और मतलब का यह जमाना है,*
*पास है अपने दौलत प्यारे तो सब कुछ ही सुहाना है।*
*सुख मिला खिल-खिल हंसा दुख आया जी भर रोया,*
*दुनिया का दस्तूर है ऐसा सब कुछ पाकर सब कुछ खोया।*
*प्रभु चरणों में ध्यान लगा तू रटले राम रमैया,*
*वह ही पार करेंगे तेरी बीच भवर से नैय्या।*

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री
editoranantgyaan@gmail.com पर या
व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।

# पाठकों के पत्र...

यह कहने में अतिश्योक्ति नहीं होगी कि अनंत ज्ञान जैसी अखबार कुछ अलग हटकर रही है, यानी हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्य की जनता तथा नीति निर्धारकों के बीच सेतु का कार्य करने सहित सेवा कार्य करने से लोकप्रिय होती जा रही है। बाकी इस हिंदी दैनिक के प्रति जागरूक पाठकों की प्रतिक्रिया एवं सुझावों को प्राथमिकता के साथ समझें; उससे पहले पुन: बधाई और शुभकामनाएं देते हुए में यह कहना नहीं भूल सकता कि पत्रकारिता के आकाश में छाया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ हमारे प्यारे 'अनंत ज्ञान' दैनिक समाचार पत्र एवं अनंत ज्ञान टीवी की प्रथम वर्षगांठ कांगड़ा जिला के नगरोटा बगवां सहित हिमाचल प्रदेश के सभी जिलों आदि में जिस तरह से मनाई गई, समाज सेवा की भरी पूरी मिसाल पैदा की गई। ये गौरवान्वित करने वाले पल थे और सदा इसलिए भी रहेंगे, क्योंकि उम्दा दैनिक अनंत ज्ञान व अनंत ज्ञान टीवी की वर्षगांठ पर प्रदेश भर में जहां रक्त दान शिविर आयोजित कर रक्त दानियों ने पुण्य कमाया उसी तरह अनंत ज्ञान परिवार की दूरगामी सोच के चलते यह पुनीत कार्य संभव हो पाया। इसके साथ ही स्वच्छता अभियान आयोजित कर भी इंसानियत का धर्म निभाया। ये सब ऐसे सामाजिक कार्य हैं, जिनको अंजाम देने से सराहनीय पहल तो हुई ही है साथ ही ऐसे अनूठे कार्यों से लोगों को भी जनहित में भलाई के कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। अब सुझाव आदि की बात कुछ इस तरह से है कि अनंत ज्ञान के छप रहे 14 पृष्ठों को बढ़ाकर 16 कर दें, जिसमें मंडी के लिए दो पृष्ठ और बाकी अन्य खबरों के शेष आदि के लिए रखें। रविवार को चार पृष्ठ की मैगजीन की तर्ज पर विविध सामग्री जिसमें हो साहित्य, बालकों-किशोरों, महिलाओं, बुजुर्गों, माथापच्ची, हर क्षेत्र के कीर्तिमान इत्यादि सामग्री। आपको अनंत मंगलकामनाएं!



भीम बसेडू राजपूत
महादेव, सुंदरनगर

मैं प्रज्वल जिला कुल्लू के बंजार का स्थायी निवासी हूं। महोदय, बंजार में पिछले काफी समय से बाइपास बनाने की मांग की जा रही है, लेकिन अभी तक पूरी नहीं हुई। इस कारण बंजार बाजार में हमेशा स्थानीय लोगों व सैलानियों को ट्रैफिक जाम की समस्या से दो चार होना पड़ता है। ट्रैफिक जाम की यह समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है और यह एक गंभीर और चिंताजनक समस्या का रूप ले चुकी है। इसके अलावा यहां पर डंपिंग साइट की सुविधा भी नहीं है जिस कारण कूड़ा खुले में फेंका जा रहा है। बंजार में ट्रैफिक जाम और डंपिंग साइट न होने के कारण कूड़े की समस्या विकराल रूप धारण कर रही है। जहां पर कूड़ा कचरा खुले में फेंका जाता है वहां पर बेसहारा पशु, आवारा कुत्ते और पक्षी मुंह मारते हैं और यह पशु पक्षी प्लास्टिक भी खा रहे हैं जो कि इनकी सेहत के लिए हानिकारक है। साथ ही खुले में पड़ा यह कूड़ा कचरा लोगों के स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण के लिए भी खतरनाक है। वहीं, ट्रैफिक जाम के कारण आए दिन सैलानियों व स्थानीय लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। साल दर साल बढ़ती इन दोनों समस्याओं से और इनका हल न निकलने के कारण यहां के व्यापारियों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। जिला प्रशासन की ओर से कोई भी उचित कदम अमल में नहीं लाया जा सका है और यह दोनों समस्याएं बहुत ही चिंताजनक हैं। मुझे इस बात की खुशी है कि आपके समाचार पत्र में समाज से जुड़ी इस तरह समस्याओं को अक्सर प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया जाता है, इसलिए मेरा अनंत ज्ञान परिवार से आग्रह है कि आगे भी इस तरह की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर प्रकाशित कर प्रशासन तक पहुंचाने की कृपा करें धन्यवाद।



प्रज्वल
बंजार (जिला कुल्लू)
मो. 98168-71457

पाठक अपने पत्र और सुझाव यहां भेज सकते हैं
Email : editoranantgyaan@gmail.com
Whatsapp no. : 88945-21702

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए, बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताई सरकार की योजनाएं



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सूचना एवं जन संपर्क विभाग शिमला के सौजन्य से सरस्वती म्यूजिकल ग्रुप बरोटी द्वारा सोमवार को धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के तहत ग्राम पंचायत दतवाड़ तथा डोल में लोगों को गीत-संगीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से व्यवस्था परिवर्तन, आत्मनिर्भर होता हिमाचल एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं, ओपीएस, इंदिरा गांधी, प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना की जानकारी दी गई। इसके साथ साथ नशे के दुष्प्रभावों पर भी लोगों को जागरूक किया गया। इस मौके पर ग्राम पंचायत प्रधान, वार्ड मेंबर व लोगों ने अपनी उपस्थिति दी तथा सरस्वती म्यूजिकल ग्रुप बरोटी के कलाकारों रोशन राणा, संजय भारद्वाज, महेश, मनु, प्रेम, पंकज, केआर सहगल, रीना कुमारी और संजना ने अपनी अपनी भूमिका निभाई।

### खेल संघ की कार्यकारिणी का हुआ विस्तार



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** हिमाचल प्रदेश पच्चीसी खेल संघ की बैठक सुंदरनगर के धनोटू में पच्चीसी खेल संघ के अध्यक्ष संजय कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें प्रदेश की कार्यकारिणी का विस्तार किया और हिमाचल प्रदेश के सभी जिलों में पच्चीसी के प्रचार प्रसार के बारे में भी चर्चा की गई। इस बैठक में संजय कुमार को आयोजन सचिव और आशीष शर्मा को कानूनी सलाहकार, राज कुमार, मनोज कुमार, संजय नायक, रविन्द्र नायक को सदस्य के रूप में सर्वसम्मति चयनित किया गया। प्रदेश पच्चीसी खेल संघ के जनरल सचिव राम सिंह चौहान ने कहा कि जल्द ही हिमाचल प्रदेश के सभी जिलों को भी खेल संघ से जोड़ा जाएगा और पच्चीसी खेल का प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने दिया स्वच्छता का संदेश



**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** आईसीडीएस परियोजना सदर मंडी के वृत सलवाहन में एसएमके रजवाड़ी में मासिक धर्म स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन पर्यवेक्षक संदीप चौहान की देखरेख में आयोजित किया गया। इस मौके पर पंचायत के उपप्रधान बृज लाल को पर्यवेक्षक संदीप चौहान ने बैज लगाकर सम्मानित किया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने गाने के माध्यम से 'वो-दिन' मासिक धर्म स्वच्छता पर जागरूकता का संदेश दिया और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर संदेशात्मक गीत प्रस्तुत करके समाज में बेटा बेटी एक समान का संदेश दिया।

### शिवाबदार स्कूल में बच्चों का किया करियर मार्गदर्शन



**अनंत ज्ञान, मंडी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शिवाबदार में बच्चों को करियर परामर्श प्रदान करने एवं उचित भविष्य का निर्णय लेने हेतु पाठशाला में पवन ठाकुर जागरूक समाजसेवी द्वारा मार्गदर्शन किया गया। उन्होंने कहा कि बच्चों को निजी तौर पर भी अच्छे भविष्य के चयन करने एवं उसे प्राप्त करने के लिए कैसे मेहनत की जाए, इत्यादि के बारे में समय-समय पर जानकारी साझा करते रहना चाहिए। बच्चों को कैरियर संबंधित इस कड़ी में उन्होंने बच्चों को अपने पूरे जीवन के अनुभवों को साझा किया। तदोपरांत उन्होंने विद्यालय संबंधित गतिविधियों का भी जायजा लिया।

### लोगों को बताई जनकल्याणकारी योजनाएं

**अनंत ज्ञान, गोहर।** अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के कल्याण के लिए चलाई जा



रही प्रदेश सरकार की योजनाओं व सरकार की उपलब्धियों के बारे में जागरूक करने के दृष्टिगत सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से संबद्ध आकार थिएटर सोसायटी के कलाकारों द्वारा नुक्कड़-नाटक व गीत-संगीत पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन शाला व नाण्डी में किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के तहत आकार थिएटर सोसाइटी द्वारा हिमाचल प्रदेश में अनुसूचित जाति व जनजाति के कल्याण के चलाई जा रही योजनाओं से लोगों को अवगत करवाया गया।

### आईटीआई जोगिंद्रनगर में होगा पूर्व प्रशिक्षु मिलन समारोह

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जोगिंद्रनगर ने पूर्व प्रशिक्षुओं की उपलब्धियों को सम्मानित करने के लिए विशेष मिलन समारोह आयोजित करने की घोषणा की है। संस्थान की प्रधानाचार्य ई. नवीन कुमारी ने बताया कि समारोह वर्ष 2000 से अब तक के उत्कृष्ट प्रशिक्षुओं को पहचानने और उनकी सफलता का जश्न मनाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य उन प्रतिभाशाली प्रशिक्षुओं को मंच प्रदान करना है जिन्होंने अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। चाहे वे सार्वजनिक या निजी क्षेत्र में ऊंचे पदों पर हों या उद्यमी बनकर रोजगार सृजन में योगदान दे रहे हों। पूर्व प्रशिक्षु अपनी जानकारी संस्थान के आधिकारिक फेसबुक पेज पर साझा कर सकते हैं या ई मेल के माध्यम से भेज सकते हैं।

### जोगिंद्रनगर में सरकार का चलेगा विशेष प्रचार अभियान

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस प्रचार अभियान के अंतर्गत 17 दिसंबर को हिमाचल संगीत कला केंद्र मंच सरकाघाट द्वारा रोपड़ी पंचायत के रोपा में प्रातः 10:30 बजे व मतेहड़ पंचायत के कालाअंब में सायं 2:30 बजे, 18 दिसंबर को कामाक्षा सांस्कृतिक लोक कला मंच, करसोग द्वारा तुलाह पंचायत के तुलाह में प्रातः 10:30 बजे व उटपुर पंचायत के उटपुर में सायं 2:30 बजे तथा इसी तरह 19 दिसंबर को टिक्करी मुशेहरा पंचायत के निक्का ठाणा में प्रातः 10:30 बजे व भड़याड़ा पंचायत के धन्यातर में सायं 2:30 बजे नाट्य दलों द्वारा लोगों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं बारे जागरूक किया जाएगा।

# पौंटा पंचायत में उपप्रधान सहित वार्ड मेंबर्स ने दिया सामूहिक इस्तीफा

## विकास कार्य ठप होने का लगाया आरोप, प्रधान ने कहा-उपप्रधान रच रहा साजिश

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

गोपालपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत पौंटा के उपप्रधान सहित आधा दर्जन वार्ड मेंबर्स ने विकास कार्यों में हो रही बाधाओं और पंचायत प्रधान के असहयोग पूर्ण रवैया का आरोप लगाकर सामूहिक इस्तीफा एसडीएम सरकाघाट के माध्यम से जिलाधीश मंडी को भेजा है जिसमें उन्होंने सामूहिक रूप से अपने पदों से इस्तीफा देने का हवाला देते हुए सभी ने सदस्यों ने आरोप लगाते हुए बताया है कि पिछले दो वर्षों से पंचायत में विकास कार्य पूरी तरह से ठप पड़े हैं, जबकि सरकार ने पंचायत फंड में पर्याप्त धनराशि प्रदान की है।

सदस्यों का कहना है कि पंचायत की बैठकों में बार-बार विकास कार्यों के प्रस्ताव डाले गए और सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली गईं। मनरेगा और 15वें वित्त आयोग के तहत 31 लाख के कार्य स्वीकृत हो चुके हैं और पंचायत विभाग, पंचायत समिति व जिला परिषद ने इन्हें पूरा करने के आदेश



प्रधान एवं वार्ड मेंबर एसडीएम को इस्तीफा देते हुए सामूहिक चित्र में।

भी दिए हैं। इसके बावजूद पंचायत प्रधान की निष्क्रियता के कारण सीमेंट, तार और अन्य सामग्री उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। मास्टर रोल भी कई महीनों से खाली पड़े हैं, जिससे लोगों को रोजगार से वंचित होना पड़ा। पंचायत सदस्यों ने बार-बार प्रधान से और संबंधित विभागों से इस मामले में हस्तक्षेप की अपील की, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला।

सिविल सप्लाई से सीमेंट उपलब्ध करवाने की सभी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं, फिर भी प्रधान की उदासीनता के चलते काम नहीं हो पा रहा है। इससे सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई धनराशि भी उपयोग में नहीं आ रही है। पंचायत प्रतिनिधियों ने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए सामूहिक रूप से अपने पदों से त्यागपत्र देने का निर्णय लिया।

इस्तीफा देने वाले सदस्यों में उपप्रधान नरेश कुमार, वार्ड मेंबर मोहन सिंह, मनोहर लाल, निर्मला देवी, ननित, रेखा, कृष्णी देवी और पवना देवी शामिल हैं। पंचायत प्रतिनिधियों ने जिलाधीश मंडी से इस मामले में हस्तक्षेप कर पंचायत में रुके हुए विकास कार्यों को पूरा कराने और प्रधान की निष्क्रियता पर कार्रवाई की मांग की है।(अनंत ज्ञान)

### उपप्रधान हथियाना चाहता है प्रधान पद

**पंचायत** प्रधान सोनिया वर्मा ने कहा कि उन्होंने ईमानदारी से सभी वार्डों में विकास कार्य किया है इस सब के पीछे उप प्रधान साजिश रच रहा है वह राजनीतिक दबाव के चलते उन्हें प्रधान पद से हटाकर खुद प्रधान पद हथियाना चाहता है विकास कार्यों के कोरे कागज पर बिल बना कर उन्हें इनकी पेमेंट करने का दबाव बनाया जा रहा है परंतु मैंने कोई भी बिल पास नहीं किए है मेरे प्रधान होते हुए भी उप प्रधान ने खुद ही अपनी अध्यक्षता में बैठक बुला कर चूहकू वार्ड को को पंचायत में मिलाने के लिए बैठक कर दी जब उन्हें रोका तो उन्हें हटाने के लिए यह सब साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा जिस मर्जी से जांच करवा ले उन्हें कोई डर नहीं है।

## 101 ग्राम चरस सहित दो युवक गिरफ्तार, मिला 5 दिन का रिमांड

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

पुलिस थाना सरकाघाट की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट (एसआईयू) ने गत देर रात गश्त के दौरान 101 ग्राम चरस के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया। आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार, एसआईयू टीम ने बडाल (मोही) गांव के पास रात्रि गश्त के दौरान दोनों युवकों को संदिग्ध परिस्थितियों में पकड़ा। तलाशी लेने पर उनके पास से 101 ग्राम चरस बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहित ठाकुर (26) पुत्र स्व. विजय ठाकुर निवासी हमीरपुर और पीयूष चंदेल (23) पुत्र अमरजीत सिंह निवासी टौणी देवी हमीरपुर के रूप में हुई है।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 और 29 के तहत मामला दर्ज किया है।

इस मामले की पुष्टि सरकाघाट थाना प्रभारी रजनीश ठाकुर ने की है। उन्होंने बताया कि आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से 5 दिन का पुलिस रिमांड मिला है।

## शिविर में 50 ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



सर्टिफिकेट के साथ रक्तदाता।

सद्भावना एनजीओ द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरोटी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इसमें लगभग 50 यूनिट रक्तदान किया।

सद्भावना एनजीओ द्वारा तीसरे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था। इस शिवर में कुछ लोगों ने पहली बार रक्तदान किया तथा कुछ ने 50वीं बार और कुछ ने 83वीं बार रक्तदान किया। एनजीओ के प्रधान विजय चंदेल, अनिल कुमार, राकेश चंचल, अशोक कुमार, लेखराज, मेहर चंद्र, रमेश सकलानी, गीता देवी, प्रांजल ठाकुर आदि रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। यह जानकारी सद्भावना एनजीओ के मीडिया प्रभारी चंचल सिंह ने दी।

## एबीवीपी का डीसी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, मंडी**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने गेस्ट फैकल्टी पॉलिसी के तहत शिक्षकों की भर्ती के खिलाफ उपायुक्त कार्यालय के बाहर जोरदार धरना प्रदर्शन किया।



धरना-प्रदर्शन एवं नारेबाजी करते हुए एबीवीपी के कार्यकर्ता।

विद्यार्थी परिषद का कहना है कि यह पॉलिसी न केवल योग्य उम्मीदवारों के अधिकारों का हनन करती है, बल्कि शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता को भी प्रभावित करती है। विद्यार्थी परिषद का मानना है कि यह कदम स्थायी शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया को बाधित करेगा और शिक्षा की गुणवत्ता को

### गेस्ट टीचर पॉलिसी का विरोध

प्रभावित करेगा। विशाल ठाकुर ने कहा कि यह पॉलिसी न केवल शिक्षकों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है, बल्कि छात्रों की पढ़ाई और शिक्षा के स्तर पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल रही है।

उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सरकार इस पॉलिसी को रद्द नहीं करती है, तो विद्यार्थी परिषद पूरे प्रदेश में विरोध प्रदर्शन करेगा। अक्षय ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में स्थायी भर्ती की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाए एवं छात्रों के हित में योग्य और स्थायी शिक्षकों की भर्ती की जाए।

उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए तथा शिक्षकों की भर्ती केवल योग्यता और निष्पक्षता के आधार पर हो। गेस्ट फैकल्टी पॉलिसी में बदलाव किए जाएं और पॉलिसी में सुधार कर इसे छात्रों और शिक्षकों दोनों के हित में बनाया जाए।

## बांग्लादेश में बंद हो हिंदुओं पर अत्याचार

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर**



जनसभा के दौरान मौजूद गणमान्य।

धर्मपुर मुख्यालय में सोमवार को विभिन्न हिंदू संगठनों द्वारा साईं भवन के बाहर इकट्ठा होकर एक जनसभा की। जनसभा में धर्मपुर क्षेत्र के विभिन्न जगहों से आए हिंदू संगठनों को संबोधित करते हुए गणेश दत्त ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर दिन पर दिन अत्याचार हो रहा है हिंदुओं के घर लूटे जा रहे हैं तथा हिंदुओं के साथ मारपीट की जा रही है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हो रहे अत्याचार पर रोक लगाने बारे कड़ा संज्ञान ले।

इस समारोह में उपस्थित हुए सैकड़ों लोगों ने साईं भवन के बाहर जनसभा की और उसके बाद नारेबाजी करते हुए पूरे धर्मपुर बाजार का एक चक्कर लगाया और एसडीएम धर्मपुर के माध्यम से बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को रोकने के लिए महामहिम राष्ट्रपति महोदय को ज्ञापन भेजा।

## गेस्ट टीचर पॉलिसी से युवा त्रस्त : राकेश

**शिमला।** भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि चुनावों से पहले युवाओं को लुभाने के लिए कांग्रेस ने 5 लाख सरकारी नौकरियां और हर साल 1 लाख रोजगार देने का वादा किया था। सत्ता में आते ही इन वादों को भूलकर सुक्खू सरकार ने हिमाचल के शिक्षित युवाओं के सपनों को चूर-चूर कर दिया।

सरकार खुद भी हिमाचल प्रदेश की सत्ता में 'गेस्ट' की तरह ही आई है, ऐसे में उसका ध्यान भी गेस्ट टीचर पॉलिसी पर ही है, कांग्रेस अपनी फितरत के मुताबिक युवाओं के साथ वादाखिलाफी कर रही है।

## कार्यशाला में दी आयुर्वेदिक चिकित्सा पर जानकारी



कार्यशाला में शिरकत करते आयुर्वेदिक चिकित्सक।

**अनंत ज्ञान, मंडी**

जिला के आयुर्वेदिक चिकित्सकों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ उपनिदेशक डॉक्टर आनंदी शैली द्वारा किया गया जबकि जिला आयुष अधिकारी डॉ. राजेश कालिया भी उपस्थित रहे।

कार्यशाला में 100 से ज्यादा आयुर्वेदिक चिकित्सक भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण कार्यशाला में डॉक्टर प्रमोद पारीख व डॉक्टर विकास ने पंचकर्म, मर्म चिकित्सा, जलौका कर्म, रक्तमोक्षण, अग्निकर्म चिकित्सा आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी।

इस कार्यशाला के लिए डॉक्टर हितेश शर्मा को नोडल अधिकारी व डॉक्टर विक्रांत ठाकुर को कमेटी का सदस्य नियुक्त किया गया है।

## फोरलेन संघर्ष समिति की बैठक आज

**जोगिंद्रनगर।** एनएच-154 पैकेज-4 (घट्टा से नारला) फोर लेन परियोजना को लेकर फोरलेन संघर्ष समिति की एक महत्त्वपूर्ण बैठक मंगलवार सुबह 10:30 बजे पधर उपमंडल के मुख्य बाजार में आयोजित की जाएगी।

इस बैठक में क्षेत्र की चालीस पंचायतों के प्रतिनिधि, पंचायत प्रधान, उपप्रधान, बीडीसी सदस्य, महिला मंडलों के सदस्य और स्थानीय जनता भारी संख्या में भाग लेगी। विशेष रूप से वरोट, लपास, वरधान, लटराण, कधार, गुमा, रोपा, पघर, हारगुनेण, और उरला पंचायतों के प्रतिनिधि बैठक में शामिल होंगे।

## धर्मपुर को नगर पंचायत बनाने पर होगी भूख हड़ताल

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर**



ज्ञापन प्रेषित करते हुए लोग।

धर्मपुर को नगर पंचायत बनाने का विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। गत दिनों धर्मपुर पंचायत के चार वार्डो कलस्वाई, बरडाणा, बनवार कलां, और छपाणु के लोगों ने धर्मपुर को नगर पंचायत बनाए जाने पर आपत्ति दर्ज करवाई है और इसी के चलते आज फिर उपरोक्त गांव के महिला व पुरुषों ने हिमाचल प्रदेश भाजपा मीडिया सह प्रभारी एवं पूर्व में रहे भाजपा प्रत्याशी रजत ठाकुर के नेतृत्व में एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान पुरजोर मांग की गई की धर्मपुर को नगर पंचायत न बनाया जाए। रजत ठाकुर ने कहा कि अगर धर्मपुर को नगर पंचायत बनाना है तो धर्मपुर शहर को ही नगर पंचायत में लिया जाए न कि ग्रामीण क्षेत्रों को, रजत ठाकुर ने कहा कि धर्मपुर विधायक का दोहरा चरित्र सामने आया है पहले तो उन्होंने बहरी, शिवद्वाला, लौंगणी व धर्मपुर को नगर पंचायत में शामिल करने की बात कही थी, मगर अब लौंगणी शिवद्वाला, बाहरी को छोड़कर धर्मपुर पंचायत के ग्रामीण क्षेत्रों को नगर पंचायत में शामिल किया जा रहा है जो कि लोगों के साथ अन्याय होगा।

इसी बीच जिला पार्षद लौंगणी वार्ड जगदीश चंद बिट्टा ने सरकार को चेताया है कि अगर सरकार जबरदस्ती धर्मपुर को नगर पंचायत बनाती है तो इसका जमकर विरोध होगा और भूख हड़ताल व धरना प्रदर्शन करने से भी नहीं हिचकेंगे, जिसकी सारी जिम्मेवारी सरकार, प्रशासन व स्थानीय विधायक की होगी।

## नई शिक्षा नीति एक आदर्श बदलाव का प्रतीक : प्रो. अवस्थी

**अनंत ज्ञान, मंडी**

हिमाचल प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रोफेसर सरबजोत सिंह बहल के नेतृत्व में सोमवार को सरदार पटेल विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के कार्यान्वयन और प्रभाव पर एक दिवसीय कार्यशाला सफलतापूर्वक आयोजित की गई। यह कार्यक्रम राज्य में एनईपी 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए शिक्षकों, नीति निर्माताओं और हितधारकों के बीच जागरूकता पैदा करने और संवाद को सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से एसपीयू के



माननीय कुलपति प्रो. ललित कुमार अवस्थी के नेतृत्व में आयोजित किया गया था।

प्रो. ललित अवस्थी ने विश्वविद्यालय में अपने पहले दौरे के लिए प्रो. सरबजोत सिंह बहल का स्वागत किया। अपने उद्घाटन भाषण में प्रो. अवस्थी ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 34 वर्षों के बाद हमारी शिक्षा प्रणाली में एक आदर्श बदलाव का प्रतीक है। उन्होंने वर्तमान समय में शिक्षक की बदलती भूमिका पर प्रकाश डाला और कहा कि स्थानीय आकांक्षाओं को संबोधित करने के लिए नई नीति का मूल्यांकन किया जाना चाहिए और इसे राज्य-विशिष्ट बनाया जाना चाहिए।

अध्यक्ष ने कौशल विकास, रोजगार और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देने पर नीति के फोकस पर प्रकाश डाला, जो हिमाचल प्रदेश में युवाओं की आकांक्षाओं के साथ संरेखित है। प्रो. बहल ने कहा कि राज्य को नीति को अपनाने के बजाय उसके अनुकूल होने की जरूरत है।

## स्वाधीनता आंदोलन और आदिवासी समाज पर संगोष्ठी

**मंडी।** राजकीय महाविद्यालय पनारसा द्वारा एक दिवसीय ऑनलाईन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय 'स्वाधीनता आंदोलन और आदिवासी समाज' था। मुख्य वक्ता दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रो. स्नेह लता नेगी ने आदिवासी समाज के इतिहास, संघर्ष और उनके योगदान के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी सांझा की।

प्रो. स्नेह लता नेगी ने स्वाधीनता संग्राम में आदिवासी समाज की महत्वपूर्ण भूमिका पर विचार रखें।संगोष्ठी में प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों से प्रोफेसर, शोधार्थी और विद्यार्थी शामिल हुए।

## 25 को मनाया जाएगा श्री राजपूत सभा का स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान, मंडी**



बैठक करते हुए श्री राजपूत सभा के पदाधिकारी।

श्री राजपूत सभा मंडी कार्यकारिणी की बैठक राजपूत भवन जेल रोड मंडी में जिला प्रधान डॉ. अमर सिंह गुलेरिया की अध्यक्षता में की गई। बैठक में श्री राजपूत सभा मंडी के 25 दिसंबर को स्थापना समारोह मनाया जाएगा। स्थापना समारोह बाला सुंदरी माता मंदिर के प्रांगण लुनापानी में मनाया जाएगा और इस अवसर पर मंडी जिले की सभी इकाइयों के सदस्यों को आमंत्रित किया जा रहा है।

इस मौके पर राजपुताना इतिहास पर कार्यक्रम होगा, संस्थापक दयाल सिंह गुलेरिया के जीवन से सदस्यों को अवगत कराया जाएगा तथा कई गायक कलाकार भी इस कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देंगे।

**सफलता** | 33.3 मेगावाट की टर्बाइन में बिजली उत्पादन शुरू होने की संभावना

# उहल तृतीय चरण विद्युत परियोजना के पैन स्टॉक का परीक्षण सफल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर सोमवार को उहल तृतीय चरण विद्युत परियोजना के पैन स्टॉक का परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। इसके बाद दिसंबर महीने से पहली 33.3 मेगावाट की टर्बाइन में बिजली उत्पादन शुरू होने की संभावना है। परियोजना के संचालन से राज्य को सालाना 200 करोड़ रुपए से अधिक की आय होगी।

परीक्षण की सफलता के बाद अब पैनल ऑफ एक्सपर्ट की रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद जनवरी में अन्य दो



टर्बाइनों को भी चालू कर विद्युत उत्पादन शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। परियोजना की कुल क्षमता 100 मेगावाट से अधिक है।

> उहल तृतीय चरण परियोजना का पैन स्टॉक परीक्षण सफल रहा है। पहली ट्रबाइन दिसंबर में शुरू होगी और जनवरी तक शेष दोनों ट्रबाइनों को चालू करने का लक्ष्य है।
> – देवेंद्र कुमार, प्रबंध निदेशक, व्यास वैली निगम।

### कई चुनौतियों के बाद निर्माण कार्य तेज

2003 में इस परियोजना का निर्माण कार्य शुरू हुआ था, लेकिन विभिन्न बाधाओं के कारण यह लंबे समय तक रुका रहा। अब जलमार्ग और रेजरवार का कार्य पूरा हो चुका है। पैन स्टॉक का जल भार परीक्षण सफलतापूर्वक संपन्न होने के बाद उत्पादन कार्य जल्द शुरू होने की उम्मीद है।

### मजबूत होगी अर्थव्यवस्था

**परियोजना** के संचालन से राज्य सरकार को बड़ी आर्थिक राहत मिलेगी। विशेषज्ञों के अनुसार विद्युत उत्पादन शुरू होने के बाद क्षेत्र में ऊर्जा आपूर्ति भी बेहतर होगी और राज्य को करीब 200 करोड़ रुपए की वार्षिक आमदनी होगी।

### दीर्घकालिक लाभ की ओर अग्रसर परियोजना

**परियोजना** से राज्य की बिजली उत्पादन क्षमता में बढ़ोतरी होगी और ऊर्जा संकट को दूर करने में यह मील का पत्थर साबित होगी।

## चंद्रमोहन ने सरस्वती विद्या मंदिर को दी 11 लाख की सौगात

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

उपमंडल सरकाघाट के रखोटा में सरस्वती विद्या मंदिर का वार्षिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि प्रदेश के प्रसिद्ध समाजसेवी व जिला पार्षद चंद्र मोहन शर्मा और परशुराम एवं राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कारों से सम्मानित अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी डॉक्टर संजय यादव शामिल हुए कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से किया गया।

इसके पश्चात प्रबंधक जालम सिंह ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। विद्यालय की प्रबंधन समिति ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि तथा मुख्य वक्ता को शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। विद्यालय की मुख्याध्यापिका पूजा ठाकुर ने



कार्यक्रम के दौरान सामूहिक चित्र में गणमान्य व बच्चे।

विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. संजय कुमार यादव ने अपने संबोधन में अभिभावकों एवं शिक्षकों से कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ाएं।

मुख्यातिथि ने विद्यालय के भवन निर्माण के लिए 11 लाख व बच्चों के कार्यक्रम के लिए 21,000 रुपए देने की घोषणा की। विशिष्ट अतिथि ने भी विद्यालय के लिए 11,000 रुपए देने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त चंद्रमोहन शर्मा ने रखोटा पंचायत को 50,000 रुपए, महिला मंडल अप्पर रौहण को 10,000 रुपए, गैहरा निवासी हेमलता को 51,000 रुपए तथा भद्रवाड़ निवासी शिवाली को 10,000 रुपये की राशि दान की। मुख्यातिथि ने विभिन्न श्रेणियों में विजेता भैया बहनों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विद्यालय की उपाध्यक्षा विजया ने आए हुए गणमान्य अतिथियों का धन्यवाद किया। अंत में राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की गई।

## न्यूज ब्रीफ

### अजौली में विशेष पंचायत की बैठक 19 को

**ऊना।** ग्राम चौपाल कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विकास खंड ऊना की ग्राम पंचायत अजौली में 19 दिसम्बर को सुबह 9 से 1.30 बजे तक विशेष ग्राम पंचायत बैठक आयोजित की जाएगी। यह आदेश उपायुक्त जतिन लाल ने हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज अधिनियम 1994 की धारा 5 (1) और हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज (सामान्य) नियम 1997 के नियम 9(2) के तहत जारी किए गए हैं।

### हिमुडा कॉलोनी में धर्म के मार्ग पर चलने का दिया संदेश



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के हिमुडा कॉलोनी में बाबा पहाड़िया मंदिर कमेटी के सौजन्य से चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस पर कथा व्यास आचार्य डॉ. सुमन शर्मा ने प्रवचन करते हुए कहा कि माता सत्यवती से अपने पिता के विवाह के लिए गंगा पुत्र देवव्रत ने जीवन भर विवाह न करने की प्रतिज्ञा ली थी, जिस कारण उनका नाम भीष्म पड़ गया। महाभारत काल में ऐसी कई घटनाएं घटी हैं, जिनका महाभारत के युद्ध से भी कोई-न-कोई संबंध रहा है। वहीं, कथा व्यास आचार्य डॉ. सुमन शर्मा ने सनातन धर्म की रक्षा और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रभु सिमरन ही मनुष्य को भव सागर पार करवा सकता है। प्रभु सिमरन से मनुष्य सफलता की मंजिल को प्राप्त करता है। कथा विराम के बाद सभी श्रद्धालुओं को भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर दीवा साड़ी ऐप के फाउंडर एवं सीईओ देश के प्रथम युवा व्यवसाई अंकुश वर्जाता, हंसराज वर्जाता, ज्योति वर्जाता, विनोद कुमार सेंटी, आरबी राणा, माया देवी, मदन गोपाल बोहरा, राजन सोनी, बिंदू सोनी, अजमेर सिंह कुटलैहडिया, रणबीर पठानिया, कुशला पठानिया, राकेश शर्मा, बलदेव शास्त्री, नरेंद्र शर्मा, कमल देव शास्त्री, कुलदीप शर्मा, विवेकशील शर्मा, मदन गोपाल, डॉ. केशवानंद शर्मा आदि सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

### नेहरू युवा केंद्र अंबेहड़ा ने मनाया विजय दिवस




**हीना पठानिया, बड़ूही।** उपतहसील जोल के तहत पड़ते नेहरू युवक मंडल अंबेहड़ा द्वारा नेहरू युवा केंद्र ऊना के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अंबेहड़ा में विजय दिवस धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रधानाचार्य अमन देव गर्ग ने की व मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। भारतीय सेना से सेवानिवृत्त सेनानी ब्रजेश ठाकुर व दीप कुमार विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हुए ब्रजेश ठाकुर व दीप कुमार को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। नेहरू युवक मंडल द्वारा इस विशेष अवसर पर स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया, जिसमें लगभग 80 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस चित्रकला प्रतियोगिता को सफल बनाने में चित्रकला की अध्यापिका सुनीता बनियाल का विशेष योगदान रहा। भारतीय सेना से सेवानिवृत्त ब्रजेश ठाकुर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हर साल 16 दिसंबर को भारत में विजय दिवस मनाया जाता है क्योंकि इसी दिन वर्ष 1971 में भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध में ऐतिहासिक जीत हासिल की थी। इस जीत की वजह से बांग्लादेश को अपना खुद का वजूद मिला था। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य अमन देव गर्ग, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी संजीव कुमार, नेहरू युवक मंडल के अध्यक्ष नवनीत शर्मा, युवक मंडल के सचिव अजय शर्मा, संदीप कुमार, दीपक कुमार, नजमा, सुरेश कुमार, सलिल सोनी, सतीश कुमार, सुभाष चंद, संदीप कुमार, दीपक कुमार, बर्जेश ठाकुर, अमित गुप्ता, सुनील कुमार, मनोहर लाल, राज कुमारी, वीना देवी, मंगलू देवी, बसमा, शिल्पा राणा व अन्य उपस्थित रहे।

### पीपलू स्कूल का पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित



**ऊना।** एसएस मॉडल स्कूल पीपलू के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मेधावी छात्रों के साथ विधायक विवेक शर्मा, इस स्कूल के पांच छात्रों का चयन नवोदय विद्यालय के लिए भी हुआ है।

### कविता नेशनल क्रॉस कंट्री में लगाएगी दौड़



**अंब।** हिमाचल प्रदेश एथलेटिक एसोसिएशन द्वारा आयोजित स्टेट लेवल क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में महाविद्यालय की एनसीसी कैडेट कविता ने द्वितीय स्थान हासिल किया है। इस के साथ-साथ कैडेट कविता का चयन नेशनल लेवल क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप के लिए भी किया गया है। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार ने कैडेट कविता को उसकी इस उपलब्धि पर उसे बधाई दी। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट अनिल वर्मा, डॉ पवन कुमार पटियाल तथा डॉ. वंदना कौंडल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### लिटिगेशन मैनेजमेंट सिस्टम पर कार्यशाला आरंभ



**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश के डिजिटल प्रौद्योगिकी और शासन विभाग द्वारा लिटिगेशन मैनेजमेंट सिस्टम के तहत जिला स्तर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इस कड़ी में, ऊना जिले में सोमवार को 6 दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने बताया कि 16 से 21 दिसंबर तक चलने वाली इस कार्यशाला के दौरान जिलास्तर पर सभी विभागों को लिटिगेशन मैनेजमेंट सिस्टम (एलएमएस) के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## डिप्टी कमिश्नर केंद्रीय विद्यालय वरुण मित्र ने भंजाल का दौरा किया



डिप्टी कमिश्नर केंद्रीय विद्यालय वरुण मित्र भंजाल में अपनी टीम के साथ केंद्रीय विद्यालय की भूमि और रावमापा भंजाल का दौरा करते हुए।

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

जिला ऊना के भंजाल में केंद्रीय विद्यालय खोलने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सोमवार को इसी विषय पर केंद्रीय विद्यालय के डिप्टी कमिश्नर वरुण मित्र ने भंजाल के गोकल नगर में स्कूल खोले जाने वाले स्थान का निरीक्षण किया और साथ ही उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल का भी दौरा किया। केंद्रीय विद्यालय के डिप्टी कमिश्नर वरुण मित्र ने बताया कि अप्रैल 2025 से भंजाल केंद्रीय विद्यालय की कक्षाएं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल में शुरू कर दी जाएंगी।

इसी कड़ी में उन्होंने भंजाल स्कूल का भी दौरा किया। इस अवसर पर नलेटी स्कूल के प्रिंसिपल सतनाम सिंह व काफी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

### जिला प्रशासन की घने कोहरे और शीतलहर के दृष्टिगत लोगों से अपील

# जरूरी कार्य पर ही निकलें बाहर

**राजेश शर्मा, ऊना**

जिला प्रशासन ऊना ने घने कोहरे और शीतलहर के दृष्टिगत जनहित में एडवाइजरी जारी की है। इसके जरिए प्रशासन ने बढ़ती ठंड और घने कोहरे के मद्देनजर लोगों से स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर कुछ आवश्यक सावधानियां बरतने का आग्रह किया है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि तापमान में लगातार गिरावट के चलते आगामी दिनों में शीतलहर और धुंध का असर और बढ़ सकता है, ऐसे में सुरक्षा और बचाव की दृष्टि से आवश्यक सावधानियां बरतना जरूरी है।

शीतलहर से बचाव के उपाय बताते हुए एडवाइजरी में जिला वासियों से यह भी आग्रह किया गया है कि शीतलहर के दौरान यथासंभव घर के अंदर ही रहें। बाहर निकलते समय सिर, कान, हाथ, पैर और नाक को अच्छी तरह ढक कर निकलें। रेडियो, टीवी और समाचार पत्रों से मौसम के पूर्वानुमान की जानकारी लेते रहें। कई स्तरों वाले ऊनी कपड़े पहनें ताकि शरीर की गर्मी बरकरार रहे। शरीर को गर्म रखने के लिए पोषक आहार और गर्म पेय का सेवन करें।

हीटर, कोयले की अंगीठी या केरोसिन के उपयोग के दौरान कमरे में वेंटिलेशन का उचित प्रबंध करें। अपने सिर को ढक कर रखें, क्योंकि ठंड में सिर के माध्यम से ऊष्मा का अभाव हो सकता है। अपने मुंह को भी ढक कर रखें, इससे आपके फेफड़ों को ठंड से सुरक्षा मिलेगी। कम तापमान में कठिन काम न करें, क्षमता से अधिक शारीरिक कार्य न करें, इससे हृदयघात का खतरा उत्पन्न हो सकता है। (अनंत ज्ञान)

**यातायात के लिए जरूरी सावधानियां**

**यातायात के लिए जरूरी सावधानियों की बात करते हुए उपायुक्त ने सभी वाहन चालकों से गति नियंत्रित रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि घने कोहरे में वाहन धीमी गति से चलाएं ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके, साथ ही लाइट का सही उपयोग करें। गाड़ी की लाइट को लो बीम पर रखें। यदि दृश्यता बहुत कम हो, तो फॉग लाइट का प्रयोग करें। वाहनों के बीच पर्याप्त दूरी रखें ताकि अचानक रुकने की स्थिति में दुर्घटना न हो। सड़क पर पेंट की गई लाइन का उपयोग एक गाइड के रूप में करें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन और तेज आवाज में संगीत न सुनें।**

**हमेशा रहें सजग**

**उपायुक्त ने लोगों से स्वास्थ्य लेकर भी सजग रहने को कहा है। उन्होंने कहा कि शरीर के अंगों का सुन्न होना, हाथ-पैर की अंगुलियों, कान और नाक पर सफेद या पीले दाग दिखना शीतदंश के लक्षण हो सकते हैं। अत्यधिक ठिठुरना, सुस्ती, थकान, स्मृति कमजोर होना या तुतलाना हाइपोथर्मिया के संकेत हैं। यदि किसी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या महसूस हो, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। उपायुक्त ने सभी नागरिकों से मौसम की गंभीरता को समझने, सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर सतर्कता बरतने और प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है।**

## कंप्यूटर व सिलाई प्रशिक्षण के लिए 31 तक मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास निगम ऊना द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए अनुसूचित जाति से संबंध रखने वाले युवक-युवतियों को निगम की व्यवसायिक प्रशिक्षण योजना के तहत कंप्यूटर एवं सिलाई प्रशिक्षण के लिए आवेदन 31 दिसंबर तक मांगे हैं। यह जानकारी जिला प्रबंधक अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विकास निगम ऊना विपन कुमार ने दी।

विपन कुमार ने बताया कि आवेदक जिला ऊना का स्थायी निवासी, अनुसूचित जाति से संबंध रखने वाला, परिवार की समस्त साधनों से वार्षिक आय 35 हज़ार से अधिक नहीं होनी चाहिए तथा आईआरडीपी/बीपीएल परिवार से संबंधित होना चाहिए। इसके अलावा आवेदक ने रोजगार भत्ता/कौशल विकास भत्ता प्राप्त नहीं किया हो, इसका शपथ पत्र भी देना होगा। इच्छुक अभ्यर्थी संबंधित दस्तावेजों की सत्यापित प्रतियों सहित सादे कागज पर प्रार्थना पत्र किसी भी कार्य दिवस पर निगम कार्यालय ऊना में 31 दिसंबर तक जमा करवा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 01975-223694 पर संपर्क कर सकते हैं।

## हार से निराश न होकर आगे बढ़ना ही सच्चे खिलाड़ी की पहचान: डॉ. राजकुमार



विजेता खिलाड़ियों के साथ मुख्य अतिथि और आयोजक।

**संजीव पुरी, ऊना**

**ऊना कॉलेज में 54वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न**

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय ऊना में सोमवार को 54वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया गया। इस प्रतियोगिता के मुख्यातिथि लाला जगत नारायण हिमोत्कर्ष राजकीय महिला महाविद्यालय ऊना के प्राचार्य डॉ. राजकुमार रहे। अतिथियों का स्वागत महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मीता शर्मा ने किया।

प्राचार्या डॉ. शर्मा ने कहा कि छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद प्रतियोगिता में भी बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए, जिससे उनका बौद्धिक के साथ-साथ शारीरिक व मानसिक विकास हो। खेलकूद का महत्व केवल शारीरिक स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, यह मानसिक संतुलन, आत्मविश्वास और नेतृत्व कौशल को भी विकसित करता है। आज के इस आयोजन का उद्देश्य केवल प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में खेल भावना का विकास करना है। 'जीतना महत्वपूर्ण है, लेकिन उससे भी अधिक महत्वपूर्ण है प्रयास और खेल भावना।'

वहीं, मुख्यातिथि डॉ. राजकुमार ने कहा कि खेलकूद न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि यह हमारे जीवन में अनुशासन, समर्पण, और टीम भावना जैसे महत्वपूर्ण गुणों को विकसित करता है। खेल का मैदान हमें सिखाता है कि जीत और हार जीवन का हिस्सा हैं। हार से निराश न होकर उससे सीखना और अपनी गलतियों को सुधारते हुए आगे बढ़ना ही सच्चे खिलाड़ी की पहचान है। आज जब मैं यहां आपके उत्साह को देखकर मुझे अपने पुराने दिनों की याद आ रही है। आप सभी अपनी ऊर्जा और प्रतिभा से न केवल खेल के क्षेत्र में, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करेंगे। (अनंत ज्ञान)

## कुटलैहड़ कांग्रेस की बैठक में सबने कहा विवेक के नेतृत्व में ही आगे बढ़े संगठन



**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

कुटलैहड़ विस क्षेत्र में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने और संगठन के चुनाव के बारे में चुनाव प्रभारी द्वारा कुटलैहड़ के समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक हुई। बैठक में सभी कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ओर नेताओं ने एक स्वर में विधायक विवेक शर्मा की अगुवाई में कांग्रेस संगठन को आगे ले जाने की बात कही।

ज्ञात रहे बीते छह माह के विधायक कार्यकाल में विधायक विवेक शर्मा द्वारा कुटलैहड़ कांग्रेस में नेताओं और कार्यकताओं को अपनी सूझबूझ ओर काबिलियत से एक माला में पिरोकर

**कुटलैहड़ में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से संगठन पर चर्चा करने आए थे प्रभारी, विधायक को दी शाबाशी**

एक नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष विवेक मिंका, देसराज मोदगिल आदि दर्जनों कुटलैहड़ के वरिष्ठ एवं आम कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र में कांग्रेस की बागडोर विधायक विवेक शर्मा के हाथों में है और जो विधायक विवेक शर्मा का आदेश होगा, वही कुटलैहड़ कांग्रेस संगठन में होगा। (अनंत ज्ञान)

## आत्मकथा 'संघर्ष की आपबीती' का विमोचन




आत्मकथा के विमोचन का कार्यक्रम कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया नई दिल्ली में आयोजित किया गया।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

शिवालिक खादी आश्रम संतोषगढ़ के प्रोमोटर और हिमाचल खादी ग्रामोद्योग फेडरेशन के अध्यक्ष लक्ष्मी दास द्वारा लिखित आत्मकथा 'संघर्ष की आपबीती' का विमोचन कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया, नई दिल्ली में आयोजित किया गया।

ऊना के प्रसिद्ध समाज सेवी एवं गांधीवादी विचारक लक्ष्मी दास की आत्मकथा के विमोचन के अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्म विभूषण एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. कर्ण सिंह रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. एचके पाटिल, कर्नाटक सरकार के कानून और न्याय तथा संसदीय मामलों के मंत्री ने की। डॉ. कर्ण सिंह ने कहा

**लक्ष्मी दास ने गांधीवादी तरीके से लिखी है आपबीती**

कि यह पुस्तक लक्ष्मी दास जी के जीवन का सत्य है, जो गांधीवादी तरीके से लिखी गई है। डॉ. एचके पाटिल ने कहा कि सत्य लिखना बहुत कठिन होता है, परंतु लक्ष्मी दास ने एक उदाहरण प्रस्तुत किया है।

अपने मार्मिक संबोधन में लक्ष्मी दास ने पुस्तक लेखन की अपनी यात्रा और जीवन को आकार देने वाली महत्वपूर्ण घटनाओं को साझा किया। एक समर्पित गांधीवादी के रूप में उन्होंने आचार्य विनोबा भावे और अन्य महान विचारकों से प्रेरणा ली। पुस्तक में उनके सर्वोदय आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान और सामाजिक सुधारों व जमीनी स्तर के विकास में उनके प्रयासों को रेखांकित किया गया है। पुस्तक में उनके खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष के रूप में कार्यकाल को विशेष रूप से दर्शाया गया है, जिसमें ग्रामीण उद्योगों को बढ़ावा देने और बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा करने के उनके प्रयास शामिल हैं।

कार्यक्रम का संचालन दिल्ली विश्वविद्यालय की डॉ. अमना मिर्जा ने किया। यह आयोजन लक्ष्मी दास के साहित्यिक योगदान, गांधीवादी आदर्शों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और सहकारी आंदोलन में उनके प्रभावशाली योगदान का उत्सव था।

## भंजाल स्कूल के कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे कालिया

**गोंदपुर बनेहड़ा।** क्षेत्र के विधायक राकेश कालिया राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भजाल में 30 दिसंबर को वार्षिक पारितोषिक इनाम वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। इस कार्यक्रम में डिप्टी डायरेक्टर हायर एजुकेशन राजेंद्र कौशल भी बतौर स्पेशल गेस्ट शिरकत करेंगे। यह जानकारी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल के कार्यकारी प्रिंसिपल राजन शर्मा ने दी।

उन्होंने बताया कि पाठशाला के मेधावियों को विधायक राकेश कालिया सम्मानित करेंगे। उन्होंने विधायक राकेश कालिया का भंजाल स्कूल को विकास हेतु 2 लाख रुपए देने के लिए धन्यवाद किया है। इस अवसर पर वाइस प्रिंसिपल अनुशर्मा, कार्यालय अधीक्षक रजनी शर्मा, स्कूल कार्यक्रम निमंत्रण समिति से डीपीई विनोद ठाकुर, स्टाफ सचिव मुकेश कुमार एवं अन्य उपस्थित थे।

## शीतकालीन सत्र से पूर्व ठेकेदारों की देनदारी दे सरकार: भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** राज्य की सुक्खू सरकार पहले 830 करोड़ रुपए जो ठेकेदारों की बकाया राशि है, उनका भुगतान करे, फिर धर्मशाला में शीतकालीन सत्र करे, क्योंकि ठेकेदारों द्वारा अपने अपने कार्य पूर्ण करने पर बिल वोचर लोनिवि कार्यालय में जमा करवा दिए हैं और अब ठेकेदारों के 830 करोड़ के बिल वोचर ट्रेजरी में पड़े हैं और सरकार उनका भुगतान नहीं करवा रही है।

कुटलैहड़ के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने बंगाणा में मीडिया से बात करते हुए सुक्खू सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि सुक्खू सरकार के पास दो वर्षों के कार्यकाल का जश्न करवाने के लिए करोड़ों रुपए खर्च किए हैं, लेकिन ठेकेदारों का 830 करोड़ रुपए का भुगतान नहीं किया। भुट्टो ने कहा कि आज ठेकेदार और मजदूर आज दो वक्त की रोटी के लिए मोहताज हो रहे हैं।

# गुरुकुल के मेधावियों को आचार्य हेमानंद ने किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, अंब**



कार्यक्रम में प्रस्तुति देते नन्हे कलाकार।

गुरुकुल पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल पक्का परोह में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्यातिथि के रूप में आचार्य हेमानंद ने शिरकत की। स्कूल प्रबंधन कमेटी द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा धार्मिक कार्यक्रम आदि की प्रस्तुति दी गई। आचार्य हेमानंद जी ने अपने शब्दों से पंडाल में उपस्थित सभी गणमान्यों और अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस बीच महाराज जी द्वारा पहला लकी ड्रॉ भी निकाला गया, जिसके विजेता को इनाम गुरु जी द्वारा दिया गया। स्कूल के बच्चों द्वारा कृष्ण रास लीला का भव्य आयोजन किया गया। इसी बीच स्कूल की प्रधानाचार्य शिवानी गुलेरिया ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पेश की। उन्होंने बताया कि 10वीं कक्षा में मास्टर शौर्य भारद्वाज पुत्र विजय कुमार ने पूरे हिमाचल में छठा स्थान तथा स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कृष्ण कुमार की पुत्री अनिशा अत्री और दिनेश कुमार की पुत्री संचिता धीमान ने पूरे हिमाचल में 8वां स्थान और स्कूल में दूसरा स्थान प्राप्त किया। जानवी राणा पुत्री महेश राणा ने पूरे हिमाचल में 10वां स्थान और स्कूल में तीसरा स्थान प्राप्त किया।

12वीं कक्षा (विज्ञान स्ट्रीम) में मास्टर ध्रुव शर्मा पुत्र अरुण शर्मा ने पूरे हिमाचल में 5वां स्थान और स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सिमरन ढिल्लों पुत्री चरणजीत सिंह और मोहम्मद ऐरन पुत्र बलबीर सिंह ने पूरे हिमाचल में 13वां स्थान और स्कूल में दूसरा स्थान प्राप्त किया। तनुशा पुत्री सुभाष चंद और प्राची पुत्री रजनीश कुमार ने पूरे हिमाचल में 14वां स्थान और स्कूल में तीसरा स्थान प्राप्त किया। 12वीं कक्षा (वाणिज्य) कॉमर्स स्ट्रीम में दीक्षा शारदा पुत्री मंगेश कुमार ने पूरे हिमाचल में 16वां स्थान और स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

अनिका शर्मा पुत्री प्रदीप कुमार ने हिमाचल प्रदेश में 18वां तथा स्कूल में दूसरा स्थान प्राप्त किया। मास्टर निखिल पुत्र दर्शन सिंह ने हिमाचल प्रदेश में 19वां और स्कूल में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस वर्ष हमारे कक्षा 12वीं के 123 में से 108 विद्यार्थियों को हिमाचल सरकार से एचपी बोर्ड मेरिट प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ, जो स्कूल के लिए गर्व की बात है। हमें उम्मीद है कि इस वर्ष 57 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों को हिमाचल सरकार द्वारा टैबलेट दिए जाएंगे।

इसके साथ बाल विज्ञान कांग्रेस में इस वर्ष बाल विज्ञान कांग्रेस के विजेता वरिष्ठ माध्यमिक स्तर की विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में रिधिमा डीओ राजेश कुमार और शरेया डीओ संजीव कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ माध्यमिक स्तर पर गणित ओलंपियाड में कक्षा 12वीं के रोहतांस शर्मा 3/0 नरेन्द्र कुमार शर्मा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। वरिष्ठ स्तर गणित ओलंपियाड कनिका पुत्री विपन कुमार लठ, कक्षा 10वीं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन सभी का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। मुक्केबाजी में हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्केबाजी चैंपियनशिप के अंतर्गत मास्टर वरुण शर्मा पुत्र राजीव कुमार, कक्षा 12वीं वाणिज्य ने मुक्केबाजी चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता और अंडर 19 राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए चयनित हुए हैं। इसके अलावा भी छात्रों ने अन्य उपलब्धियां हासिल की हैं। इसके बाद स्कूल के प्रबंधक निदेशक राजेश गौतम ने स्कूल की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों की दिनचर्या पर अपना पूरा ध्यान रखें।

इस मौके पर गुरुकुल स्कूल के निदेशक जगदेव गौतम, निदेशक मदन लाल, चेयरमैन जगमोहन लाल गौतम, निदेशक ज्योति गौतम, प्रिंसिपल गुरुकुल पब्लिक शिवानी गुलेरिया, पूर्व प्रिंसिपल गुरुकुल पब्लिक प्रीतम सिंह सुमन, डीन प्रियंका शर्मा, प्रिंसिपल अकादमिक शिखा लट्ठ, प्रिंसिपल गुरुकुल इंटरनेशनल की प्रधानाचार्या डॉ. संतोष कुमारी और स्टाफ मौजूद रहा।

**उपलब्धि** राष्ट्रीय पाइथियन गेम्स में अंब के साहिल ने चमकाया नाम

# डीसी ने रजत पदक विजेता का किया सम्मान

**अनंत ज्ञान, ऊना**



साहिल शर्मा को सम्मानित करते उपायुक्त जतिन लाल।

हिमाचल प्रदेश पाइथियन काउंसिल के अध्यक्ष और पाइथियन काउंसिल इंडिया के अतिरिक्त महासचिव एवं उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने सोमवार को राष्ट्रीय सांस्कृतिक पाइयिथन गेम्स 2024 की गायन प्रतियोगिता में रजत पदक विजेता साहिल शर्मा को अपने कार्यालय में शॉल और टोपी पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने साहिल और उसके परिवार को इस उपलब्धि की बधाई दी। इस दौरान साहिल के पिता राजेश शर्मा भी साथ रहे। उन्होंने हौसला अफजाई के लिए उपायुक्त का आभार जताया।

उपायुक्त ने बताया कि पाइथियन खेलों की गायन प्रतियोगिता के फाइनल राउंड में 10 प्रतिभागी चुने गए थे, जिसमें ऊना जिले के अंब के 19 वर्षीय साहिल शर्मा ने रजत पदक हासिल किया। ग्रीस में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय पाइथियन खेलों के लिए भी साहिल शर्मा का चयन हुआ है। जतिन लाल ने कहा कि राष्ट्रीय पाइथियन गेम्स से हिमाचल के युवाओं के लिए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतरीन मौका मिला, जल्द ही हिमाचल प्रदेश से पाइथियन खेलों की विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को ऊना बुलाकर सम्मानित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय पाइथियन गेम्स का आयोजन 12 से 15 दिसंबर तक पंचकूला के ताऊ लाल स्टेडियम में किया गया, जिसमें ऊना जिले के साथ-साथ हिमाचल के 110 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। उन्होंने बताया कि पाइथियन खेलों में संगीत, नृत्य, गायन, कविता, ड्राइंग और पेंटिंग, पारंपरिक खेल म्यूजिकल चेयर, रोलर म्यूजिकल चेयर, बोरी रेस, मल्लखंब, योग, आर्म रेसलिंग, रस्साकशी और टेनिस वॉलीबाल, मार्शल आर्ट गतका, ताइक्वांडो, कराटे, बागटूर और मयथाई और प्राचीन खेल गदायुद्ध का पुनरुद्धार, ई-स्पोर्ट्स, 50-बॉल क्रिकेट खेलें आयोजित हुई थीं। साहिल शर्मा इससे पहले भी अंतरराष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अनेक पदक जीत चुके हैं।



## न्यूज ब्रीफ

### कुल्लू व लाहौल-स्पीति की चोटियों पर बर्फबारी

**केलांग।** शीतमरुस्थल जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति और कुल्लू में सोमवार को मौसम ने करवट बदली है। जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति की ऊंची चोटियों सहित कुल्लू जिले के रोहतांग दर्रा व अन्य चोटियों में हल्की बर्फबारी हुई है। वहीं, रोहतांग दर्रा, बारालाचा, कोकसर, सिस्सू, दारचा, जिस्पा, कुंजुम दर्रा सहित ऊंची चोटियों वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है, जबकि कुल्लू की ऊंची चोटियों में बर्फबारी और निचले क्षेत्रों में दिनभर आसमान में बादल छाए रहे। इससे तापमान में भी भारी गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि, मौसम विभाग की ओर से पूरे प्रदेश में मौसम साफ बना रहने का पूर्वानुमान जारी किया गया था। बर्फबारी से दोनों जिलों में शीतलहर और बढ़ गई है। लाहौल घाटी में सुबह से बादल छाए हुए थे और दोपहर बाद चोटियों पर अचानक फाहे गिरना शुरू हुए, जबकि कोकसर व ग्रांफू में भी फाहे गिरे। इस दौरान कोकसर सैर-सपाटे के लिए पहुंचे पर्यटकों ने फाहों में खूब मस्ती की।

### पशु चिकित्सालय के समीप जंगल में लगी आग

**पतलीकूहल।** पशु चिकित्सालय पतलीकूहल के समीप जंगल में आग लगने से सनसनी मच गई। दमकल चौकी पतलीकूहल से आए फायर फाइटर ने आग की बौछारों से आग पर नियंत्रण पाया। दमकल चौकी प्रभारी सूरज भारद्वाज ने बताया कि फोन पर उन्हें सूचना मिली कि पतलीकूहल पशु चिकित्सालय के समीप आग लगी है। फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। वहीं, पंच सुनील ने बताया कि अस्पताल के साथ लगते जंगल के पास रखे सूखे पत्तों में अज्ञात कारणों से यह घटना पेश आई है। मौके पर पहुंचे एसडीएम रमण शर्मा ने बताया कि इस आग में हुए नुकसान का राजस्व विभाग आकलन कर रहा है।

### 26 को 27 घोड़ों व 20 याक की होगी नीलामी

**काजा।** जिला लाहौल-स्पीति की स्पीति घाटी के तहत अश्व एवं याक प्रजनन प्रक्षेत्र लरी में 27 घोड़े, जिसमें 6 नर और 21 मादा तथा 20 याक जिसमें एक नर और 19 मादा याकों की नीलामी 26 को की जानी है। सहायक निदेशक पशु स्वास्थ्य व प्रजनन, स्पीति स्थित काजा अनुराधा ने यह जानकारी दी। उन्होंने सभी इच्छुक व्यक्तियों से आग्रह किया कि वह 26 दिसंबर को प्रातः 11 बजे अश्व एवं प्रजनन प्रक्षेत्र लरी (ताबो) में पहुंचकर नीलामी में भाग ले सकते हैं।

### चार स्पर्धाओं में किशन लाल ने जीते स्वर्ण पदक

**कुल्लू।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक विजेता मास्टर एथलीट किशन लाल राणा ने 13वीं राज्य स्तरीय मास्टर गेम्स बिलासपुर में नया रिकॉर्ड बनाया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक विजेता मास्टर एथलीट किशन लाल राणा ने 13वीं राज्य स्तरीय मास्टर गेम्स बिलासपुर में 14, 15 दिसंबर को जिला लाहौल-स्पीति की ओर से जेवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, तिहरी कूद और रिले दौड़ में भाग लिया और चारों स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक हासिल कर जिला लाहौल-स्पीति का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया। इससे पूर्व 2023 में एशिया पेसिफिक मास्टर्स गेम्स साउथ कोरिया में तीनों में स्वर्ण पदक जीत प्रदेश का ही नहीं, बल्कि देश का नाम अंतराष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर चुके हैं।

### वन अधिकार समिति ने 12 मामलों पर की चर्चा



**कुल्लू।** वन अधिकार अधिनियम की जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन डीसी तोरुल एस रवीश की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में उपमंडल स्तरीय वन अधिकार समिति द्वारा अनुमोदित कुल 12 मामलों पर चर्चा की गई। बैठक में समिति द्वारा संपूर्ण औपचारिकता तथा आवश्यक दस्तावेजों की पड़ताल तथा चर्चा की। बैठक में यह भी सुझाव प्रस्तुत किया गया कि जिन कार्यों के लिए कम भूमि की आवश्यकता है, उन्हें एफआरए के तहत कार्यान्वित किया जाए, ताकि औपचारिकताएं अविलंब पूरी हो सकें। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि बंजार उपमंडल की आठ पंचायतों के सामुदायिक अधिकार के दावों का भी निपटारा किया गया है। बैठक का संचालन जिला राजस्व अधिकारी सुरभि नेगी द्वारा किया गया। बैठक में वन मंडल अधिकारी कुल्लू एंजेल चौहान, बंजार मनोज सहित गैर अधिकारी सदस्य विभा सिंह तथा पूर्ण चंद भी उपस्थित थे।

### देवता नरसिंह के मंदिर में देवकारज का आयोजन

**कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के अपर सुल्तानपुर में देवता नरसिंह के मंदिर में देवकारज का आयोजन किया गया। तीन दिनों तक जहां हवन-पाठ हुआ। वहीं, पूर्णाहुति से हवन संपन्न हुआ। इसके बाद श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन भी हुआ। वहीं, मंदिर में देवता के दर्शनों के लिए पूरा दिन श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने आराध्य देवता के समक्ष शीश नवाया और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद लिया। 14 से 16 दिसंबर तक चले हवन-पाठ और जागरण से क्षत्र भक्तिमय रहा। देवता नरसिंह के कारदार मदन लाल भारद्वाज ने कहा कि देव परंपरा का निर्वहन करते हुए हवन-पाठ मंदिर में करवाया। पहले दिन शनिवार को हवन का विधि-विधान से शुभारंभ हुआ। उन्होंने कहा कि दूसरे दिन हवन-पाठ के साथ शाम के समय जागरण और अंतिम दिन सोमवार को पूर्णाहुति से हवन संपन्न हुआ और श्रद्धालुओं के लिए भंडारे भी प्रसाद के रूप में लगाया गया।

### पार्किंग की सुविधा के लिए योजना बनाने के निर्देश

**कुल्लू।** कुल्लू में विभिन्न पार्किंग क्षेत्रों में पार्किंग व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने को लेकर डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश ने बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने जिला कचहरी से अस्पताल तक सड़क पर पार्किंग को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए योजना बनाने के निर्देश दिए, ताकि वकीलों को अपनी गाड़ियां पार्क करने में परेशानी न हो। उन्होंने अस्पताल में रोगियों के साथ आए हुए तीमारदारों को भी अस्पताल रोड के किनारे पार्किंग कि सुविधा आसानी से उपलब्ध हो सके। इसके लिए योजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर परिषद कुल्लू के कार्यकारी अधिकारी को पुराने मैदान पार्किंग से ढालपुर, कोर्ट आदि के लिए ई-रिक्शा के माध्यम से शटल सेवा प्रदान करने पर भी योजना बनाने के निर्देश दिए, ताकि लोग वहां अपने वाहन पार्क कर नजदीकी स्थानों तक आसानी से पहुंच सके। उन्होंने अस्पताल रोड के साथ के ड्रेन को दुरुस्त करने के भी निर्देश दिए, ताकि पार्किंग के लिए जगह खुल सके। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को बैडमिंटन कोर्ट के साथ की भूमि पर बच्चों के लिए स्विमिंग पूल बनाने को लेकर भी संभावना तलाशने को कहा, ताकि बच्चों को तैराकी सीखने की सुविधा मिल सके।

# सृष्टि के रचयिता देव श्रीबड़ा छमाहूं 25 गांवों के भ्रमण पर निकले, फूलों से स्वागत

**शीला कौल, बंजार**

सृष्टि के रचयिता एवं तीनों लोकों के पालनहार देव श्रीबड़ा छमाहूं के नव निर्मित नए देव रथ की प्रतिष्ठा समारोह के बाद देव श्रीबड़ा छमाहूं क्षेत्र की तीन पंचायतों के हरियानों की सुख समृद्धि के लिए 25 गांव के भ्रमण पर निकले हैं। देव श्रीबड़ा छमाहूं के मूल स्थान दलियाड़ मंदिर से शुरू हुई यात्रा का 24 दिसंबर को समापन होगा।

यह जानकारी देवता के पुजारी धनेश गौतम, कारदार मोहन लाल, देव कमेटी के सचिव शेर सिंह मास्टर ने दी। नए देवरथ में सोने का टोप, सोने का घागरा, सोने के भव्य हार के अलावा सोने के जमाण पर बड़ा छमाहूं 11 दिनों में तीन पंचायत के 25 गावों में पहुंचकर जहां हारियानों की समस्या का समाधान करेंगे। वहीं, ग्रामीण भी गांव-गांव में पधारने पर देव श्रीबड़ा छमाहूं का भव्य स्वागत कर रहे हैं। इस भव्य देव यात्रा के तीसरे दिन सोमवार देव श्रीबड़ा छमाहूं लारजी पंचायत के धामण गांव में पहुंचे, जहां ग्रामीणों ने देवता के आगमन से पूर्व ही सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं और मंगलवार को देव



फूलों की बारिश से सृष्टि के रचयिता देव श्रीबड़ा छमाहूं का स्वागत करते लोग।

श्रीबड़ा छमाहूं बंजार विधानसभा क्षेत्र के केंद्र बिंदु लारजी में लाव-लश्कर के साथ पहुंचेंगे। यहां पहुंचने पर जहां लारजी के ग्रामीण बड़ा छमाहूं से आशीर्वाद लेंगें।

वहीं, सराज, द्रंग तथा सैंज वैली के लोग भी इस यात्रा में शामिल होकर देव श्रीबड़ा छमाहूं से आशीर्वाद लेंगे। ब्रह्मा विष्णु महेश सहित छह देव शक्ति वाले देव श्रीबड़ा छमाहूं नए देव रथ में विराजमान होने के बाद फगवाणा, ओडीधार, नाउली, शलैउडी, चकुरठा, घोरली, जैणी, अरखली, खराल, कोटला, धाराखरी, धारा, दली, धारला, डोघर, पढ़ारनी, शउला, धामण व लारजी आदि गांवों की परिक्रमा पर निकले हैं। देव श्रीबड़ा छमाहूं से आशीर्वाद लेने वालों का तांता लगा हुआ है। 2 महीनों में संपूर्ण हरियानों ने श्रमदान कर देवरथ सहित करोड़ों के हार श्रृंगार का निर्माण किया और अब गांव-गांव में देवता के पधारने पर जग समारोह धूमधाम से मनाया जा रहा है। गांव-गांव में फूलों की बारिश तथा आतिशबाजियों के साथ देव श्रीबड़ा का स्वागत करने में ग्रामीण कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। सृष्टि के रचयिता देव श्रीबड़ा छमाहूं के दर्शन के लिए भारी जनसैलाब उमड़ रहा है। दलियाड़ा मंदिर में लगभग 30 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने आशीर्वाद लिया।

नव निर्मित देव रथ सृष्टि के रचयिता देव श्रीबड़ा छमाहूं से आशीर्वाद लेकर हजारों लोगों ने पूण्य कमाया और बड़ा छमाहूं के दरबार में हजारों लोगों ने अपनी समस्याएं रखी और पूर्ण करने का आग्रह किया। देव श्रीबड़ा छमाहूं कुल्लू में एकमात्र ऐसे देवता है, जिसका मुख्य मोहरा सहित सभी मोहरे सोने के हैं और इसके अलावा सोने का टोप, सोने का घाघरा, सोने के हार और सोने के जमाण हैं। हारियानों ने अंशदान देकर इतिहास रचा है। देव श्रीबड़ा छमाहूं हिमाचल के पहले देवता है, जिनके जमाण भी सोने के हैं। बड़ा छमाहूं की कृपा से हरियान भी खूब फल-फूल रहे हैं और हारियानों ने श्रद्धा से अंशदान देकर पुण्य कमाया है। बहरहाल, गांव-गांव में फूलों की बारिश तथा आतिशबाजियों के साथ देव श्रीबड़ा छमाहूं का भव्य स्वागत ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

# पूर्व सैनिकों ने मनाया विजय दिवस, शहीदों को किया याद

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**



ढालपुर स्थित कर्नल पृथ्वी चंद महावीर चक्र सामुदायिक भवन में पूर्व सैनिकों ने विजय दिवस मनाया। इस मौके पर शहीद वीर सैनिकों की याद में 2 मिनट का मौन व्रत भी रखा गया। इस मौके पर जिला कुल्लू एवं लाहौल-स्पीति भूतपूर्व सैनिक लीग के अध्यक्ष सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर टीएस ठाकुर ने तिरंगा फहराया और पूर्व सैनिकों को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि 1971 में 16 दिसंबर को भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तानी सेना के छक्के छुड़ाए थे और पाकिस्तानी सेना के हजारों सैनिकों ने आत्मसमर्पण किया था, जिसके चलते इस दिन को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दौरान कुल्लू व लाहौल-स्पीति के सभी पूर्व सैनिकों ने इंडो पाक युद्ध के दौरान शहीद हुए सैनिकों को भी याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि दी। सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर टीएस ठाकुर ने कहा कि साल 1971 में 16 दिसंबर को भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तानी सेना के छक्के छुड़ाए थे और पाकिस्तानी सेना के हजारों सैनिकों ने आत्मसमर्पण किया था, जिसके चलते इस दिन को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है।

1971 की लड़ाई में जिन भारतीय वीर सैनिकों ने देश की खातिर जान गंवाई, इस दिन उन वीर सैनिकों को याद किया और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। 16 का दिन देश के जवानों की वीरता, शौर्य, अदम्य साहस और कुर्बानी को बयां करता है। हर साल इस दिन 1971 के युद्ध के दौरान पाकिस्तान पर देश की जीत को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी युद्ध में भारत की जीत के बाद बांग्लादेश बना था। 16 दिसंबर, 1971 को पाकिस्तानी सेना के प्रमुख जनरल नियाजी के कुल 93,000 सैनिकों ने भारतीय सेना के सामने आत्मसमर्पण किया था।

# बर्फबारी के दौरान आपदाओं से निपटने के लिए सभी विभागीय तैयारियां पूरी : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जिला लाहौल-स्पीति में सर्दियों में संभावित बर्फबारी के दौरान किसी भी प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए सभी प्रकार की तैयारियों के संदर्भ में एक बैठक का आयोजन डीस कार्यालय के सभागार कक्ष में किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अध्यक्ष एवं उपायुक्त राहुल कुमार ने की।

उन्होंने कहा कि आपदाओं से निपटने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए संयुक्त रूप से कार्य करेंगे। आपदा के समय आपदा प्रभावितों को किस प्रकार से मदद करनी है, इसकी एक पूर्वनिर्धारित योजना होनी चाहिए। त्वरित प्रक्रिया दल में सिविल डिफेंस और पुलिस व एनडीआरएफ, भारतीय सीमा पुलिस



लाहौल-स्पीति में सर्दियों में संभावित बर्फबारी के दौरान प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए तैयारियों के संदर्भ में आयोजित बैठक के दौरान चर्चा करते हुए डीसी व अन्य अधिकारी।

बल के प्रशिक्षित कर्मचारी होने चाहिए। उन्होंने स्वस्थ्य विभाग से जिला स्तर पर गठित त्वरित प्रक्रिया दल के साथ चिकित्सक उपलब्ध करवाने के लिए चिकित्सों की एक ड्यूटी पोस्टर तैयार कर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ साझा करने को कहा, ताकि आवश्यकता पड़ने पर तुरंत चिकित्सक आवश्यक दवाइयों सहित त्वरित प्रक्रिया दल के साथ घटना स्थल के लिए रवाना हो सके। बैठक में जिला आपदा प्रबंधन प्राधीकरण के कर्मचारी ने बताया कि आपदाओं से निपटने के लिए संबधित विभागों द्वारा जिन उपकरणों व अन्य सहायक सामग्रियों की ड़िमांड की थी, वह पूरी कर दी गई हैं। बर्फबारी के दौरान स्वास्थ्य विभाग की दो एंबुलेंस सहित अन्य विभागों के आवश्यक वाहनों के लिए स्नो चेन उपलब्ध करवा दी गई है।

# भुवनेश्वर गौड़ ने आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र शेगली का किया शिलान्यास

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने सोमवार को आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र शेगली का शिलान्यास किया। यह आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र लगभग 60 लाख की लागत से बनकर तैयार होगा।

दो मंजिला का भवन होगा, जिसमें ग्राउंड फ्लोर में डॉक्टर, फार्मासिस्ट, प्रतीक्षा कक्ष और पहली मंजिल में चिकित्सकों के लिए आवास बनेगा। यह भवन लगभग डेढ़ से दो साल में बनकर तैयार होगा। विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने कहा कि आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र की मांग क्षेत्रवासियों की ओर से काफी लंबे समय से की जा रही थी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए उनकी सरकार प्रतिबद्ध है।



इस दौरान उपमंडलीय आयुष चिकित्सा अधिकारी नताशा ठाकुर, पंचायत प्रतिनिधि, जिला परिषद उपाध्यक्ष वीर सिंह ठाकुर, वरिष्ठ नेता देवेंद्र नेगी, लक्ष्मण ठाकुर अन्य कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# 834 ग्राम चरस के साथ महिला काबू

**कुल्लू।** जिला कुल्लू की पार्वती घाटी में 834 ग्राम चरस के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है।

मणिकर्ण पुलिस ने नशे का अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ शिकंजा कसते हुए जिले की मणिकर्ण पुलिस ने एक महिला को 834 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस की जानकारी के मुताबिक पुलिस थाना मणिकर्ण की टीम जय नाला में शनि मंदिर की तरफ गश्त पर थी। इसी दौरान पुलिस टीम ने शक के आधार पर एक महिला की तलाशी ली, तो उससे 834 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी महिला की पहचान निवासी नेपाल मूल के तौर पर हुई है, जो वर्तमान में गांव सुमारोपा डाकघर कसोल तहसील भुन्तर जिला कुल्लू में रह रही है। पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ पुलिस थाना मनीकर्ण में मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।

# ‘बांग्लादेश के राष्ट्रपति से वापस लिया जाए शांति नोबेल पुरस्कार’

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर सोमवार को जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर में सनातन धर्म रक्षा मंच के द्वारा एक रोष रैली निकाली।

इस मौके पर डीसी कुल्लू के माध्यम से केंद्र सरकार को ज्ञापन भेजा गया। वहीं, इस दौरान रैली के माध्यम से केंद्र सरकार से भी आग्रह किया गया कि वह भी बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर सख्त कदम उठाए और भारत में 2 करोड़ से अधिक अनाधिकृत रूप से जो बांग्लादेशी मुसलमान रह रहे हैं। उन्हें भी वापस भेजा जाए। रोष रैली में आए सनातन धर्म रक्षा मंच के सचिव भी कटोच ने कहा कि बांग्लादेश में जिस तरह से आज हिंदुओं पर अत्याचार हो रहे हैं, वह बिलकुल भी सही नहीं हैं। ऐसे में बांग्लादेश के राष्ट्रपति को जो शांति के लिए नोबेल पुरस्कार दिया गया है, वह तुरंत वापस लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब बांग्लादेश का निर्माण हुआ, तो उस दौरान वहां पर 20 फीसदी हिंदू समुदाय रहता था, लेकिन आज उनकी संख्या घट गई है क्योंकि आज वहां पर हिंदुओं पर अत्याचार किए जा रहे हैं और जबरन उन्हें मुसलमान बनाया जा रहा है। बांग्लादेश में हिंदू मंदिरों को तोड़ा जा रहा है और हिंदुओं की आवाज को दबाया जा रहा है। ऐसे में भारत सरकार भी इस दिशा में जल्द कदम उठाए, ताकि हिंदुओं की रक्षा हो सके।

# नग्गर में आज बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित




**पतलीकूहल।** बिजली उपमंडल नग्गर में मंगलवार यानी आज बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली उपमंडल के सहायक अभियंता बुद्धि प्रकाश ने कहा कि बिजली उपमंडल नग्गर के अंतर्गत बिजली उपभोक्ताओं को सुचित किया जाता है कि 33/11 केवी सब-स्टेशन नग्गर के अंतर्गत आने वाले 11 केवी नग्गर फीडर की मंगलवार को आवश्यक मरम्मत और रखरखाव के कार्य संचालन के लिए नग्गर, चजोगी, घुड़दौड़, लरांकेलो, बरनौट, जाना, धामा, अर्छंडी व साथ लगते क्षेत्रों में उपरोक्त तारीख को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सभी उप्भोक्ताओं से आग्रह किया कि इस दौरान सहयोग करें।

## सैंज अस्पताल में मरीजों को लाइनों में खड़े रहने से मिलेगी निजात

# एलईडी डिस्प्ले पर अब दिखेगा पंजीकरण नंबर

**अनंत ज्ञान, सैंज**

सीएचसी सैंज में अब उपचार के लिए आने वाले मरीजों को लाइनों में खड़े होने से छुटकारा मिलेगा। जिला कुल्लू के स्वास्थ्य खंड बंजार के तहत आने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद (सीएचसी) सैंज में अब मरीजों को लाइनों में खड़ा नहीं होना पड़ेगा।

स्वास्थ्य केंद्र की हर एक ओपीडी पर अब एलईडी डिस्प्ले मशीन स्थापित की गई है। इससे ओपीडी के दरवाजे पर मरीजों की पंजीकरण संख्या डिस्प्ले की होगी। उसके बाद ही पंजीकरण संख्या के अनुसार मरीज उपचार के लिए चिकित्सक के पास जाएंगे। सीएचसी सैंज में आरंभ इस नई व्यवस्था से मरीजों को सुविधा मिलेगी। मरीजों को अपनी बारी आने के इंतजार के लिए लाइनों में खड़ा रहने से भी निजात मिलेगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की रोगी कल्याण समिति की बैठक में हर एक ओपीडी में एलईडी डिस्प्ले मशीन स्थापित करने पर चर्चा हुई थी।



### मरीजों को सुविधा देने का प्रयास

**सीएमओ** कुल्लू डॉ. नागराज पवार ने कहा कि स्वास्थ्य खंड बंजार के तहत आने वाले सामुदायिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों को बेहतर उपचार के साथ मूलभूत सुविधाएं मिले इसका पूरा प्रयास किया जा रहा है। इसी प्रयास के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैंज में एलईडी डिस्प्ले मशीन स्थापित कर दी गई है, ताकि मरीजों को दर्द के बीच उपचार के लिए खड़ा न रहना पड़े।

वहीं, प्रबंधन ने मरीजों की सुविधा को देखते हुए इस व्यवस्था को आरंभ कर दिया है। ऐसे में अब मरीजों और साथ आए तीमारदारों को उपचार करवाने के लिए परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। मरीजों को अपनी बारी का इंतजार करने के लिए पहले लाइनों में खड़े रहना पड़ता था, लेकिन अब इस समस्या से निजात मिलेगी। मरीज डिस्प्ले पर अपना पंजीकरण नंबर आने तक बैठकर आराम कर सकते हैं।

इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैंज के प्रभारी डॉ. वरूण ने कहा कि मरीजों की सुविधा के लिए स्वास्थ्य केंद्र में एलईडी डिस्प्ले मशीन स्थापित की गई है।

**परेशानी** रीढ़ की हड्डी जैसे गंभीर एक्स-रे करने पर अस्पताल प्रशासन के हो रहे हाथ खड़े

# अपनी टूटी हड्डियों से लोगों के एक्स-रे कर रही मशीन

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

आनी और आसपास की करीब 50 पंचायतों की हजारों आबादी के स्वास्थ्य सुविधा के केंद्र आनी के सिविल अस्पताल में एक्स-रे मशीन की अपनी ही हड्डियां टूटी हैं, काम चलाने के लिए मशीन को पट्टियों से बांधकर मरीजों के एक्स-रेकिए जा रहे हैं। हैरानी इस बात है कि सैकड़ों की ओपीडी वाले इस अस्पताल में आज भी 50 वर्ष पुरानी इस एक्स-रे मशीन से एक्स-रे किए जा रहे हैं, लेकिन वे भी हाथ, पांव की हड्डियों के ही, अगर रीढ़ की हड्डी, या दुर्घटना में गंभीर चोटिल मरीज का एक्स-रे करना हो, तो मरीज को आनी के सिविल अस्पताल से या तो रेफर कर दिया जाता है या फिर निजी क्लीनिकों, अस्पतालों में अधिक दाम चुकाकर एक्स-रे करवाना पड़ता है।

मरीजों की जेब को सरेआम चुना लग रहा है। आनी का सिविल अस्पताल न केवल आनी, बल्कि आसपास के जिलों के कई गांवों की हजारों आबादी को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाने का केंद्र है। ऐसा नहीं कि अस्पताल





प्रबंधन ने इस एक्स-रे मशीन को बदलवाने के लिए हाथ-पांव नहीं मारे, बल्कि पिछले करीब 8 से 10 वर्षों के दौरान कई बार सीएमओ कुल्लू के कार्यालय के साथ पत्राचार किया गया, जिसके बाद सीएमओ कुल्लू के कार्यालय से कुछ समय पहले आनी के सिविल अस्पताल की एक्स-रे मशीन को बदल कर आधुनिक मशीन लगाने की फाइल स्वास्थ्य निदेशालय के शिमला कार्यालय में धूल फांक रही है।

इतना ही नहीं इंजीनियर ने इस मशीन का निरीक्षण करने के बाद इसे आउट ऑफ डेट घोषित कर दिया है, जबकि इस वर्षों पुरानी

> **आनी** में एक्स-रे मशीन बेहद पुरानी है, जिसका निरीक्षण भी करवाया गया है। इंजीनियर ने अपनी रिपोर्ट में इसे आउट डेटेड करार दिया है। मशीन बदलने को लेकर हमने सीएमओ कुल्लू को फाइल भेजी है, जहां से फाइल स्वास्थ्य निदेशालय शिमला भेज दी गई है।
> **डॉ. भागवत मेहता, बीएमओ, आनी।**

> **आपके** माध्यम से मेरे संज्ञान में बात आई है, मैं मशीन का निरीक्षण करवाकर अगली कार्रवाई कर पाऊंगा। **डॉ. प्रकाश दरोच, स्वास्थ्य निदेशक, हिमाचल।**

मशीन के पुर्जे भी अब मार्केट में उपलब्ध नहीं हैं, जिसके चलते इसकी मरम्मत करना भी नामुमकिन है, जिस कारण अस्पताल प्रबंधन को इस आयत डेटेड टूटी-फूटी मशीन से एक्स-रे करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। नतीजतन क्षेत्र की जनता में स्वास्थ्य विभाग के ढुलमुल रवैये के चलते रोष पनप गया है। राम चंद्र, कांशी राम, चमन, प्रवीण, राकेश कुमार, संजीव, प्रदीप आदि सैकड़ों लोगों ने सरकार और स्वास्थ्य विभाह से आनी की 50 वर्षों से भी ज्यादा पुरानी एक्स-रे मशीन को बदलने की मांग की है। (अनंत ज्ञान)

# गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल बंजार में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र नवाजे



गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल बंजार में एक युद्ध नशे के विरुद्ध और स्पोर्ट्स-डे का आयोजन।

**अनंत ज्ञान, बंजार**

गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल बंजार में नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एक युद्ध नशे के विरुद्ध और स्पोर्ट्स-डे का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्यातिथि चंद्रशेखर (एसएचओ बंजार) और गेस्ट ऑफ ऑनर नायक महेंद्र शर्मा (पूर्व सैनिक) ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में गुरुकुल के निदेशक एमएल पुरोहित, प्रधानाचार्य पूजा पुरोहित, चेयरमैन बलदेव शर्मा और स्कूल के सभी शिक्षक उपस्थित रहे। नेशनल और इंटरनेशनल स्तर पर खेलों में चमके बच्चों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। मुख्यातिथि द्वारा उन्हें प्रमाण पत्र और मेडल प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में चेयरमैन बलदेव शर्मा ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और नशा मुक्त भारत के सपने को साकार करने की दिशा में इस पहल को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया। मुख्यातिथि चंद्रशेखर ने नशा मुक्त समाज की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा, नशा युवाओं को उनकी मंजिल से दूर करता है। खेलों से न केवल शारीरिक, बल्कि मानसिक विकास भी होता है। सभी युवाओं को खेलों में भाग लेना चाहिए और नशे से दूर रहना चाहिए।

### खेलों का आयोजन

**कार्यक्रम** में जूडो, किक बॉक्सिंग, वशु, सेपक टकरा, बैडमिंटन सहित कई खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। इन खेलों का उद्देश्य छात्रों को नशे से दूर रहकर स्वस्थ और अनुशासित जीवन जीने की प्रेरणा देना था।



## न्यूज ब्रीफ

### यूथ कॉन्क्लेव में किन्नौर के लोकनृत्य की धूम



**सोलन।** ओडिशा के संबलपुर में आयोजित इंटरनेशनल यूथ कॉन्क्लेव में किन्नौर के लोक नृत्य की धूम रही। कार्यक्रम का उद्घाटन ओडिशा के राजस्व मंत्री सुरेश पुजारी ने किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक संबलपुर जयनारायण मिश्रा ने की। इस कॉन्क्लेव में प्रदेश का नेतृत्व किन्नौर की पुरवनी की महिला टीम ने किया। इस कॉन्क्लेव में हिमाचल के 10 सदस्य टीम गुमान नेगी के नेतृत्व में भाग ले रही है। किन्नौर की समृद्ध संस्कृति को देखकर कॉन्क्लेव में मौजूद सभी ने तालियां बजा कर स्वागत किया। इस दल का अभिनंदन किया और महिला टीम में माला नेगी, सुजाता नेगी, नयना नेगी, राजवंती नेगी, शर्मिला नेगी, अल्पना नेगी, मंगेश नेगी, अशील नेगी हिस्सा ले रही हैं। ओडिशा में हिमाचल समेत 17 राज्य के युवा भाग ले रहे हैं। ओडिशा में किन्नौर के परिधानों को दर्शकों ने बहुत पसंद किया और देश भर से आए युवा कलाकारों के साथ सेल्फी लेने के लिए दर्शक बेहद उत्सुक रहे। लोकनृत्यों का प्रदर्शन कर विभिन्न राज्यों से आए सांस्कृतिक दलों की प्रस्तुतियों के मध्य किन्नौर की संस्कृतिक को विशेष सराहना मिली। ये जानकारी हिमाचल के टीम मैनेजर यशपाल कपूर ने दी। यह कार्यक्रम 18 दिसंबर तक चलेगा।

### आंतरिक शिकायत समिति का गठन करना अनिवार्य



**सोलन।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 'कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013' के संदर्भ में एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोलन की सचिव एवं सीनियर सिविल जज आकांक्षा डोगरा विशेष रूप से उपस्थित रही। उन्होंने इस अवसर महिलाओं को कार्यस्थल पर सुरक्षित एवं स्वस्थ वातावरण प्रदान करने के विषय में एवं कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 के अंतर्गत गठित समितियों की संरचना सहित अन्य विधिक विषयों में सारगर्भित जानकारी प्रदान की। उन्होंने अधिनियम के अंतर्गत गठित समितियों द्वारा प्रस्तुत शिकायत के तहत जांच प्रक्रियाओं के बारे में भी विस्तृत रूप से अवगत करवाया। भारत के संविधान में देश के हर नागरिक की सहायता के लिए समुचित विधिक प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी को विधि सम्मत प्रक्रियाओं का पालन करना चाहिए। अकांक्षा डोगरा ने कहा कि कार्यस्थल पर एक समान अधिकार से कार्य करना विधि सम्मत है। जिला कार्यक्रम अधिकारी सोलन कविता गौतम ने कहा कि सरकारी कार्यालयों, गैर-सरकारी संस्थाओं व संस्थानों में 10 या 10 से अधिक महिला कर्मचारी होने की स्थिति में यौन उत्पीड़न से सुरक्षा के लिए आंतरिक शिकायत समिति का गठन करना अनिवार्य है। इस अधिनियम के तहत जिन संस्थानों में 10 से कम महिला कर्मचारी कार्यरत हैं, उनमें अधिनियम के तहत नियोक्ता के विरुद्ध शिकयत या घरेलू कामकाज करने वाली महिलाएं ऐसी स्थिति में जिला स्तर पर जिला अधिकारी (उपायुक्त) द्वारा निर्धारित स्थानीय शिकायत समिति के समक्ष अपनी शिकायत प्रस्तुत कर सकती हैं।

### राकेश पंत कार्यसमिति के सदस्य चयनित

**सोलन।** अखिल भारतीय पंचायत परिषद के आम निर्वाचन में नगर परिषद सोलन के पूर्व चेयरमैन कुल राकेश पंत सोलन हिमाचल प्रदेश को निर्विरोध कार्यसमिति का सदस्य घोषित किया गया। नव निर्वाचित कार्यसमिति सदस्य का कार्यकाल आगामी 5 वर्षों तक होगा। कुल राकेश पंत नगर परिषद सोलन के चेयरमैन भी रह चुके हैं।

### सीनियर केजी की आरना-गुरबानी जीनियस ऑफ द ईयर



**सोलन।** जीनियस ग्लोबल स्कूल सोलन के द्वितीय सत्र के वार्षिक पारितोषिक समारोह में जूनियर वर्ग के छात्रों ने 'वीआर फैमिली थीम' पर आधारित रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों और अभिभावकों का नृत्य नाटिकाओं के माध्यम से मनोरंजन किया। इस कार्यक्रम में समाजसेवी दिग्विजय कश्यप बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। उनका कार्यक्रम में पहुंचने पर स्कूल डायरेक्टर विपुल शर्मा, भुवनेश्वरी शर्मा, राज कौशल, डॉ मनमोहन कौशल व पुनीत वर्मा ने स्वागत किया। इस दौरान जूनियर वर्ग के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए नृत्य और अभिनय का शानदार प्रदर्शन कर वाहवाही लूटी। वीआर फैमिली थीम पर आधारित इस कार्यक्रम में बच्चों की प्रस्तुतियां मम्मी पापा, दीदी भैया, दादा दादी और नाना नानी पर केंद्रित रही। मुख्यातिथि ने वार्षिक कार्यक्रम के आयोजन के लिए स्कूल को बधाई दी। साथ ही प्रबंधन के प्रयासों की भी सराहना की। कार्यक्रम में मुख्यातिथि ने शैक्षणिक और खेलकूद प्रतियोगिता में अव्वल रहे बच्चों को भी सम्मानित किया। इसमें जीनियस ऑफ दी ईयर सीनियर केजी की आरना और गुरबानी को ईनाम मिला।

# नाहन–कुमारहट्टी पर सफर होगा सुगम

एसपी जैरथ, नाहन

सोलन और सिरमौर के मुख्यालय को जोड़ने वाला नाहन–कुमारहट्टी नेशनल हाईवे 907–ए का सफर जल्द मजेदार होने वाला है। इससे इंटरमीडिएट स्तर के इस हाईवे को डबल लेन किया जाएगा। हाईवे जिला सिरमौर के दो उपमंडलों नाहन–पच्छाद और सोलन के एक उपमंडल से होकर गुजरेगा। एलाइनमेंट प्रस्ताव तैयार कर विभागीय स्तर पर इसके निर्माण को लेकर बैठकों का दौर शुरू हो चुका है, जिसमें एनएच से सटी पंचायतों और इसकी जद में आने वाली लोगों की जमीनों को लेकर आपत्तियां और सुझाव मांगे जा रहे हैं।

पहले चरण की बैठक नाहन में संपन्न हो चुकी है, अब प्रशासन ने पच्छाद के सराहां में बैठक बुलाई है, जिसमें हाईवे निर्माण को लेकर तैयार की गई एलाइनमेंट को लेकर लोगों से परामर्श लिया जाएगा। साथ ही आपत्तियां भी दर्ज होंगी। तीसरे चरण की बैठक इसी माह सोलन जिले में आयोजित होगी। दरअसल डीपीआर तैयार करने वाली कंसल्टेंट कंपनी ने हाईवे के निर्माण के लिए एक एलाइनमेंट तैयार की है। इसके बाद एनएचएआई नाहन मंडल की ओर से गत 5 दिसंबर को दोसड़का (शिमला) के एक निजी होटल में पहले चरण की बैठक हो चुकी है। इस बैठक में प्रस्तावित एलाइनमेंट पर नाहन उपमंडल के लोगों की आपत्तियां दर्ज की गई हैं। (अनंत ज्ञान)



कुमारहट्टी– नाहन सड़क।

### 73 किलोमीटर का होगा निर्माण

**विभाग** के मुताबिक उक्त एनएच का प्रारंभिक बिंदु दोसड़का (कालाअंब) है, लेकिन निर्माण कार्य बनोग से शुरू किया जाएगा। इसके तहत 73 किलोमीटर के हाईवे को डबल लेन किया जाएगा। हालांकि प्रारंभिक बिंदु से कुमारहट्टी तक की दूरी 78 किलोमीटर है। वर्तमान में यह मार्ग एक इंटरमीडिएट हाईवे है, जिसे करीब 5 वर्षों पहले नेशनल हाईवे घोषित किया गया था। बताया जा रहा है कि निर्माण से पहले की सभी औपचारिकताएं कंसल्टेंसी कंपनी पूरी करेगी। डबल लाइन होने से नाहन से कुमारहट्टी के बीच यात्रा सुगम हो जाएगी। साथ ही चंडीगढ़, देहरादून और शिमला जैसे प्रमुख शहरों के साथ बेहतर सड़क संपर्क स्थापित होने से व्यापार, पर्यटन और स्थानीय विकास को भी बढ़ावा मिलेगा।

### हाईवे का होगा चौड़ीकरण : एसडीएम

**एसडीएम** पच्छाद डॉ. प्रियंका चंद्रा ने कहा कि, हाईवे का चौड़ीकरण किया जाना है। लिहाजा जिन पंचायतों का क्षेत्र संबंधित हाईवे के साथ लगता है या क्षेत्र के जिन लोगों की निजी भूमि इस हाईवे के साथ लगती है, उनसे आपत्तियां और परामर्श लिए जाएंगे।

### आपत्तियां और सुझाव मांगे जा रहे

**एनएचएआई** के अधीक्षण अभियंता राकेश खड़ूजा ने कहा कि, नाहन-कुमारहट्टी हाईवे को डबल लेन किया जाना है। इसके तहत एलाइनमेंट प्रस्ताव तैयार कर चौड़ीकरण के कार्य को लेकर लोगों से आपत्तियां और सुझाव मांगे जा रहे हैं। सराहां के बाद जिला सोलन में इसी माह बैठक बुलाई जानी है। इस प्रक्रिया से स्थानीय जनता को अपनी राय देने का मौका मिलेगा, ताकि परियोजना की योजना और कार्यान्वयन में जनता की भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

### क्या होता है इंटरमिडिएट रोड

**वर्तमान** में ये सड़क इंटरमीडिएट रोड है, जिसे मध्यम दर्जे की सड़क या मध्यम सड़क कहा जा सकता है। यह सड़कें आम तौर पर नेशनल हाईवेज और स्थानीय सड़क नेटवर्क के बीच की कड़ी होती हैं, जो शहरों, कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ती हैं। इन सड़कों की चौड़ाई और गुणवत्ता सामान्यतः उच्च प्राथमिकता वाली सड़कों से कम होती है, लेकिन ये फिर भी यात्रा के लिए काफी महत्वपूर्ण रहती हैं।

## प्रदेश को कर्ज में डुबोकर बर्बादी का जश्न मना रही सुक्खू सरकार : गोविंद

अनंत ज्ञान, अर्की



दो वर्ष बीतने के पश्चात भी अर्की में कांग्रेस सरकार विकास कार्य करवाने में विफल साबित हुई है और प्रदेश को कर्ज में डुबोकर जश्न मनाया जा रहा है। यह बात अर्की के पूर्व विधायक गोविंद राम शर्मा ने पत्रकार वार्ता में कही।

उन्होंने अर्की के लोहार घाट में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को फ्लॉप बताते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार अर्की में किसी भी विकास कार्य को अमली जामा नहीं पहना पाई है, जबकि वादे बड़े-बड़े किए हैं। दाड़लाघाट सीमेंट कंपनी द्वारा कंपनी से निकाले गए कामगारों व ट्रांसपोर्टरों के किराए के बारे में सरकार ने चुप्पी साध रखी है, जबकि प्रदेश के मुख्यमंत्री स्वयं ट्रक आपरेटर व सीमेंट कंपनी के बीच हड़ताल तुड़वाने के लिए बिचौलिया बने थे, लेकिन आज तक सरकार द्वारा सीमेंट कंपनी से निष्कासित कर्मचारियों व ट्रांसपोर्टरों के हक में कोई कदम नहीं उठाया गया है। यदि सरकार इस विषय पर जल्द ही कोई कदम नहीं उठती है, तो वह ट्रांसपोर्टर व कंपनी से निष्कासित कर्मचारियों के हक में आंदोलन करने के लिए भी तैयार हैं।

उन्होंने आक्षेप लगाया कि दाड़लाघाट में बने अस्पताल में आज तक स्टाफ नहीं दिया गया है। वहीं, अर्की में सब डिपो को पूर्ण डिपो का दर्जा भी नहीं दे पाए हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि अर्की में एक पॉलिटेक्निक कॉलेज व नर्सिंग कॉलेज की आवश्यकता है, लेकिन दो साल के बावजूद अर्की को कुछ नहीं मिला है। अर्की क्षेत्र के लोगों को सीएम के लोहार घाट के दौरे से बहुत आशाएं थी, लेकिन अर्की के लिए कोई बड़ी घोषणा न होने के चलते लोग अपने को ठगा सा महसूस कर रहे है।

### शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**सराहां।** विजय दिवस के अवसर पर भूतपूर्व सैनिक लीग की पच्छाद ईकाई द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पच्छाद की विधायक रीना कश्यप ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर सर्वप्रथम सराहां स्थित शहीद स्मारक में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर 1971 के इस युद्ध में इस इलाके से शहीद हुए सिपाही रामचंद्र को भी याद किया।

विजय दिवस 16 दिसंबर को मनाया जाता है, यह दिन 1971 में भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध के अंत के रूप में इतिहास में दर्ज है, 16 दिसंबर, 1971 को पाकिस्तान ने भारतीय सेना के सामने आत्मसमर्पण किया था, इसके साथ ही बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम को विजय प्राप्त हुई थी। इस अवसर पर विधायक रीना कश्यप ने विधायक निधि से 2 लाख की राशि से बने सैनिक सामुदायिक भवन के अतिरिक्त कमरे का भी उद्घाटन किया।

## नशे की समस्या से निपटने के लिए सामूहिक प्रयासों का किया आह्वान

अनंत ज्ञान, सोलन/ नालागढ़



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रविवार सायं सोलन जिले में नालागढ़ रेडक्रॉस मेले के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार नशे पर अंकुश लगाने के लिए और युवाओं को इस बुराई से बचाने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है तथा इस दिशा में सरकार कठोर कदम उठा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने नशे की तस्करी में शामिल लोगों की संपत्ति जब्त करने के लिए कानूनी प्रावधान भी किया है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान करते हुए कहा कि इस समस्या से निपटने के लिए समाज के सभी वर्गों के सामूहिक प्रयास अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने मादक द्रव्यों के सेवन के खिलाफ जागरूकता पहल के लिए रेडक्रॉस मेले की भी सराहना की। इससे पहले, मुख्यमंत्री ने नालागढ़ रेडक्रॉस मेले के सफल आयोजन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। समारोह के दौरान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने मुख्यमंत्री को सम्मानित किया।

नालागढ़ के विधायक हरदीप सिंह बावा ने उनका स्वागत किया। समापन संध्या में प्रसिद्ध पंजाबी गायक कुलविंद्र बिल्ला ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर जोगिंद्रा बैंक के अध्यक्ष मुकेश शर्मा, कांग्रेस नेता और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

# सीएम ने नालागढ़ को 31 करोड़ की परियोजनाओं की दी सौगात

अनंत ज्ञान, बीबीएन



नालागढ़ में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण करते सीएम सुक्खू व साथ में अन्य नेता।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोलन जिले के नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 31 करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। मुख्यमंत्री ने मित्तियां, बेहली, खल्लर व आसपास के क्षेत्रों के लिए 7.24 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित पेयजल योजना का उद्घाटन किया।

उन्होंने नालागढ़ के लिए 5.22 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित सात ट्यूबवेल तथा नालागढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में 4.82 करोड़ रुपए की लागत से पेयजल स्कीमों की उन्नयन परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने 5.77 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले कोटला कलां पुल, 4.44 करोड़ रुपए की लागत से रेतार खड्ड पुल तथा 3.51 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले भटौली खड्ड पुल सहित तीन पुलों की आधारशिला रखी।

मुख्यमंत्री ने नालागढ़ के विकास के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि यहां विकास के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं होगी। वर्तमान सरकार पूरे राज्य में समान विकास को प्राथमिकता दे रही है तथा जनता के कल्याण के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। सुक्खू ने जिला रेडक्रॉस सोसायटी को दान की गई दो एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने दानियों के उदार योगदान के लिए उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया तथा इस नेक कार्य के लिए उन्हें सम्मानित किया। नालागढ़ के विधायक हरदीप बावा ने इन परियोजनाओं के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का नालागढ़ के लोगों के प्रति विशेष स्नेह है।

## दुग्ध उत्पादकों को जागरूक करने के लिए शिविरों का आयोजन करे सरकार : परमार

अनंत ज्ञान, सराहां

जिला सिरमौर दुग्ध अभिशितन केंद्र बागथन में दूध सहकारी सभाओं की बैठक जिला परिषद सदस्य, पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष एवं डॉक्टर परमार दुग्ध सहकारी सभा के अध्यक्ष आनंद परमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस बैठक में सर्वसम्मति से प्रदेश कांग्रेस सरकार द्वारा दूध के दाम बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू और हिमाचल सरकार का धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही एमपीसीएच स्थापित करने का प्रस्ताव भी पारित किया गया।

प्रदेश सरकार द्वारा दूध की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए उत्पादकों को जागरूक करने के लिए प्रत्येक सहकारी सभा में जनरल हाउस रखे जाने के प्रस्ताव पर भी सहमति बनी। बैठक में विशेष तौर पर जिला सिरमौर दूध प्रसंग प्रबंधक देवांश जसवाल व रमेश मोदगिल भी उपस्थित रहे। इस बैठक में डॉक्टर वाइएस परमार दुग्ध सहकारी सभा समिति के प्रधान आनंद परमार, सचिव जगमोहन सिंह, दूध सहकारी सभा नेहर सवार के प्रधान राजेंद्र सिंह, सचिव बाबूराम, दुग्ध सहकारी सभा बागथन के सचिव यशपाल ठाकुर, शिव दुग्ध उत्पादक सभा के प्रधान सुरेंद्र सिंह भंडारी, चनालग दुग्ध सभा के सुखविंद्र सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



### नुक्कड़ नाटक से रोड सेफ्टी से जुड़ी जानकारियां दीं



**दाड़लाघाट।** राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट में आरटीओ, परिवहन विभाग सोलन व सूचना एवं जनसंपर्क विभाग सोलन के संयुक्त तत्वावधान में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। रोड सेफ्टी क्लब की प्रभारी सह आचार्य मारग्रेट सेबेस्टियन ने बताया कि रोड सेफ्टी से जुड़ी जानकारियों को हिम सांस्कृतिक दल के कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति के माध्यम से बताया। रोड सेफ्टी क्लब के विद्यार्थियों ने इस अवसर पर क्लब द्वारा किए गए जागरूकता कार्यक्रमों का विवरण भी प्रस्तुत किया। इस मौके पर सभी विद्यार्थी व प्राध्यापकगण मौजूद रहे।

### शूलिनी ने ऑस्ट्रेलिया के तस्मानिया विवि के प्रतिनिधियों की मेजबानी की

अनंत ज्ञान, सोलन



शूलिनी विश्वविद्यालय ने अकादमिक सहयोग के लिए ऑस्ट्रेलिया के तस्मानिया विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों की मेजबानी की। इस यात्रा का उद्देश्य विनिमय कार्यक्रमों और दोहरी डिग्री के साथ वैश्विक शैक्षणिक साझेदारी को मजबूत करना है।

प्रतिनिधियों में प्रोफेसर ट्रिस्टन स्कॉट–दुराईराजा, एसोसिएट डायरेक्टर, पार्टनरशिप्स एंड लर्निंग एब्रॉड और नितिन शर्मा, पार्टनरशिप के प्रमुख और कंट्री मैनेजर, तस्मानिया विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया से शामिल थे। अपनी यात्रा के दौरान, प्रतिनिधियों ने शूलिनी विश्वविद्यालय के नेतृत्व और संकाय सदस्यों के साथ चर्चा की। प्रोफेसर ट्रिस्टन स्कॉट–दुराईराजा ने अंतरराष्ट्रीय सहयोग रणनीतियों पर अंतर्दृष्टि साझा की और छात्रों के लिए वैश्विक सीखने के अवसरों के महत्व पर जोर दिया।

### जितेंद्र ठाकुर मेमोरियल वॉलीबाल प्रतियोगिता का हुआ समापन

## चौधरी ब्रदर्स ने जीता खिताब, तून उपविजेता

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट

दाड़लाघाट में दो दिवसीय जितेंद्र ठाकुर मेमोरियल वॉलीबाल प्रतियोगिता का समापन चौधरी कांप्लेक्स के खेल मैदान में हुआ। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र ठाकुर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे।

उनके साथ पंचायत समिति कुनिहार की अध्यक्ष सोमा कौंडल भी विशेष रूप से मौजूद रहीं। नेहरू युवा क्लब के प्रधान मनू और शशि ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विभिन्न टीमों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसमें चौधरी ब्रदर्स टीम ने खिताब जीता, जबकि तून टीम उपविजेता रही। राजेंद्र ठाकुर ने युवाओं को खेल के प्रति उत्साहित करने और उनकी प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए इस प्रतियोगिता के आयोजन की सराहना की। उन्होंने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और सभी प्रतिभागियों को उनकी मेहनत और समर्पण के लिए बधाई दी। इस मौके पर भाजपा नेता नरेंद्र चौधरी, बंटू शुक्ला, हीरा लाल, फौजी राजू, बंसत सिंह आदि मौजूद रहे।



जितेंद्र ठाकुर मेमोरियल वॉलीबाल प्रतियोगिता के समापन पर विजेता टीम के साथ मुख्यातिथि।

### ट्रैक्टरों के टायर चोरी करने वाले गिरोह के चार आरोपी गिरफ्तार

**बीबीएन।** जिला बद्दी पुलिस ने ट्रैक्टर के टायर चोरी करने वाले गिरोह के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ थाना बरोटीवाला के तहत मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

आरोपियों ने एक साल से बंद चल रही केआरएम टायर कंपनी में पहले से बनाए 15 ट्रैक्टर के टायर चोरी किए थे। पकड़े गए आरोपियों की पहचान राजवीर (24) पुत्र हंसराज निवासी सैंसीवाला मंधाला बद्दी, बलविंद्र (20) पुत्र राजेंद्र वर्मा निवासी धधर वाटरी कोटगढ़ जिला शिमला, गगनदीप (25) पुत्र धर्मपाल गांव बरोटीवाला और हरीश कुमार (23) पुत्र मेहर चंद निवासी वेहमंदी बद्दी से हुई। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी किए गए टायर को भी रिकवर कर लिया है। जिला बद्दी पुलिस अधीक्षक विनोद धीमान ने बताया कि टायर चोरी के मामले में चार आरोपियों को पकड़ा है।

## नाटक से सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को बताया

अनंत ज्ञान, नाहन

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा जिला सिरमौर में प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग व अल्पसंख्यक समुदाय के उत्थान व समाज में इन वर्गों को सम्मान अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से चलाई जा रही योजनाओं व कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार फोक मीडिया कार्यक्रमों के माध्यम से किया जा रहा है।

इस कड़ी में विकास खंड संगड़ाह की पंचायत संगड़ाह व अंधेरी में आरूषी ग्रामीण संस्थान कला मंच तथा विकास खंड पच्छाद की पंचायत सिरमौरी मंदिर व जयहर में आरूही कला मंच ने कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जाति उप-योजना के तहत 2483.20 करोड़ की राशि व्यय की जा रही है तथा समाज में अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन के लिए कल्याण विभाग के माध्यम से 50 हजार रुपए की राशि प्रदान की जा रही है। कार्यक्रम के दौरान गीत व नाटक के माध्यम से बताया कि इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख-सम्मान निधि योजना तहत जिला सिरमौर में 4128 पात्र महिलाओं को लाभान्वित कर 1500 प्रतिमाह प्रदान किए जा रहे हैं।

स्वर्ण जयंती आश्रय योजना के तहत मकान बनाने के लिए एक लाख पचास हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। कलाकारों ने राजीव गांधी स्टार्ट-अप योजना की जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के तहत ई-टैक्सी खरीदने के लिए 50 प्रतिशत का अनुदान सरकार द्वारा दिया जा रहा है। कार्यक्रम में पंचायत प्रधान सिरमौरी मंदिर देवेंद्र दत, सचिव रीना देवी, प्रधान अंधेरी विक्रम ठाकुर, व्यापार मंडल अंधेरी के प्रधान जगत सिंह, सचिव संगड़ाह बलवंत शर्मा आदि मौजूद रहे।



संगड़ाह व पच्छाद में गीत व नाटक से कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए।

**एकजुटता** श्रमिकों की एकजुटता के लिए हिमाचल प्रदेश सीमेंट महासंघ का गठन, 250 कार्यकर्ताओं ने लिया भाग

# टेक चंद अध्यक्ष और जरनैल सिंह बने कार्यकारी अध्यक्ष

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट

हिमाचल प्रदेश में सीमेंट उद्योग में अडानी समूह के प्रवेश के बाद श्रमिकों और कर्मचारियों में डर का माहौल बन गया है। इसके चलते श्रमिकों ने अपनी एकजुटता के लिए हिमाचल प्रदेश सीमेंट महासंघ का गठन किया है।

महासंघ के गठन के पीछे मुख्य कारण अदानी समूह के प्रबंधक वर्ग द्वारा कर्मचारियों और श्रमिकों पर दबाव डालना और मानसिक रूप से प्रताड़ित करना है। इससे उद्योग में तकनीकी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं, जिससे ग्रामवासी और पशुधन पर्यावरण से परेशान हैं। इस दौरान हिमाचल प्रदेश सीमेंट महासंघ का गठन किया गया। संघ के पदाधिकारियों में टेक चंद सीमेंट उद्योग दाड़लाघाट को अध्यक्ष, जरनैल सिंह ग्राडिंग यूनिट नालागढ़ को कार्यकारी अध्यक्ष, राजेश कुमार एसीसी बरमाणा को महामंत्री बनाया गया।

इसके अलावा राकेश कुमार को कोषाध्यक्ष, बलविंदर सिंह को सहकोषाध्यक्ष, गोविंद बिट्टू को प्रेस सचिव, रमन कुमार को सचिव, मनप्रीत सिंह को सचिव, नीलम कुमार को उपाध्यक्ष, संजू कुमार को उपाध्यक्ष और जय थापा को कार्यालय सचिव बनाया गया है। अल्ट्राटेक कामगार सीमेंट संघ बागा (मांगल) में आयोजित आमसभा में संघ के पदाधिकारियों ने अपने वक्तव्य में कहा कि हिमाचल प्रदेश सीमेंट उद्योग में कहीं भी श्रम कानून का उल्लंघन और मजदूरों का शोषण होगा, तो सभी एकजुट होकर आवाज उठाएंगे। इस कार्यक्रम में भारतीय मजदूर संघ के 70 वर्ष पूर्ण होने पर जन संपर्क अभियान के तहत ट्रक चालक, परिचालक, होटल, दुकानदारों को पोस्टर वितरित किए गए, जिसमें भारतीय मजदूर संघ की 70 वर्ष की उपलब्धियां बताई गईं।

कार्यक्रम में 250 कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और इस मौके पर प्रदेश महामंत्री यशपाल हैटा, अखिल भारतीय सीमेंट मजदूर महासंघ के महामंत्री ओम प्रकाश शर्मा, जिला मंत्री सोलन राजू भारद्वाज, सीमेंट के सह प्रभारी कालाराम कश्यप, जिला सोलन के उद्योग प्रभारी हृदय राम चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे।



दाड़लाघाट में आयोजित सीमेंट उद्योग महासंघ की बैठक में पहुंचे श्रमिक।

## वॉलीबाल में सहनाली टीम ने जीती ट्रॉफी

अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट

अर्की तहसील के मांगल (बागा) में देवभूमि क्लब समत्याडी द्वारा आयोजित कबड्डी और वॉलीबाल प्रतियोगिता के समापन समारोह में पूर्व मांगल पंचायत कांग्रेस अध्यक्ष, पूर्व अर्की युवा कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पूर्व अर्की कांग्रेस सोशल मीडिया प्रभारी, पूर्व जिला सोलन कांग्रेस सचिव एवं कोविड वारियर चौहान कृष्णा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

इस प्रतियोगिता में मांगल, बैरल और बागा करोग पंचायत की लगभग 16 टीमों ने भाग लिया। वॉलीबाल का फाइनल मुकाबला सहनाली और बागा के बीच हुआ, जिसमें सहनाली टीम ने विजय हासिल की। कबड्डी के फाइनल मुकाबले में पडियार और बागा का मुकाबला हुआ, जिसमें पडियार टीम ने विजय हासिल की।

चौहान कृष्णा ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी और नकद राशि प्रदान की। उन्होंने कहा कि हमें अपने क्षेत्र में युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए ऐसे आयोजन करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को खेलों के साथ-साथ पढ़ाई की तरफ भी ध्यान देना चाहिए। देवभूमि क्लब समत्याडी के इस सफल आयोजन के लिए चौहान कृष्णा ने 8100 रुपए दिए और उपस्थित जनता का आभार जताया।



देवभूमि क्लब समत्याडी की आयोजित कबड्डी और वॉलीबाल प्रतियोगिता में मौजूद खिलाड़ी।

## न्यूज ब्रीफ

### पाइप लाइन बिछाने के चलते बंद रहेगी सड़क

**चंडीगढ़।** नगर निगम चंडीगढ़ द्वारा पूर्व मार्ग पर काली बाड़ी लाइट प्वाइंट के पास सेक्टर 31 और औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, चंडीगढ़ को विभाजित करने वाली सड़क पर 800 मिमी आई/डी एम.एस. पाइप लाइन बिछाई जा रही है। इस कार्य के कारण, पूर्व मार्ग पर काली बाड़ी लाइट प्वाइंट के पास सेक्टर 31 और औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, चंडीगढ़ को विभाजित करने वाली सड़क कट 18 को सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक बंद रहेगी। आम जनता से अनुरोध है कि वे वैकल्पिक मार्ग अपनाएं और नगर निगम, चंडीगढ़ के साथ धैर्य रखें।

### दो दिवसीय स्कूल लीडर्स समिट 19 से



**चंडीगढ़।** 19 और 20 दिसंबर को फेडरेशन और निसा के संयुक्त तत्वावधान में होटल पार्क प्लाजा, चंडीगढ़ में स्कूल लीडर्स समिट -2024 का दो दिवसीय आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विश्व प्रसिद्ध योग गुरु और आध्यात्मिक मार्गदर्शक परम पूज्य स्वामी रामदेव जी उपस्थित रहेंगे। स्वामी जी शिक्षा में अभिनव कृ तित और नई शिक्षा नीति (एनईपी) को सफल बनाने के लिए आवश्यक कदमों पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। निसा के अध्यक्ष डॉ. कुलभूषण शर्मा ने कहा कि इस दौरान उपस्थित सभी स्कूल मिलकर नई शिक्षा नीति को सफल बनाने के लिए संकल्प लेंगे और इसके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मिलजुल कर प्रयास करेंगे।

### मूक-बधिर बच्चों के लिए डेंटल जांच शिविर



**अनंत ज्ञान।** लायंस क्लब चंडीगढ़ (मेजबान) ने आज लायंस क्लब, सेक्टर 18 में मूक-बधिर बच्चों के लिए एक मुफ्त डेंटल जांच शिविर का आयोजन किया। जांच टूथडेक डेंटल क्लिनिक के डॉ. करण सेठ द्वारा की गई। बच्चों को खाना भी दिया गया। इस अवसर पर एमजेएफ लायन आनंद साहनी (पीडीजी), लायन जगदीश कुमार, सचिव, लायन एचएस अटवाल और लायन युवराज अटवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

### दिल्ली और पंजाब में तापमान गिरा

**नई दिल्ली।** उत्तर और पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों में रविवार को ठंड की स्थिति जारी रही और दिल्ली, पंजाब तथा राजस्थान में पारा कई डिग्री सेल्सियस तक नीचे गिर गया। कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के ऊंचे इलाकों में न्यूनतम तापमान बढ़ने से भीषण ठंड से कुछ राहत मिली। कश्मीर के लिए राहत अल्पकालिक होने की संभावना है क्योंकि मौसम विभाग ने अगले तीन दिन में घाटी के कुछ हिस्सों में शीतलहर चलने का पूर्वानुमान जताया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, दिल्ली का न्यूनतम तापमान गिरकर 4.9 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जो सामान्य से 3.1 डिग्री कम है लेकिन शीत लहर की स्थिति नहीं बनी है। आईएमडी ने कहा कि रविवार को राजधानी का अधिकतम तापमान 23.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.2 डिग्री कम है। मौसम विभाग ने सोमवार को दिल्ली में मध्यम कोहरे का पूर्वानुमान लगाया है। न्यूनतम और अधिकतम तापमान क्रमशः पांच डिग्री सेल्सियस और 23 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है। इसने कहा कि पंजाब और हरियाणा में ठंड का प्रकोप जारी रहा और फरीदकोट क्षेत्र का सबसे ठंडा स्थान रहा जहां न्यूनतम तापमान एक डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पंजाब के गुरदासपुर और बठिंडा में भी रात सर्द रही। गुरदासपुर में न्यूनतम तापमान दो डिग्री सेल्सियस और बठिंडा में 4.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### 1971 के युद्ध नायकों को दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम नरेंद्र मोदी ने 1971 के युद्ध के शहीद नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सोलह दिसंबर, 1971 को 90,000 से अधिक पाकिस्तानी सैनिकों के आत्मसमर्पण के बाद युद्ध में मिली शानदार जीत के साथ लाखों बांग्लादेशियों पर पाकिस्तानी सेना की ओर से की गई भीषण हिंसा का दौर समाप्त हुआ था। भारत 16 दिसंबर को विजय दिवस के रूप में मनाता है। अपनी श्रद्धांजलि में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि सैनिकों की यह बलिदान राष्ट्रीय गौरव का स्रोत बना रहेगा। राष्ट्रपति सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर भी हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस अवसर पर राष्ट्रीय समर स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित किया और शहीद नायकों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि आज विजय दिवस के विशेष अवसर पर राष्ट्र भारत के सशस्त्र बलों की वीरता और बलिदान को सलाम करता है।

### आजम की याचिका पर यूपी सरकार को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम खान की ओर से दायर याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा। याचिका में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती दी गई है जिसमें मशीन चोरी के एक मामले में उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया गया था। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने राज्य सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

### छत्तीसगढ़ में भीषण सड़क हादसे में 6 की मौत



**बालोद।** छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में सड़क हादसे में चार महिलाओं समेत छह लोगों की मौत हो गई है और सात अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना रविवार देर रात डौंडी थाना क्षेत्र के चोरहापड़ाव गांव के निकट की है जब एक ट्रक ने स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल्स (एसयूवी) को टक्कर मार दी।

### डोभाल विशेष प्रतिनिधि वार्ता के लिए जाएंगे चीन



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल संभवतः अगले कुछ सप्ताह में बीजिंग की यात्रा करेंगे जहां वह व्यापक सीमा मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधि वार्ता के नए संस्करण में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। प्रामाणिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह वार्ता करीब पांच साल के अंतराल के बाद होगी। इससे पहले विशेष प्रतिनिधियों (एसआर) की वार्ता दिसंबर 2019 में नयी दिल्ली में हुई थी। वार्ता के इस तंत्र को बहाल करने का निर्णय 23 अक्टूबर को कजान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई बैठक में लिया गया था।

### राजौरी में 5.5 किलोग्राम हेरोइन जब्त



**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास दो संदिग्ध मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से 5.50 किलोग्राम हेरोइन जब्त की गई। अधिकारियों ने बताया कि नौशेरा सेक्टर से भारी मात्रा में हेरोइन जब्त किए जाने से सीमा पार से मादक पदार्थ की तस्करी करने के तस्करों के प्रयास को विफल कर दिया गया। हेरोइन की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करोड़ों रुपए है।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार मानवता के मूल्यों पर गहरा आघात : सीएम धामी

**जगदीश शर्मा, देहरादून**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विजय दिवस के अवसर पर गांधी पार्क स्थित शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस बांग्लादेश को पाकिस्तान से आजादी दिलाने के लिए 1971 के युद्ध में भारत के लगभग 3900 जवान शहीद हुए, वहीं बांग्लादेश अब सांप्रदायिक ताकतों के बहकावे में आकर हमारे देश के खिलाफ अपशब्द बोल रहा है। बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचार और हिंसा ने मानवता के मूल्यों पर गहरा आघात किया है।




सोमवार को गांधी पार्क में आयोजित विजय दिवस समारोह में अपने संबोधन की शुरुआत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 1971 के युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ की। इसके बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भारतीय सैनिकों ने 1971 के युद्ध में न केवल राष्ट्र की अखंडता और स्वाभिमान की रक्षा की बल्कि अपने अद्वितीय रण कौशल द्वारा दुश्मन को चारों खाने चित्त भी कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1971 में पाकिस्तान के साथ लड़ा गया यह युद्ध स्वतंत्र भारत के इतिहास का एक ऐसा स्वर्णिम अध्याय है, जो प्रत्येक भारतीय के लिए गौरव और प्रेरणा का स्रोत है।

1971 के युद्ध में हमारी सेना ने विश्व को दिखा दिया कि भारत न केवल अपनी संप्रभुता की रक्षा करने में सक्षम है, बल्कि जरूरत पड़ने पर मानवता और न्याय की रक्षा के लिए भी खड़ा हो सकता है। इस युद्ध में हमारी तीनों सेनाओं ने मात्र 13 दिनों में पाकिस्तान को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था।

मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस युद्ध में पाकिस्तान के लगभग एक लाख सैनिकों ने 16 दिसंबर 1971 को हमारी सेना के समक्ष आत्मसमर्पण किया, जो दुनिया के सैन्य इतिहास में एक अद्वितीय घटना के रूप में दर्ज है। उस युद्ध में लगभग 3900 भारतीय सैनिक वीरगति को प्राप्त हुए, जिनमें वीर भूमि उत्तराखंड के 255 बहादुर सपूत भी शामिल थे। तब हमारे प्रदेश के 74 सैनिकों को अपने अदम्य साहस और शौर्य के लिए विभिन्न वीरता पदकों से सम्मानित भी किया गया था। (अनंत ज्ञान)

# बिजली विभाग के निजीकरण के विरोध में मोमबत्ती जुलूस




**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

चडीगढ़ कांग्रेस ने आज चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एचएसलकी के नेतृत्व में रामदरबार और औद्योगिक क्षेत्र फेज 2 में चंडीगढ़ बिजली विभाग के निजीकरण के विरोध में मोमबत्ती जुलूस निकाला।

दुकानदारों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित सैकड़ों की संख्या में क्षेत्रवासियों ने मोमबत्ती लेकर निजीकरण के खिलाफ नारे लगाए। सभा को संबोधित करते हुए लकी ने एक बार फिर प्रशासक और चंडीगढ़ प्रशासन से एमिनेंट कंपनी के साथ इस सौदे को रद्द करने का आग्रह किया।

लकी ने कहा कि कांग्रेस शहरवासियों के लिए चिंतित है, जिन्हें अंततः इस सौदे का खामियाजा भुगतना पड़ेगा। बिजली की दरें बढ़ना तय है, क्योंकि निजी कंपनी का मकसद सेवा के बजाय मुनाफा कमाना होगा।

पिछले कई दिनों से शहरवासी और विभाग के कर्मचारी इस फैसले के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन कुछ नहीं हुआ। लकी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आने वाले दिनों में अपने आंदोलन को और तेज करने जा रही है।

## राजधानी में हवा की वायु गुणवत्ता फिर खराब, लगी पाबंदियां

# दिल्ली-एनसीआर में फिर ग्रैप-3 लागू

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली**-एनसीआर में फिर से ग्रैप-3 लागू हो गया है। दिल्ली में हवा की वायु गुणवत्ता खराब हो गई है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने वीरवार को दिल्ली-एनसीआर में ग्रेप-2 नियम की पाबंदियों वाले आदेश को बरकरार रखा था।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि ग्रैप-4 के प्रतिबंध पर जो राहत दी गई थी, वह जारी रहेगी। केंद्र की ओर से गठित समिति ने वायु गुणवत्ता में आई गिरावट के बीच सोमवार को चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्ययोजना (ग्रैप) के तीसरे चरण के तहत कई प्रतिबंधों को प्रभावी कर दिया। दिल्ली में सोमवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 367 दर्ज किया गया। संशोधित कार्ययोजना के अनुसार, दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद और गौतमबुद्ध नगर में विद्यालयों को अनिवार्य रूप से जीआरएपी-3 के तहत पांचवी कक्षा तक की पढ़ाई 'हाइब्रिड मोड' में संचालित करानी होगी।



### इन कार्यों पर रहेगी पाबंदी

- पूरे एनसीआर में धूल पैदा करने वाली व वायु प्रदूषण फैलाने वाली सीएंडडी गतिविधियों पर सख्त प्रतिबंध रहेगा।
- बोरिंग और ड्रिलिंग कार्यों सहित खुदाई और भराई के लिए मिट्टी का काम।
- पाइलिंग कार्य, सभी विध्वंस कार्य।
- ओपन ट्रेंच सिस्टम की ओर से सीवर लाइन, पानी की लाइन, ड्रेनेज और इलेक्ट्रिक केबलिंग आदि बिछाना।
- सड़क निर्माण गतिविधियां और प्रमुख मरम्मत।
- कच्ची सड़कों पर निर्माण सामग्री ले जाने वाले वाहनों की आवाजाही।
- विध्वंस अपशिष्ट का कोई भी परिवहन।

# 'फ्रॉस्टी फिएस्टा 2024' विंटर कार्निवल संपन्न

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

अंबिका ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, खरड़, पंजाब में अंबिका ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, खरड़, पंजाब द्वारा आयोजित बहुप्रतीक्षित 'फ्रॉस्टी फिएस्टा 2024श, विंटर कार्निवल एक शानदार अंदाज में संपन्न हुआ, जिसमें उपस्थित लोगों को खुशी, उत्सव और सामुदायिक बंधन की अविस्मरणीय यादें मिलीं।

15 दिसंबर, 2024 को कॉलेज परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों और स्थानीय समुदाय की ओर से जबरदस्त प्रतिक्रिया देखी गई।

कार्निवल का उद्घाटन आदरणीय गुरमिंदर सिंह, एसडीएम खरड़, मोहाली, पंजाब ने किया, जो इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए। अपने संबोधन में, उन्होंने छात्र भावना और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर देते हुए इस तरह के समावेशी और जीवंत कार्य, म के आयोजन के लिए कॉलेज की प्रशंसा की।



अंबिका ग्रुप ऑफ कॉलेजेज की प्रबंध निदेशक विभा पांडे ने कहा, 'फ्रॉस्टी फिएस्टा 2024' की सफलता। यह कार्यक्रम हमारे छात्रों और कर्मचारियों की प्रतिभा और उत्साह का प्रमाण था, और हमें लोगों को खुशी और उत्सव के दिन के लिए एक साथ लाने पर गर्व है। कॉलेज इस कार्य, म को एक शानदार सफलता बनाने के लिए मुख्य अतिथि, सभी प्रतिभागियों, आयोजकों, प्रायोजकों और उपस्थित लोगों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता है।

## देश-विदेश

# इसराइली हवाई हमलों में 25 फिलिस्तीनी मारे गए

**एजेंसी, गाजा**

गाजा पट्टी में विस्थापित लोगों को आश्रय देने वाले एक स्कूल और एक नागरिक सुरक्षा केंद्र को निशाना बनाकर किए गए दो इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 25 फिलिस्तीनी मारे गए।



गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों के एक अधिकारी मारवान अल-हम्स ने सिन्हुआ को बताया कि रविवार को खान यूनिस में विस्थापित लोगों के एक स्कूल पर इसराइली हवाई हमले में लगभग 21 फिलिस्तीनी मारे गए, जबकि दर्जनों अन्य, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे, घायल हो गए। स्कूल की ऊपरी मंजिल के मलबे के बीच मृतकों और घायलों के खून से लथपथ शवों को देखा, जो निकट पूर्व में फिलिस्तीन शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी (यूएनआरडब्ल्यूए) से संबंधित है। इसराइली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई।

### राहुल ने श्रीलंका की जेलों में बंद भारतीय मछुआरों की रिहाई का उठाया मुद्दा

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पत्र लिखकर श्रीलंका के जेल में बंद भारतीय मछुआरों की रिहाई का मुद्दा उठाया है।

कांग्रेस सांसद ने अपने पत्र में लिखा कि हम श्रीलंकाई राष्ट्रपति की भारत की पहली आधिकारिक यात्रा की मेजबानी करने की तैयारी कर रहे हैं, मैं भारत सरकार से अनुरोध करता हूं कि वह गलती से अंतरर‌राष्ट्रीय समुद्री सीमा (आईएमबीएल) पार करने वाले भारतीय मछुआरों के मुद्दे को उठाएं और उनकी जल्द रिहाई सुनिश्चित करें।

# फिलिस्तीनियों के समर्थन में 'फिलिस्तीन' लिखा हैंडबैग लेकर संसद पहुंची प्रियंका

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी फिलिस्तीन के लोगों के प्रति एकजुटता प्रकट करते हुए सोमवार को एक ऐसा हैंडबैग लेकर संसद पहुंचीं जिस पर 'फिलिस्तीन' लिखा हुआ था। वह कई मौकों पर गाजा में इसराइल की सैन्य कार्रवाई के खिलाफ आवाज उठाती और फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता व्यक्त करती रही हैं। उन्होंने जो हैंडबैग लिया हुआ था, उस पर अंग्रेजी में 'पेलेस्टाइन' (फिलिस्तीन) लिखे होने के साथ फलस्तीन से जुड़े कई प्रतीक भी बने हुए थे। हैंडबैग मुद्दे पर वायनाड की सांसद पर निशाना साधते हुए भाजपा के लोकसभा सदस्य अनुराग ठाकुर ने आश्चर्य जताया कि वह क्या संदेश देना चाहती थीं। उन्होंने दावा किया कि प्रियंका गांधी ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार पर एक शब्द भी नहीं बोला, लेकिन फिलिस्तीन लिखा बैग के साथ एक फैशन स्टेटमेंट बनाना चाहती हैं। भाजपा नेताओं की ओर से इस हैंडबैग का मुद्दा उठाने के बारे में पूछे जाने पर प्रियंका गांधी ने कहा कि उन्हें बताएं कि उन्हें बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों हिंदुओं और ईसाइयों पर हो रहे अत्याचारों के बारे में कुछ करना चाहिए। बांग्लादेश सरकार से बात करें और इन्हें रोकें।




## हसीना के सत्ता से हटने के बाद यह विजय दिवस हो गया: यूनुस

**एजेंसी, ढाका**

**मुख्य** सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने सोमवार को बांग्लादेश में 54वें विजय दिवस का जश्न मनाया। इस युद्ध के कारण ही 1971 में देश को आजादी मिली थी।

उन्होंने कहा कि इस साल का जश्न और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस साल 'दुनिया की सबसे खराब निरंकुश सरकार' को सत्ता से हटा दिया गया है। यूनुस ने देश के संस्थापक नेता बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान का जिक्र नहीं किया।

विजय दिवस पाकिस्तानी सेना द्वारा भारतीय सेना के सामने आत्मसमर्पण करने की याद में मनाया जाता है। भारत की ऐतिहासिक जीत के कारण बांग्लादेश आजाद हुआ था।

# महिलाओं को सुरक्षित माहौल के विषय में दिशा-निर्देश संबंधी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को उस याचिका पर विचार करने पर सहमति व्यक्त की, जिसमें समाज में महिलाओं, बच्चों और 'ट्रांसजेंडर' व्यक्तियों को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराने के लिए अखिल भारतीय दिशानिर्देश तैयार करने का निर्देश देने का अनुरोध किया है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और उज्ज्वल भुइयां ने केंद्र एवं संबंधित विभागों को नोटिस जारी किया और मामले में अगली सुनवाई के लिए जनवरी का समय तय किया। याचिकाकर्ता 'सुप्रीम कोर्ट लॉयर्स एसोसिएशन' की ओर से पेश हुईं वरिष्ठ अधिवक्ता महालक्ष्मी पावनी ने कहा कि छोटे शहरों में महिलाओं के विरुद्ध यौन उत्पीड़न की कई घटनाएं हुईं, जो रिपोर्ट नहीं की गईं और दबी रह गईं। 'कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एक प्रशिक्षु डॉक्टर से बलात्कार और उसकी हत्या की घटना के बाद, यौन हिंसा की लगभग 95 घटनाएं हुई हैं, लेकिन वे सामने नहीं आ पाई हैं।



# महंगाई पर बड़ी राहत, थोक मुद्रास्फीति दर नवंबर में घटकर 1.89 प्रतिशत रही

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) या थोक मुद्रास्फीति दर नवंबर में घटकर 1.89 प्रतिशत रह गई है, जो कि अक्तूबर में 2.36 प्रतिशत थी। इसकी वजह खाद्य वस्तुओं की कीमतों में कमी आना है। यह जानकारी वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को दी है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, खाद्य महंगाई दर नवंबर में 8.29 प्रतिशत पर रही है, जो कि अक्तूबर में 11.59 प्रतिशत थी। इसकी वजह सब्जियों में महंगाई दर का कम होना है। नवंबर में प्याज में महंगाई दर अक्तूबर के 39.25 प्रतिशत के मुकाबले 2.85 प्रतिशत रही है। बीते महीने ईंधन की कीमतों में महंगाई दर -5.83 प्रतिशत थी। इसके कारण थोक महंगाई की रफ्तार में कमी आई है। थोक महंगाई दर का खुदरा महंगाई दर से सीधा संबंध होता है। थोक महंगाई दर में कमी आने का असर खुदरा कीमतों पर भी होता है। पिछले सप्ताह जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, भारत की खुदरा मूल्य मुद्रास्फीति या खुदरा महंगाई दर नवंबर में घटकर 5.48 प्रतिशत रह गई। इसमें कमी आने की वजह महीने के दौरान खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि कम हुई। खुदरा महंगाई दर में कमी लगातार दो महीने की बढ़त के बाद देखने को मिली थी। अक्तूबर में खुदरा महंगाई दर 6.21 प्रतिशत पर पहुंच गई थी। अक्तूबर 2024 में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से तय किए गए महंगाई के बैंड 2 से 6 प्रतिशत के ऊपर निकलने के बाद एक बार फिर से खुदरा मुद्रास्फीति काबू में आ गई है। आरबीआई की ओर से महंगाई के 4 प्रतिशत से नीचे आने का इंतजार किया जा रहा है, जिससे ब्याज दरों में कटौती कर वृद्धि दर को बढ़ाया जा सके।



### अडानी को मिले बिजली ठेके के खिलाफ याचिका खारिज

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने सोमवार को नवीकरणीय और तापीय बिजली आपूर्ति के लिए महाराष्ट्र सरकार की ओर से अडानी समूह को ठेका देने के खिलाफ दायर एक याचिका को खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि इस याचिका के पीछे कोई आधार नहीं है। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति अमित बोरकर की खंडपीठ ने याचिकाकर्ता श्रीराज नागेश्वर एपुरवार पर अस्पष्ट याचिका के लिए 50,000 रुपए की लागत भी लगाई। एपुरवार ने आरोप लगाया था कि 6,600 मेगावॉट नवीकरणीय और तापीय बिजली आपूर्ति के लिए अदाणी समूह को दिए गए ठेके से याचिकाकर्ता तक उचित दर पर उचित बिजली आपूर्ति के उसके मौलिक अधिकार का उल्लंघन होता है।

# सेंसेक्स 384 और निफ्टी 100 अंक गिरा

**एजेंसी, मुंबई**

**हफ्ते** के पहले कारोबारी दिन यानी 16 दिसंबर को सेंसेक्स 384 अंक की गिरावट के साथ 81,748 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 100 अंक की गिरावट रही। यह 24,668 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, बीएसई मिडकैप 350 अंक की तेजी के साथ 48,126 के स्तर पर बंद हुआ।




सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 25 में गिरावट और 5 में तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 40 में गिरावट और 9 में तेजी रही। जबकि, 1 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुआ। एनएसई सेक्टोरल इंडेक्स में निफ्टी रियल्टी सबसे ज्यादा 3.10 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.033 फीसदी और कोरिया के कोस्पी में 0.22 फीसदी की गिरावट रही। चीन का शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स 0.16 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज जीतने उतरेगी भारतीय महिला टीम

**एजेंसी, नवी मुंबई**




सीरीज के पहले मैच में 49 रन से जीत दर्ज करने के बाद भारतीय महिला क्रिकेट टीम मंगलवार को यहां वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टी-20 मैच में क्षेत्ररक्षण की अपनी खामियों को दूर करने की कोशिश करेगी। ऑस्ट्रेलिया में अपने अंतिम एकदिवसीय मुकाबले और रविवार को यहां हुए पहले टी-20 मैच के बीच कम समय के बावजूद भारत ने शानदार प्रदर्शन किया और कैरेबियाई टीम के खिलाफ टी-20 मुकाबलों में अपनी जीत का सिलसिला नौ मैच तक पहुंचा दिया।

क्षेत्ररक्षण हालांकि एक बार फिर टीम का कमजोर पक्ष रहा जब जेमिमा रोड्रिग्स, स्मृति मंधाना और साइमा ठाकोर ने एक-एक कैच टपकाया। साइमा ने कियाना जोसेफ (49) का कैच उस समय छोड़ा जब वह 34 रन बनाकर खेल रही थी। डिएंड्रा डॉटिन (28 गेंद में 52 रन, चार चौके, तीन छक्के) को जेमिमा और मंधाना ने जीवनदान दिए। कप्तान हरमनप्रीत की जगह क्षेत्ररक्षण के लिए उतरी मीनु मनि ने हालांकि शानदार प्रदर्शन किया।

टीम ने हालांकि यह नहीं बताया कि हरमनप्रीत क्यों वेस्टइंडीज की पारी के दौरान अधिकांश समय क्षेत्ररक्षण के लिए नहीं उतरीं। भारतीय कप्तान 14 गेंद में नाबाद 13 रन की अपनी पारी के दौरान हालांकि किसी भी तरह से परेशान नहीं दिखीं।

भारत की जीत के तुरंत बाद कोचिंग स्टाफ ने युवा प्रिया मिश्रा, राघवी बिष्ट और नंदिनी कश्यप के साथ कैचिंग अभ्यास का एक सत्र शुरू किया, लेकिन हवा ने उनके काम को मुश्किल बना दिया था।

फिर भी भारत की बल्लेबाजों ने एकजुट प्रयास करके अच्छा उदाहरण पेश किया। शीर्ष पर उमा छेत्री (24) ने सलामी बल्लेबाज के रूप में अपने पहले मैच में कवर क्षेत्र में कुछ शानदार ड्राइव खेले और मंधाना ने पर्थ में तीसरे वनडे में 105 रन बनाने के बाद साल का अपना छठा अर्धशतक बनाया।

**03 मैचों की सीरीज में भारत 1-0 से आगे**

### संभावित टीमें

**भारत।** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, नंदिनी कश्यप, जेमिमा रोड्रिग्स, रिचा घोष, उमा छेत्री, दीप्ति शर्मा, सजीवन सजना, राघवी बिस्ट, रेणुका ठाकुर, प्रिया मिश्रा, टिटास साधु, साइमा ठाकोर, मीनु मनि और राधा यादव।

**वेस्टइंडीज।** हेले मैथ्यूज (कप्तान), शेमाइन कैंपबेल, आलिया एलेन, शामिलिया कॉनेल, नेरिसा क्राफ्टन, डिएंड्रा डॉटिन, एफी फ्लेचर, शबिका गजनबी, चिनेले हेनरी, जाइदा जेम्स, कियाना जोसेफ, मैंडी मंगरू, अश्मिनी मुनिसर, करिश्मा रामहरक और राशदा विलियम्स।

# विश्व चैंपियन डी गुकेश का चेन्नई पहुंचने पर भव्य स्वागत

**एजेंसी, चेन्नई**

विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश का सोमवार को यहां हवाई अड्डे पर सैकड़ों उत्सुक प्रशंसकों, तमिलनाडु सरकार और राष्ट्रीय महासंघ के अधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया।

18 वर्षीय गुकेश ने पिछले सप्ताह सिंगापुर में चीन के डिंग लिरेन को 7.5-6.5 से हराकर सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया और रूस के गैरी कास्परोव के लंबे समय से चले आ रहे रिकॉर्ड को तोड़ दिया। कास्परोव 1985 में 22 साल की उम्र में विश्व चैंपियन बने थे।

स्वदेश लौटने पर गुकेश ने उनका समर्थन करने के लिए सभी का धन्यवाद किया। गुकेश ने कहा,  ''यह शानदार है। आपके समर्थन ने मुझे बहुत ऊर्जा दी। विश्व चैंपियनशिप जीतना एक शानदार अहसास है।''

## स्पोर्ट्स विंडो

### गिलेस्पी ने संवादहीनता के लिए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को लताड़ा

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज जैसन गिलेस्पी ने सोमवार को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि बोर्ड ने पूरी तरह से उन्हें अंधेरे में रखा, जिसकी वजह से उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। गिलेस्पी का करार 2026 तक का था, लेकिन उन्होंने पिछले सप्ताह इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि संवादहीनता के कारण उन्हें लगने लगा था कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को उनकी जरूरत नहीं है। गिलेस्पी ने कहा,''चुनौतियां तो थी। मैं कुछ करने के इरादे से वहां गया था। मुझे पता था कि पाकिस्तान ने बहुत कम समय में बहुत सारे कोच बदले हैं। मैं चाहता था कि मुख्य कोच होने के नाते नियोक्ता से मेरा सीधा और स्पष्ट संवाद हो।'' उन्होंने कहा,'' मुझे हाई परफार्मेंस कोच नहीं रखने को लेकर पूरी तरह से अंधेरे में रखा गया।'' पीसीबी ने हाई परफार्मेंस कोच टिम नीलसन के करार का नवीनीकरण नहीं किया, जिन्हें गिलेस्पी लेकर आए थे। गिलेस्पी ने कहा,'' टिम नीलसन को बताया गया कि उनकी सेवाओं की जरूरत नहीं है और मुझे इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई। इससे पहले भी बहुत कुछ हुआ, लेकिन इस घटना के बाद मुझे लगने लगा कि मेरी जरूरत है भी या नहीं।''



### ईशा गुहा ने जसप्रीत बुमराह से माफी मांगी

**नई दिल्ली।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को 'प्राइमेट' (मनुष्य जैसा जानवर) कहने वाली इंग्लैंड की पूर्व खिलाड़ी और कमेंटेटर ईशा गुहा ने सोमवार को अपनी नस्लवादी टिप्पणी के लिए माफी मांगी। उन्होंने कहा कि गेंद के साथ भारतीय तेज गेंदबाज के शानदार प्रदर्शन का वर्णन करने के लिए गलत शब्द चुनने के लिए उन्हें 'बेहद खेद' है।



**ब्रिसबेन टेस्ट** | ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 445 रन बनाए, भारत का स्कोर 51/4, अभी भी 394 रन पीछे

# टीम इंडिया का शीर्ष क्रम फेल

**50 विकेट पूरे किए जसप्रीत बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया में**



**एजेंसी, ब्रिसबेन**




भारतीय बल्लेबाज मुश्किल परिस्थितियों में ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने में असमर्थ रहे, जिससे मेहमान टीम तीसरे क्रिकेट टेस्ट के वर्षा से प्रभावित तीसरे दिन सोमवार को यहां पहली पारी में 51 रन तक चार विकेट गंवाकर संकट में है।

बारिश के लगातार खलल के बीच कई बार खेल रुका और फिर शुरू हुआ। जसप्रीत बुमराह ने 76 रन देकर छह विकेट चटकाए, लेकिन ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में 445 रन के बड़े स्कोर तक पहुंचने में सफल रहा। ऑस्ट्रेलिया ने सात विकेट पर 405 रन से आगे खेलते हुए 40 रन और जोड़कर अपने बाकी बचे तीन विकेट भी गंवा दिए। एलेक्स कैरी ने 88 गेंद में 70 रन की पारी खेली। वह आउट होने वाले आखिरी बल्लेबाज रहे जबकि कल ट्रेविस हेड और स्टीवन स्मिथ ने विपरीत अंदाज में शतक जड़कर ऑस्ट्रेलिया के बड़े स्कोर की नींव रखी थी।

स्टंप के समय भारत के सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल 33 रन बनाकर खेल रहे हैं जबकि दूसरे छोर पर कप्तान रोहित शर्मा उनका साथ निभा रहे हैं, जिन्होंने अभी खाता नहीं खोला है।

भारत अब भी ऑस्ट्रेलिया से 394 रन से पीछे है जबकि उसके सिर्फ छह विकेट शेष हैं और मेहमान टीम के सामने सबसे बड़ी चुनौती फॉलोआन बचाने की है। ऑस्ट्रेलिया के बड़े स्कोर के जवाब में भारत की शुरुआत बेहद खराब रही। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिशेल स्टॉर्क ने दो और जोश हेजलवुड ने एक विकेट चटकाया, जिससे भारत ने लंच तक 22 रन तक तीन विकेट गंवा दिए। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने दूसरे सत्र में ऋषभ पंत का बड़ा विकेट लेकर भारत की हालत और खराब कर दी। भारतीय पारी के दौरान ऑस्ट्रेलियाई दबदबे के बीच कई बार बारिश के कारण खेल रोका गया और फिर शुरू हुआ लेकिन अधिक ओवर नहीं फेंके जा सके।

ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के दबदबे का अंदाजा इस बात से लगता है कि मेजबान टीम ने विकेट के आगे से ज्यादा क्षेत्ररक्षक विकेट के पीछे खड़े किए थे।

कमिंस ने पंत को विकेटकीपर कैरी के हाथों कैच कराके भारत को चौथा झटका दिया, जिसके कुछ देर बार बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा और फिर चाय का विश्राम लिया गया। चाय और समापन के बीच तीन ओवर भी नहीं फेंके जा सके। स्टॉर्क ने इससे पहले भारतीय पारी की दूसरी गेंद पर ही यशस्वी जायसवाल को शॉर्ट मिडविकेट पर मिशेल मार्श के हाथों कैच कराया।

बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज के अगले ओवर में शुभमन गिल भी स्लिप में मार्श को कैच दे बैठे जबकि हेजलवुड ने विराट कोहली (03) को लंच से ठीक पहले विकेटकीपर एलेक्स कैरी के हाथों कैच कराके भारत को तीसरा झटका दिया।

ऑस्ट्रेलिया ने सुबह सात विकेट पर 405 रन से आगे खेलना शुरू किया। कैरी ने 45 रन की पारी को आगे बढ़ाते हुए रवींद्र जडेजा की गेंद पर फाइन लेग की ओर चौका लगाकर 53 गेंद में अर्धशतक पूरा किया जबकि स्टॉर्क ने भी जडेजा को स्लॉग स्वीप करके स्क्वायर लेग पर छक्का जड़ा।

### स्कोर बोर्ड

| ऑस्ट्रेलिया (पहली पारी) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| ख्वाजा क. पंत ब. बुमराह | 21 | 54 | 3/0 |
| मैकस्वीनी क. कोहली ब. बुमराह | 09 | 49 | 1/0 |
| लाबुशेन क. कोहली ब. नीतिश | 12 | 55 | 0/0 |
| स्टीवन क. रोहित ब. बुमराह | 101 | 190 | 12/0 |
| हेड क. पंत ब. बुमराह | 12 | 160 | 18/0 |
| मार्श क. कोहली ब. बुमराह | 05 | 16 | 0/0 |
| कैरी क. गिल ब. आकाशदीप | 70 | 88 | 7/2 |
| कमिंस क. पंत ब. सिराज | 20 | 33 | 1/0 |
| स्टॉर्क क. पंत ब. बुमराह | 18 | 30 | 1/1 |
| नाथन ब. सिराज | 02 | 30 | 0/0 |
| हेजलवुड (नाबाद) | 00 | 03 | 0/0 |
| अतिरिक्त | 35 | | |
| कुल : (117.1 ओवर) | 445/10 | | |

**विकेट पतन** : 1-31, 2-38, 3-75, 4-316, 5-326, 6-327, 7-385, 8-423, 9-445, 10-445.

**गेंदबाजी** : बुमराह 28-9-76-6, सिराज 23.2-5-97-2, आकाशदीप 29.5-5-95-1, नीतिश 13-1-65-1, जडेजा 23-2-95-0.

| भारत (पहली पारी) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जायसवाल क. मार्श ब. स्टॉर्क | 04 | 02 | 1/0 |
| राहुल (नाबाद) | 33 | 64 | 4/0 |
| गिल क. मार्श ब. स्टॉर्क | 01 | 03 | 0/0 |
| कोहली क. कैरी ब. हेजलवुड | 03 | 16 | 0/0 |
| पंत क. कैरी ब. कमिंस | 09 | 12 | 0/0 |
| रोहित (नाबाद) | 00 | 06 | 0/0 |
| अतिरिक्त | 01 | | |
| कुल : (17 ओवर) | 51/4 | | |

**विकेट पतन** : 1-4, 2-6, 3-22, 4-44.

**गेंदबाजी** : स्टॉर्क 8-1-25-2, हेजलवुज 5-2-17-1, कमिंस 2-0-7-1, लियोन 1-0-1-0, मार्श 1-0-1-0.

# टैट्रो स्वदेश यूनाइटेड ने जीती फुटसल प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, सोलन**




प्रथम महिला फुटसल प्रतियोगिता आनंदपुर साहिब में खेली गई। इसके फाइनल मैच में टैट्रो स्वदेश यूनाइटेड और खड्डु एफसी के बीच में कांटे की टक्कर का मैच रहा, जिसमें टैट्रो स्वदेश यूनाइटेड ने 2-1 से गोल से पराजित करके प्रथम हिमाचल प्रदेश महिला फुटसल प्रतियोगिता 2024 में विजेता होने को गौरव प्राप्त किया।

प्रतियोगिता के मुख्यातिथि राम सिंह प्रधान जिला फुटसल संघ कुल्लू थे। नंदिता शर्मा, पवन कुमार, दीपक शर्मा मैच कमिश्नर, जसविंदर कौर, गुरचरण, गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। प्रथम हिमाचल प्रदेश महिला फुटसल लीग में पहला मैच ट्रेडों स्वदेश यूनाइटेड व डीएफए कांगड़ा के मध्य खेला गया जिसमें ट्रेडों स्वदेश यूनाइटेड ने 19-0 से विजय प्राप्त की और सेमी फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा मैच गोलाजो एफसी और डीएफए कुल्लू मध्य खेला गया जिसमें गोलाजो एफसी ने 6-0 से विजय प्राप्त की।

तीसरा मैच डीएफए कांगड़ा और ट्रंप एफसी के बीच खेला गया जिसमें से ट्रंप एफसी ने विजय प्राप्त की। चौथा मैच डीएफए कुल्लू व खुड़ एफसी के मध्य खेला गया, जिसमें 8-1 से खुड़ एफसी ने विजय शानदार विजय प्राप्त कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

# भारतीय गोल्फर रेहान थॉमस ने 'कोर्न फेरी टूर' का कार्ड हासिल किया

**एजेंसी, पोंटे वेद्रा (फ्लोरिडा)**



भारत के रेहान थॉमस ने 2025 के लिए 'कोर्न फेरी टूर' का कार्ड (प्रतियोगिता में भागीदारी) अर्जित किया है। 'कोर्न फेरी टूर' अमेरिका में आयोजित होने वाली पीजीए टूर से निचले स्तर की प्रतियोगिता है।

दुबई में रहने वाले रेहान घरेलू टूर में भी विजेता रहे हैं। वह इस साल की शुरुआत में पेशेवर बने थे। पीजीए टूर क्वालीफाइंग स्कूल के अंतिम चरण में थॉमस ने 70-72-71-68 के राउंड से कुल एक ओवर 281 का कार्ड खेला और संयुक्त 26वें स्थान पर रहे। इस प्रतियोगिता के शीर्ष पांच में रहने वाले खिलाड़ियों ने पीजीए टूर के लिए क्वालीफाई किया। थॉमस 'कोर्न फेरी टूर' पर कम से कम 12 मुकाबलों में चुनौती पेश करेंगे।

**क्रिकेट** | केन विलियम्सन ने खेली 156 रनों की पारी, लगाया करियर का 33वां टेस्ट शतक

# न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को दिया 658 रन का लक्ष्य

**एजेंसी, हैमिल्टन**




केन विलियम्सन के 156 रन की मदद से न्यूजीलैंड ने 657 रन की विशाल बढ़त बनाने के बाद इंग्लैंड के दोनों सलामी बल्लेबाजों को सस्ते में आउट करके तीसरे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन अपनी स्थिति काफी मजबूत कर ली।

इंग्लैंड को एक और झटका लगा जब कप्तान बेन स्टोक्स हैमस्ट्रिंग चोट के फिर उभरने से मैदान से चले गए। विलियम्सन ने अपने करियर का 33वां और सेडोन पार्क पर 7वां शतक लगाया। अपने घरेलू मैदान पर यह उनका लगातार 5वां शतक था।

न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में 453 रन बनाए जबकि पहली पारी में उसके पास 204 रन की बढत थी। इंग्लैंड ने पांच ओवर खेलकर 2 विकेट 18 रन पर गंवा दिए। टिम साउदी ने बेन डकेट (चार) को दूसरे ओवर में आउट किया। वहीं जैक क्रली (पांच) को सीरीज में छठी बार मैट हेनरी ने पैवेलियन भेजा। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने पर जैकब बेथेल नौ रन बनाकर खेल रहे थे जबकि जो रूट ने अभी खाता नहीं खोला है। स्टोक्स अपने 13वें ओवर की दूसरी गेंद फेंक रहे थे जब फॉलोथ्रू में उनके बायें पैर में हैमस्ट्रिंग चोट लग गई।

वह चेहरे को हाथों से छिपाकर मैदान से चले गए। उन्हें अगस्त में द हंड्रेड सीरीज में खेलते हुए बाएं हैमस्ट्रिंग में गंभीर चोट लगी थी और बैसाखियों के सहारे मैदान से जाना पड़ा था। वह श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज और पाकिस्तान के खिलाफ पहला टेस्ट भी नहीं खेल पाये थे।

विलियम्सन ने रचिन रविंद्र (44) के साथ 107 और डेरिल मिचेल (60) के साथ 92 रन की साझेदारी की। उन्होंने 137 गेंद में 14 चौकों और एक छक्के के साथ शतक और 196 गेंद में 150 रन पूरे किए। तीसरे दिन पहले सत्र में बारिश के कारण खेल नहीं हो सका था।

# ईपीएल : मैनचेस्टर यूनाइटेड ने मैनचेस्टर सिटी को दी पटकनी

**एजेंसी, मैनचेस्टर**



मैनचेस्टर यूनाइटेड ने अमाद डायलो ने 90वें मिनट में दागे गोल की मदद से जोरदार वापसी करते हुए इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) में मैनचेस्टर सिटी को 2-1 से हरा दिया। चार बार की गत विजेता सिटी ने इतिहाद स्टेडियम में खेले गए मैनचेस्टर डर्बी में 88वें मिनट तक 1-0 की बढ़त बनाए रखी थी लेकिन ब्रूनो फर्नांडीस ने पेनल्टी पर बराबरी का गोल करके मैच का रुख बदल दिया।

इसके बाद डायलो ने विजयी गोल दागकर यूनाइटेड की जीत सुनिश्चित की। सिटी की पिछले 11 मैच में यह 8वीं हार है। इस जीत के बावजूद यूनाइटेड की टीम 22 अंक के साथ 13वें जबकि सिटी की टीम 27 अंक के साथ पांचवें स्थान पर है।

दूसरे स्थान पर रहे चेल्सी ने ब्रेंटफोर्ड के खिलाफ 2-1 की जीत के बाद शीर्ष पर चल रहे लीवरपूल से अंकों के अंतर को दो तक सीमित कर दिया है। लीवरपूल के 36 अंक हैं। चेल्सी तीसरे स्थान पर मौजूद आर्सेनल से चार अंक आगे है।